बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-248, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल 17
बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी 18

## एक नजर

### आतंकियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड की मौत

**जम्मू।** उधमपुर जिले के एक दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के एक सदस्य की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ करके यहां आये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के पनारा गांव में पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल की संदिग्ध आतंकवादियों से सुबह करीब पौने आठ बजे मुठभेड़ हुई।

### गंगा में डूबे पर्यटक युवक-युवती लापता

**देहरादून।** नोएडा से ऋषिकेश घूमने पहुंचा आठ दोस्तों का दल गंगा में नहाते समय हादसे का शिकार हो गया। तीन लोग तेज बहाव में फंस गए। एक को तो किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन एक युवक और युवती तेज बहाव में बह गए। घटना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला क्षेत्र की है। एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार दोनों की तलाश करती रहीं, लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला। लक्ष्मण झूला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि नोएडा से आठ लोगों का ग्रुप ऋषिकेश घूमने आया था। ये सभी लोग लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाने गए थे। तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवती नेहा (29 वर्ष) पुत्री शिवदत्त निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश और साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौड़ सिटी नोएडा उत्तर प्रदेश डूब गए।

### कोर्ट परिसर में प्रतिमाएं लगाने का अनुरोध किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत के परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति और प्रथम प्रधान न्यायाधीश की प्रतिमाएं लगाने के संगठन के अनुरोध पर विचार करने का आग्रह किया है। एससीबीए के सचिव रोहित पांडे ने कहा कि 26 अप्रैल को लिखा गया पत्र वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के संज्ञान में प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और प्रथम न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच जे कानिया की प्रतिमाएं स्थापित करने के प्रस्ताव को लाने के लिए है। पत्र में कहा गया ये प्रतिमाएं दोनों प्रतिष्ठित हस्तियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में काम करेंगी और इन्हें गेट सी तथा डी के पास स्थापित करने का प्रस्ताव है।

# जब तक लोगों को जरूरत आरक्षण जारी रहना चाहिए : मोहन भागवत

**हैदराबाद, एजेंसी**



- विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख ने किया आरक्षण का समर्थन

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।

संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है।

उन्होंने कहा संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से जो नहीं हुआ, उसे भी दिखाया जा सकता है।

आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बीच भागवत ने आरक्षण के समर्थन में टिप्पणी की है। वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी।

**तीरंदाजी विश्व कप में 14 साल बाद ऐतिहासिक जीत की हासिल**

# भारतीय पुरुष टीम ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

**शंघाई, एजेंसी**

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की।

यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। धीरज, तरूणदीप



तीरंदाजी में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले धीरज, तरुणदीप और प्रवीण।

और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया।

सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया।

- महिला रिकर्व के फाइनल में दीपिका कुमारी को रजत पदक

# ट्रक की टक्कर से बस के परखच्चे उड़े आठ यात्रियों की मौत, 22 घायल

## उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हुआ हादसा, सीएम ने हादसे पर जताया दुख

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार :** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रविवार दोपहर बाद तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस में आमने-सामने टक्कर होने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 22 यात्री घायल हो गए।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस के एक हिस्से के परखच्चे उड़ गए। 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल व 13 को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद एसपी, एसडीएम, सीओ व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डीएम गौरांग राठी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। हादसे का सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लेते हुए घायलों के इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को दिए हैं।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्नाव से आ रही



हादसे में क्षतिग्रस्त बस और मौके पर खड़े लोग। ● अमृत विचार

निजी बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। राहगीरों और आस-पास के ग्रामीणों ने राहत और बचाव शुरू करके पुलिस को सूचना दी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह, एसडीएम नवीन चंद्र व सीओ भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस व निजी साधनों से सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने आठ यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में दो की शिनाख्त नहीं हो सकी।

घायल मेहताब, हसनैन, तरन्नुम, पुत्तन सहित नौ गंभीर को कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। घायल मोनू, अजय, अन्नू, रामकृष्ण शुक्ला, अनीश, नरेंद्र पाल, गीता, वंदना, सोनू, परवीन, सुकेश, दीपक, अजय गुप्ता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा करने वाले ट्रक और चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। एसपी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

- उन्नाव से बांगरमऊ जा रही थी बस मृतकों में दो की शिनाख्त नहीं
- 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया

### मृतकों के नाम-पता

आशाराम (57) निवासी गांव सिखरावा थाना टड़ियावां हरदोई, इर्तजा खान (70) निवासी सैय्यदवाड़ा सफीपुर, सुशीला (45) निवासी मंगल बाजार सफीपुर, रुकैया बेगम (30) निवासी मछरिया नौबस्ता कानपुर, हरिनारायण (48) निवासी आदर्श नगर सदर कोतवाली उन्नाव, लालजी (47) निवासी दारापुर फतेहपुर चौरासी।

# कल्याण सिंह के निधन पर चुप्पी, माफिया की मौत पर सपा नेता पहुंचे आंसू बहाने

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को आंवला में राम मंदिर के मुद्दे पर सपा-बसपा और कांग्रेस को घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए तीनों दल दावा करते थे कि राम हुए ही नहीं। सपा चेतावनी देती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। श्रीराम जन्मभूमि के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सपा नेताओं के मुंह से संवेदना का एक शब्द नहीं निकला लेकिन माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए फातिहा पढ़ने पहुंच गए। ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत यहां के तीर्थ स्थलों और संतो को नमन के साथ की। कहा, सत्ता के लिए विरोधी दल ऐसे तड़प रहे हैं जैसे पानी के बिना मछली तड़पती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती देश में आजादी के फौरन बाद अयोध्या में रामजन्म भूमि की भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता था लेकिन हमारे आराध्य को खुद की भूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े।



- आंवला में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा-घोषणापत्र से मंशा उजागर, फिर दंगे की आग में झोंकना चाहते हैं देश और प्रदेश को

### व्यापारी-बेटी को तबाह करने वाले मांग रहे जान की भीख

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और दंगाइयों को गले का हार बनाकर ये लोग घूमते थे लेकिन जो माफिया कल तक सत्ता की सरपरस्ती में व्यापारी, बेटी और आम जनता को तबाह करता था वह आज भाजपा की सरकार में गले में तख्ती लटकाकर घूम रहा है। जान की भीख मांगते हुए कह रहा बस एक बार जान बख्श दो।

अंततः अयोध्या में राम मंदिर बना लेकिन क्या सपा, बसपा और कांग्रेस वाले मंदिर बना पाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा वाले जाति का सहारा लेते हैं, मगर टिकट परिवार के लोगों को दिए है।

# बसपा नेता आकाश आनंद पर भड़काऊ भाषण देने पर रिपोर्ट

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार :** चुनावी जनसभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद समेत 5 नामजद बसपा प्रत्याशियों व 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रविवार की दोपहर सीतापुर के राजा रघुवर दयाल मैदान में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद पहुंचे थे। जनसभा में आकाश आनंद पर सरकार और विपक्षी पार्टियों के



- जनसभा के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का लगा आरोप

खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगा है। पुलिस ने जनसभा के दौरान वीडियो को स्वतः संज्ञान लेते हुए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लोकसभा सीतापुर प्रत्याशी महेंद्र यादव, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी व लखीमपुर प्रत्याशी अनसय कालरा सहित मंच पर मौजूद 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# राम मंदिर के विरोधियों का होगा सफाया

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और अखिलेश यादव एंड कंपनी की असलियत जनता जान चुकी है।

अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने वालों और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण मिलने के बाद भी वोट बैंक के डर से बहिष्कार करने वालों का उत्तर प्रदेश से सूपड़ा साफ होगा। भाजपा यहां की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने जा रही है। अमित शाह इटावा के नुमाइश पंडाल में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर



- अमित शाह ने कहा, ये चुनाव रामभक्तों व रामभक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच
- सपा शासन में गुंडागर्दी को इटावा के लोग आज भी भूले नहीं हैं

कठेरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा कि दो चरण में अभी तक हुए 190 सीटों के चुनाव में भाजपा ने अपना शतक पूरा कर लिया है। ये चुनाव भ्रष्टाचारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई करने वालों के बीच हो रहा है। इंडी गठबंधन के सभी नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं। ये चुनाव राम भक्तों व राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच हो रहा है। लोगों से पूछा कि आप खुद तय करिए कि आप किसके साथ हैं। अखिलेश यादव, डिंपल भाभी, राहुल गांधी और उनकी माताजी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था लेकिन वे वोट बैंक के डर से नहीं गये। सपा शासन में गुंडागर्दी को इटावा के लोग आज भी भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनेगी तो मुफ्त अनाज मिलता रहेगा, लखपति दीदी बनेंगी।

# मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को किया गिरफ्तार

**महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला**

**मुंबई।** मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध में अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायालय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हें शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया। एसआईटी ने हाल में खान से इस मामले में पूछताछ की थी।

# डाक्टर-सहयोगी ने किया रोगी से सामूहिक दुष्कर्म

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- दर्द निवारक बता दिया नशा फिर दिया घटना को दिया अंजाम
- बेहोशी की हालत में पीड़िता को बाहर छोड़ा, मामला दर्ज

**अमृत विचार :** क्लीनिक संचालक और उसके साथी ने दवा लेने आयी महिला से नशा देकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में दोनों उसे सड़क पर छोड़ गये। पुलिस ने आरोपी क्लीनिक संचालक डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र के महिला ने बताया कि 25 अप्रैल को उसके पति किसी काम से बाहर गए थे। अचानक उसके पेट में दर्द हुआ तो करुला गली नंबर-आठ में डॉ. अय्यूब अली के क्लीनिक पर दवा लेने गई थी। क्लीनिक पर दो गोलियां और एक गिलास पानी देकर उससे कहा गया कि इसे खा लो तुरंत आराम मिल जाएगा। गोली खाने के बाद वह बेसुध होने लगी थी। इसी दौरान उसने देखा कि डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम क्लीनिक का गेट बंद कर रहे हैं। फिर वह लोग उसे क्लीनिक के पीछे वाले कमरे में ले गए थे। वहां उससे सामूहिक दुष्कर्म हुआ। जब उसे होश आया तो वह पेड़ के नीचे पड़ी थी। वहीं से उसने कॉल करके पति को बुलाया था और उसे आपबीती सुनाई।

# आप गठबंधन से नाराज दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और इसकी एक वजह आप से गठबंधन को बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष को शनिवार को भेजे इस्तीफे में कहा कि वह खुद को लाचार महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया रोक लगा देते थे। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

- एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने भी कुछ दिन पहले पार्टी से दे चुके इस्तीफा
- अरविंदर सिंह लवली ने गठबंधन का किया था विरोध



### भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी है आप पार्टी : लवली

लवली ने कहा कि पार्टी के हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए कि अन्य वरिष्ठ नेताओं को टिकट मिल सके, लोकसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम तक वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस इकाई ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी...पार्टी के आधे कैबिनेट मंत्री अभी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं।

**गड़बड़झाला** | 364 पंचायत में ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर का नहीं हुआ इस्तेमाल

# 66 जिलों में बाहरी कम्प्यूटर से 5 .64 करोड़ का भुगतान

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों पर हुए कार्य और भुगतान की निदेशालय ने समीक्षा की तो 66 जिलों की 364 ग्राम पंचायत में 1 से 31 मार्च तक नियमविरुद्ध 5.64 करोड़ का भुगतान पकड़ा है। यह धनराशि पंचायतों पर संचालित ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर से भुगतान करने के बजाय बाहर से डोंगल लगाकर की गई। इस तरह से कुल 1135 ट्रांजेक्शन गलत किए गए। जबकि शासन ने पिछले वर्ष सचिवों को ग्राम सचिवालय में बैठकर वहीं के कम्प्यूटर से कार्य

- 1 से 31 मार्च तक हुए 1135 ट्रांजेक्शन पकड़े, कार्रवाई के निर्देश



और भुगतान करने की अनिवार्यता की थी। इसके उल्लंघन करने पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने संबंधित जिलों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला परियोजना प्रबंधक, प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### लखीमपुर, बदायूं समेत 10 जिले में ज्यादा भुगतान

लखीमपुर खीरी की 27 ग्राम पंचायत पर 34 .90 लाख, बदायूं की 26 पंचायत पर 47 लाख, आजमगढ़ की 29 पंचायत पर 42 .95 लाख, प्रयागराज की 23 पंचायत पर 38 .59 लाख, सीतापुर की 14 पंचायत पर 33 .66 लाख, अलीगढ़ की 12 पंचायत पर 30 .22 लाख, गोरखपुर की नौ पंचायत पर 17 .74 लाख, बलिया की आठ पंचायत पर 15 .77 लाख, अमेठी की 11 पंचायत पर 13 .72 लाख व मिर्जापुर की नौ ग्राम पंचायत पर 13 .63 लाख रुपये सर्वाधिक भुगतान किया गया। संबंधित पंचायतों में पूर्व में न समीक्षा हुई न भुगतान में पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किया गया।

### गेटवे पोर्टल से पकड़ा फर्जीवाड़ा

पुरानी व्यवस्था बंद कर ग्राम निधि के भुगतान में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पिछले वर्ष गेटवे पोर्टल लागू हुआ था और ग्राम सचिवालयों के कम्प्यूटर पर अपलोड किया गया था। जबकि यह पोर्टल बाहर इस्तेमाल नहीं होता है। इस गेटवे पोर्टल से प्रधान व सचिव समेत अन्य को भुगतान डोंगल लगाकर करना होता है।

### ये जिले शामिल

लखनऊ 9,535, बरेली 87,326, बस्ती 1 .11 लाख, बांदा 1 .95 लाख, फर्रुखाबाद 2 .42 लाख, औरैया 2 .74 लाख, कन्नौज 3 .12 लाख, पीलीभीत 3 .28 लाख, बहराइच 3 .64 लाख, हरदोई 3 .96 लाख, फतेहपुर 4 लाख, शाहजहांपुर 4 .14 लाख, सहारनपुर 5 लाख, मुरादाबाद 5 .73 लाख, उन्नाव 6 .37 लाख, हाथरस 6 .66 लाख, जालौन 7 लाख, कानपुर नगर 7 .33 लाख, इटावा 7 .84 लाख, महाराजगंज 9 .95 लाख, बाराबंकी 9 .99 लाख, भदोही 10 .74 लाख, कुशीनगर 10 .64 लाख, देवरिया 12 .48 लाख रुपये।

कानपुर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024
www.amritvichar.com
अमृत विचार
# आईपीएल




## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
दोपहर 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 09 | 385 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

# मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गए ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस 'पावर हिटर' ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है।



केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाए। केकेआर के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

## सैमसन में विश्व कप के लिए मजबूत किया दावा : स्मिथ



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किए हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

स्मिथ ने कहा कि राहुल और सैमसन साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे दीपक हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गए।



## तीरंदाज दीपिका को रिकर्व स्पर्धा में मिला रजत

**शंघाई।** तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारत की दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया। पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक - टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे। ली वू सियोक दक्षिण कोरियाई टीम के तीसरे तीरंदाज थे।

## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में

**चेंगदू।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। चीन के चेंगदू में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

### कर्स्टन और गिलेस्पी बने पाकिस्तानी टीम के कोच

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किए अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में सेवाओं को जारी रखेंगे। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने घोषणा करते हुए कहा हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनके रिकॉर्ड शानदार रहा है।

### बैच ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंचे सेंथिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा। सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था।

### सरकार ने गुकेश को दिया 75 लाख का नकद पुरस्कार



चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रूपये दिये थे।

### इस आईपीएल में बल्लेबाजों ने प्रगति की : क्लूसनर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच लांस क्लूसनर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीमों के लगातार बड़े स्कोर बनाने के लिए बल्लेबाजों की तेजी से हुई प्रगति को श्रेय दिया जो मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं। इस आईपीएल में टीमें 200 और 250 रन का स्कोर आसानी से बना ले रही हैं और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर का मानना है कि गेंदबाजों का अंतिम ओवरों में साधारण प्रदर्शन भी बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में मदद कर रहा है। क्लूसनर ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी प्रदर्शन को देखो तो मुझे लगता है कि यह बहुत निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी नहीं हुई। काफी साधारण गेंदबाजी हुई है और इन दिनों बल्लेबाज इतना अच्छा कर रहे हैं, वे मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाइटंस को नौ विकेट से हराया, विल जैक्स ने जड़ा तेज तर्रार नाबाद शतक, कोहली ने खेली 74 रनों की पारी

# जैक्स-विराट की बारिश में धुला गुजरात




अहमदाबाद, एजेंसी

- **गुजरात टाइटंस की ओर से साई सुदर्शन ने 49 गेंद में बनाए नाबाद 84 रन**

विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आए विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद 100 रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।

इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गए। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाए।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

**गुजरात 200/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा का कर्ण बो स्वप्निल | 5 | 4 | 1/0 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल | 16 | 19 | 1/0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 8/4 |
| शाहरुख खान बो सिराज | 58 | 30 | 3/5 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0

**बेंगलुरु 206/1** — 16 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 6/3 |
| डुप्लेसी का स्थानाप्पन (शंकर) बो साई | 24 | 12 | 1/3 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 5/10 |

**गेंदबाजी :** वि उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## भारतीय महिला टीम ने 45 रनों से बंगलादेश को हराया

सिलहट, एजेंसी

पहला टी-20 मुकाबला



यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी।

इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

## धर्मशाला मैच की टिकट को लेकर अनिश्चितता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल के दो मैचों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ लोग निराश भी हो रहे। गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम मे पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। सस्ते वाले टिकट को 500 रुपये महंगा कर दिया गया है। स्टैंडों के दाम, वेस्ट स्टैंड-3 में 2,000, ईस्ट स्टैंड-1 2,000, वेस्ट स्टैंड-2 2,500, पवेलियन टैरेस 12,500 रुपये तथा क्लब लॉज के टिकट 20,000 रुपये में मिल रहे हैं।

# शतक से चुके कप्तान ऋतुराज सीएसके का आंकड़ा 200 पार



रहाणे का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते भुवनेश्वर कुमार ● एजेंसी




- **चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को दिया 213 रनों का लक्ष्य**

चेन्नई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में अजिंक्य रहाणे (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट लिये 107 रनों की साझेदारी की। 14वें ओवर में जयदेव उनादकट ने डैरिल मिचले को नीतिश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। मिचले ने 32 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 98 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे 20 गेंदों में चार छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 39 रन और एमएस धोनी (5) रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 212 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार और जयदेव उनादकट ने एक-एक विकेट लिया।

**चेन्नई 212/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहाणे कैच शाहबाज बोल्ड भुवनेश्वर | 9 | 12 | 1/0 |
| ऋतुराज कैच नितीश बोल्ड नटराजन | 98 | 54 | 10/3 |
| डैरिल मिचेल कैच नितीश बोल्ड उनादकट | 52 | 32 | 7/1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 39 | 20 | 1/4 |
| एमएस धोनी नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-1, नितीश 1-0-8-0, शाहबाज अहमद 3-0-33-0, नटराजन 4-0-43-1, उनादकट 4-0-38-1, कमिंस 4-0-49-0

## मेस्सी के दो गोल से जीता मियामी



**मैसाचुसेट्स (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई। मेस्सी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेस्सी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इंटर मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची और दिग्गज लुईस सुआरेज ने किए।

**4-1** से न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को घरेलू मैदान पर इंटर मियामी सीएफ ने हराया



## कीनिया के मवानिकी और कसाइत टीसीएस विश्व 10के दौड़ में अव्वल

**बेंगलुरु।** कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन कसाइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वोनी (28:33) दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के हागोस आइओब (28:39) ने तीसरा स्थान हासिल कर प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में कसाइत एक समय आइरीन चैप्टाई (30:35) के इस स्पर्धा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रही थी लेकिन वह आखिरी क्षणों में अपनी गति गवां बैठी। उन्होंने 30:56 मिनट के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्युलेट अचोल (31:17) और लेमलेम हैलु (31:23) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मवानिकी और कसाइत दोनों को पुरस्कार के तौर पर 26000 डॉलर (लगभग 21.38 लाख रुपये) की राशि मिली भारतीय एलीट एथलीटों की दौड़ में किरण मात्रे ने पहला स्थान हासिल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पिता-पुत्र को पीटा, नौ पर केस दर्ज

**पुखरायां।** छतेनी गांव निवासी एक व्यक्ति ने नौ लोगों के विरुद्ध उसके साथ घर में घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के छतेनी गांव निवासी इदरीश ने पुलिस को बताया कि बीती 12 अप्रैल को मो. आबिद, दिलशाद, गुलशाद, रियाज, गुलाम नबी, जुलेखा, रेश्मा, खुशबू, सबीना निवासीगण गौर उसके घर में घुस आए और लाठी डंडे से उस पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए उसके पुत्र जावेद, पत्नी सज्जो, पुत्री कुरैशा को भी उक्त लोगों ने बुरी तरह मारा-पीटा। जिसमें वह और उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने उपचार के लिए देवीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

### 40 लीटर शराब समेत युवक गिरफ्तार

**पुखरायां।** देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी गदाईखेड़ा गांव के समीप सामने से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे रोककर उसके पास मौजूद पिपिया की तलाशी ली गई तो उसमें 40 लीटर शराब बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम राजकुमार निवासी गदाईखेड़ा बताया है।

### पुलिस ने 960 अराजकतत्वों को किया पाबंद

**राजपुर।** सटटी पुलिस ने 40 दिनों के अंदर 960 लोगों को पाबंद किया। जबकि आपराधिक घटनाओं में शामिल नौ लोगों पर गुंडा व मिनी गुंडा समेत नौ को जिला बदर किया गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका पर 15 मार्च से 27 अप्रैल के बीच पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस अपराधी प्रवृति के लोगों पर नजर बनाए हुए है। अब तक क्षेत्र के 960 लोगों को शांति भंग में पाबंद किया गया है। अफसरिया की मडैय्या निवासी कुंवर सिंह, संतोष, बबलू, संतोष, पप्पू व राजू के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट व क्षेत्र के तीन लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई के साथ ही आपराधिक घटनाओं में शामिल नौ लोगों को जिला बदर किया गया है।

# औरैया की महिला का बोरी में मिला शव

## यूकेलिप्टस के बाग में पड़ी थी बोरी, घंटों बाद हुई शिनाख्त, दो आरोपियों को एसओजी की टीम ने उठाया

संवाददाता सिकंदरा, कानपुर देहात



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व साक्ष्य जुटाती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमराहट थाना क्षेत्र के डेरा मार्ग पर यूकेलिप्टस बाग में प्लास्टिक की बोरी में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका का शरीर बेडशीट से बंधा हुआ था। इससे अंदाजा लगाया गया कि उसकी कहीं और हत्या कर शव लाकर फेंक गया है। मौके पर पहुंचे एएसपी ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

अमराहट कैनाल पंप जाने वाले मार्ग पर पूर्व प्रधान बच्चन सिंह के यूकेलिप्टस के बाग में रविवार की सुबह प्लास्टिक की सफेद बोरी में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। जिससे मौके पर भीड़ लग गई। वहा से निकल रहे एक युवक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी पर सीओ संजय वर्मा व थाना प्रभारी जीतमल मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। मृतका काला व पीले रंग का सलवार सूट पहने थी। उसके दाहिने हाथ में अंग्रेजी में राहुल व बाएं हाथ की ऊंगली में आर लिखा था। साथ ही गले में मंगलसूत्र पड़ा था। शव को बेडशीट से बांधा गया था। मौके पर पहुंचे एएसपी राजेश पांडेय ने भी छानबीन की और शिनाख्त के निर्देश दिए। जिसपर अमराहट पुलिस ने मृतका का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए लोगों से शिनाख्त की अपील की। घंटों बाद मृतका की पहचान जनपद औरैया के पढ़ीनदरवाजा निवासी पूजा बाथम (30) के रूप में हुई।

### अपराधियों का सेफ जोन बन रहा बीहड़ का रास्ता

प्लास्टिक की बोरी में महिला का शव जिस रास्ते में पड़ा मिला। वह रास्ता अमराहाट कैनाल को जाता है। बीहड़ पट्टी होने से वह रोड सुनसान रहती है। कुछ माह पूर्व एक युवक की हत्या कर नहर में फेंक दिया गया था। इसके बाद रविवार को भी महिला का शव इसी रास्ते पर पड़ा मिला। ग्रामीणों की मानें तो पुलिस की गश्त न होने के चलते यह क्षेत्र वारदातों के लिए मुफीद साबित हो रहा है।

**वहीं औरैया ब्यूरो के अनुसार** कानपुर देहात के अमराहट थाना क्षेत्र में मिले शव की पहचान मोहल्ला पढ़ीनदरवाजा निवासी पूजा बाथम (30) पुत्री कल्लू बाथम के रूप में की गई। मृतका पूजा के भाई रोहित व अमित, बहन आरती व मां शांतिदेवी के साथ कुछ महिलाएं रविवार दोपहर सदर कोतवाली पहुंची और बताया कि अमराहट में मिला महिला का शव पूजा का है। चार साल पहले पूजा मोहल्ला निवासी राहुल बाल्मीकि के साथ चली गई थी और शहर के मोहल्ला दयालपुर में रह रही थी। चार दिन पहले वह परिजनों के मोबाइल पर फोन कर कह रही थी कि उसकी जान को खतरा है। दो लोग उसे जान से मारना चाहते हैं। इसी बीच रविवार को सोशल मीडिया पर पूजा के मरने की फोटो देखी। जिसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचे हैं।

वहीं परजिनों ने दो लोगों के नाम भी परिजनों ने बताए हैं। सूत्रों की माने तो एसओजी टीम ने दो आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया है। कानपुर देहात पुलिस इस मामले की छानबीन में जुटी है। सदर कोतवाल भूपेंद्र राठी ने बताया कि कानपुर देहात में शव मिला है। वहां की पुलिस जांच कर रही है।

# आग से तीन किसानों की गेहूं की फसल व अवशेष जले

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सुमगड़ा गांव में अचानक आग लगने से दो किसानों की साढ़े तीन बीघा गेहूं फसल व एक किसान के फसल अवशेष राख हो गए। पुलिस व ग्रामीणों ने आग बुझाई। वहीं घंटों दमकल के न पहुंचने से लोगों में आक्रोश दिखाई दिया।

सुमगड़ा गांव के पास रविवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे किसान रामचंद्र की दो बीघा व जरिहा निवासी रामपाल की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जबकि कौरू निवासी किसान लालजी कटियार के खेत में पड़े फसल के अवशेष जल गए। आग लगने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाई। जबकि घंटों बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस बावत एसडीएम सिकंदरा शिखा शंखवार ने बताया कि आग लगने से गेहूं फसल जलने की सूचना मिली है।

### आग से गेहूं के बारह गट्ठे जलकर राख

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के गदाईपुर निवासी मनमोहन के खेत में अचानक आग लग गई। जानकारी पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चालू किया और पानी डालकर आग पर काबू पाया। साथ ही तहसील प्रशासन व पुलिस को सूचना दी। किसान मनमोहन यादव ने बताया कि किसी ने खेत में बीड़ी जलाकर डाल दी। संभावना है कि उसी से लगी आग से गेहूं के बारह गट्ठे जलकर राख हो गए। तहसीलदार सुभाष चंद्र ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को नुकसान का आंकलन करने के लिए भेजा गया है। मंडी समिति से राहत दिलाई जाएगी।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

- शिवली-रूरा मार्ग पर देर रात हुआ हादसा, मचा कोहराम



रोहित।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कारी गांव के पास रात में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

शनिवार की रात लुखड़दौरा निवासी सेवानिवृत्त फौजी बालेंद्र पाल का पुत्र रोहित (25) अपनी बाइक में पेट्रोल डलवा कर वापस घर जा रहा था। उसी दौरान गांव से कुछ दूर पहले शिवली-रूरा मार्ग पर प्रेमा धाम के सामने दूसरी बाइक से आ रहे तुर्कीमऊ मूसानगर निवासी अर्पित व निखिल की बाइक आपस में टकरा गईं। जिससे दोनों बाइकों पर सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सीएचसी रूरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. जयवर्धन ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी रीना, मां उर्मिला, भाई कुलदीप, मोनू आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कोयला लदी मालगाड़ी में आग लगने से मचा हड़कंप

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

- दमकल ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू
- धनबाद से झज्झर जा रही थी मालगाड़ी

**अमृत विचार।** अलियापुर गांव के समीप डीएफसी के न्यू भाउपुर जंक्शन स्टेशन पर झज्झर जा रही एक कोयला लदी मालगाड़ी में अचानक आग लग गई। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर ने ट्रेन को रुकवाया और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली और कुछ समय बाद उसे आगे रवाना किया गया।

रविवार की दोपहर करीब 12.10 बजे डीएफसी लाइन पर धनबाद से झज्झर जा रही मालगाड़ी की बोगी में अचानक लगी आग देखकर हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने न्यू भाऊपुर जंक्शन के स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जिसपर मालगाड़ी को स्टेशन पर रोका गया और दमकल को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। न्यू भाऊपुर जंक्शन के स्टेशन मास्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि मालगाड़ी के इक्कीसवें वैगन में लदे कोयले में आग लग गई थी। करीब तीन घंटे में दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। जिसके बाद ट्रेन को 15.45 बजे आगे की ओर रवाना कर दिया गया।



कोयला लदी मालगाड़ी में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

## नार्थ-ईस्ट की एसी बोगी से उठा धुआं

**रूरा।** अंबियापुर स्टेशन पर नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के ब्रेक-शू से अचानक धुआं उठने लगा। रेल कर्मियों ने खामी को दूर किया। इस दौरान ट्रेन अंबियापुर स्टेशन करीब एक घंटा 48 मिनट तक खड़ी रही।

रविवार को नई दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही डाउन की नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस की बोगी संख्या 232226 प्रथम वातानुकूलित के ब्रेक शू में अंबियापुर स्टेशन के समीप अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। जिस पर ट्रेन को दोपहर 02:22 बजे अंबियापुर स्टेशन पर खड़ा करा दिया गया। स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने ब्रेक शू से धुआं उठने के बाबत जांच पड़ताल की। इसके बाद खामी को दुरुस्त किया। इस बावत पीआरओ डीआरएम प्रयागराज अमित सिंह ने बताया कि नार्थ-ईस्ट एक्सप्रेस की बोगी में तकनीकी खराबी आई थी। जिस कारण अचानक ब्रेक शू जाम हो गया और धुंआ उठने लगा। जिसे सही कर ट्रेन को 4:10 बजे आगे की ओर रवाना कर दिया गया। ट्रेन के करीब पौने दो घंटे से अधिक खड़े रहने के कारण सवार यात्रियों को परेशानी हुई।




इसी बोगी के ब्रेक शू हुए थे जाम।

# आधार से सीडेड कराएं खाता

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों के अभिभावकों के लिए जरूरी खबर है। अगर उनका बैंक खाता आधार से सीडेड नहीं है तो बच्चे को डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा। अभिभावकों को समय दिया गया है कि वह 15 दिन के अंदर बैंक जाकर चेक करवाते हुए सीडेड करवा दें।

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों को प्रत्येक साल डीबीटी का लाभ दिया जाता है। प्रति नौनिहाल 1200 रुपये का बजट दिया जाता है। इससे वह जूते-मोजे, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग व स्टेशनरी खरीदते हैं। यह रकम सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जाती है। चालू शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कवायद शुरू हो गई है। नया सत्र शुरू हुए 28 दिन बीत गए हैं। पहले चरण में इनको लाभांवित करने की कवायद तेज हो गई है। पिछले साल कई नौनिहाल इससे वंचित रह गए थे। जिसका कारण था कि अभिभावकों के खाते आधार से सीडेड नहीं थे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि अभिभावकों को बैंक खाते को आधार से सीडेड करवाने के लिए 15 दिन का समय दिया है। तभी उन्हें योजना का लाभ मिल सकेगा।

### अभिभावक पहले चेक कर लें डाटा

नौनिहालों को डीबीटी का लाभ देने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले साल के नौनिहालों का डाटा अपडेट कर दिया गया है। अगर इस डाटा में कोई गड़बड़ी होती है तो बच्चे इससे वंचित होंगे। इसलिए अभिभावक स्कूल से संपर्क कर अपने बच्चे का डाटा चेक कर लें। अगर कोई दिक्कत है तो उसे प्रधानाध्यापक संशोधित कराएंगे। इसके बाद बीईओ के माध्यम से यह बीएसए के पास डाटा पहुंच जाएगा।

### बीआरसी से निःशुल्क बनवाएं आधार कार्ड

कक्षा एक में दाखिला लेने वाले बच्चों के पास अभी आधार कार्ड नहीं होगा। साथ ही अगर बच्चे अपने डाटा में कोई संशोधन करवाना चाहते हैं तो उनके लिए समय है। बीआरसी के माध्यम से वह अपना आधार कार्ड बनवा सकते हैं। प्रत्येक बीआरसी पर इसकी सुविधा मौजूद है। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## शिक्षक नेताओं को बैठकों में बायोमेट्रिक उपस्थिति से मिलेगी राहत

**कानपुर देहात।** सरकारी विभागों के मान्यता प्राप्त शिक्षक संघों के पदाधिकारियों को शासन, विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष, मंडलायुक्त व डीएम के स्तर से उनकी मांगों के निराकरण के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होना होता है। इसे देखते हुए कर्मचारी संगठनों की ओर से इस तरह की बैठकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति से छूट देने की मांग की गई थी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शासन के निर्देश का हवाला देते हुए संघ के पदाधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति से छूट दिए जाने के निर्देश दिए हैं। इससे शिक्षकों और शिक्षक नेतओं में हर्ष की लहर है।

# मॉडल तालाबों में भी नहीं है पानी, उड़ रही धूल

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** गर्मी के आते ही तालाबों में पानी न होने से धूल उड़ती नजर आ रही है। जिससे पशु-पक्षियों के सामने प्यास बुझाने का संकट बना हुआ है। वहीं जिम्मेदारों ने भी तालाब भराने की कोई कवायद शुरू नहीं की है।

रूरा क्षेत्र में कई मॉडल तालाब शासन के मंशा के अनुरूप बनाए गए हैं। जहां हकीकत में देखा जाए तो अधिकतर तालाब सूखे दिखाई पड़ रहे है। जिन तालाबों में पानी दिखना चाहिए वहां धूल उड़ती नजर आ रही है। कुछ इसी तरह का हाल मड़ौली गांव में उत्कर्ष परियोजना के तहत सरकार द्वारा बनवाए गए मॉडल तालाब की है। लाखों रुपये की लागत से बनवाए गए तालाब में इतनी विकराल गर्मी के बाद भी पानी नहीं है, जिसके चलते पशु-पक्षियों के सामने पीने के पानी की विकराल समस्या है। तपती धूप में जब पशु-पक्षी तालाब का रुख करते हैं तो सूखे तालाब देखकर मायूस हो जाते है। वहीं तालाब सूखे होने से पशुपालकों को समस्या हो रही है। लोगों का कहना है कि तालाब में पानी होने से वह मवेशियों को पानी पिलाने व नहलाने के लिये ले जाते थे। गर्मी में पशु तालाब के पानी में घुसकर ठंड का अहसास करते थे, लेकिन पानी न होने से मवेशियों को पीने का पानी हैंडपंप से लाना पड़ता है। लोगों ने बताया कि अप्रैल माह का आखिरी सप्ताह चल रहा है, लेकिन ब्लाक से लेकर जिलेस्तर के अधिकारी गांवों में सूखे तालाब भराए जाने को लेकर संजीदा नहीं है। जिससे दिक्कत बनी हुई है।



मड़ौली गांव के मॉडल तालाब में उड़ती धूल। अमृत विचार




मड़ौली में मॉडल तालाब का लगा बोर्ड।

- पशु-पक्षियों के सामने पानी का संकट, जिम्मेदार बेखबर

स्वास्थ्य | जिले की 28 पीएचसी में आरोग्य मेले का हुआ आयोजन, अफसर लेते रहे जायजा

# आरोग्य मेले में रही बुखार-उल्टी व त्वचा के मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। बढ़ते तापमान के चलते बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रविवार को आरोग्य मेले में सवा तीन सौ से अधिक बुखार, त्वचा व उल्टी-दस्त के मरीजों का उपचार किया गया।

अप्रैल मध्य से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। हालत यह है कि दोपहर के समय अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जिसके चलते लोगों ने घरों में एसी, कूलर आदि का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है और बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अकबरपुर सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि दोपहर के समय तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक चला जाता है। ऐसे में लोग घर से निकलते समय लापरवाही करते हैं। शरीर पर सूर्य की सीधी किरणें पड़ने से त्वचा झुलसने लगती है। ऐसे में बचाव करना जरूरी है। लोग बाहर निकलते समय पूरे शरीर को ढककर ही निकलें और सूर्य की सीधी रोशनी से बचाव करने के लिए छाता, अंगौछा आदि का प्रयोग करें। वहीं बदलते मौसम में खानपान भी संतुलित न होने के कारण बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। लोग ज्यादा तली-भुनी व बाजार की खुली सामग्री खाने से बचें। शरीर में पानी की कमीं न होनें दें और नीबू शिकंजी, ग्लूकोज आदि मिलकर पिएं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करें। वहीं आरोग्य मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसीएमओ डॉ. एसएल वर्मा ने सीएचसी अकबरपुर व पीएचसी रनियां का औचक निरीक्षण किया। वहीं डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके सिंह ने सीएचसी सिकंदरा व पीएचसी रसधान का जायजा लिया। एसीएमओ ने बताया कि रविवार को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के 87, उल्टी-दस्त के 93 व त्वचा रोग के 146 समेत अन्य समस्याओं से पीड़ित कुल 1210 मरीजों का उपचार किया गया है। साथ ही 41 मरीजों की मलेरिया व चार की डेंगू जांच की गई।



आरोग्य मेले में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार



महिला की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में जांची गई लोगों की सेहत

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र के जैनपुर स्थित गुरु कृपा एजूकेशन सेंटर में जेएल रोहतगी हॉस्पिटल व मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल सर्वोदय नगर कानपुर के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने चिकित्सकों को समस्या बताकर परामर्श लिया। अधिकांश मरीज नाक, कान, गला, मधुमेह आदि के रहे। चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर सावधानी बरतने की सलाह दी। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर अशोक सिंह परिहार, प्रबंधक मयंक सिंह परिहार एडवोकेट, प्रिंसिपल कोमल सिंह, विभा सिंह, शीलता, अंजनी, शिया, विनय, श्याम, सुरजीत यादव, सौम्या सविता, नेहा यादव, प्रिया, शिखा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट परिसर से जाएंगी पोलिंग पार्टियां

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की कलेक्ट्रेट परिसर से रवानगी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इटावा, कन्नौज व अकबरपुर निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 13 मई को तथा जालौन निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 20 मई को होना है। ऐसे में रसूलाबाद, अकबरपुर-रनियां व सिकंदरा की पोलिंग पार्टियां 12 मई को सुबह 7 बजे से ड्यूटी एवं सामग्री प्राप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर के निर्धारित डिस्पैच सेंटर से रवाना होंगी। शाम को मतदान के बाद 13 मई को अकबरपुर डिग्री कालेज में निर्धारित रिसीविंग स्थल पर शील्ड ईवीएम एवं अभिलेख जमा कराना होगा। जबकि जालौन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत भोगनीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां 19 मई को सुबह 7 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के निर्धारित स्थल से ड्यूटी एवं सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगी। 20 मई को मतदान के बाद शाम को अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में निर्धारित स्थल पर शील्ड ईवीएम एवं अभिलेख जमा करना होगा।

# चूनी-चोकर व्यापारी ने दुकान में लगाई फांसी

संवाददाता मूसानगर,कानपुर देहात



धर्मपाल सिंह।

**अमृत विचार।** कस्बे के चूनी चोकर व्यापारी ने दुकान में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शटर का लॉक काटकर शव को फंदे से उतारा। फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए।

कुम्हापुर गांव निवासी मृतक के चचेरे भाई उपेंद्र यादव ने बताया कि उनके बड़े भाई धर्मपाल सिंह यादव (45) मूसानगर कस्बे के देवयानी तालाब के पास परिवार समेत रहते हैं। उनकी मुगल रोड में मुक्ता देवी मोड़ के सामने चूनी-चोकर की दुकान है। शनिवार की शाम को दुकान से देर रात तक घर न लौटने से परिजनों को चिंता हुई। जिसपर पुत्र सौरभ ने दुकान में जाकर देखा तो शटर बंद मिला। फोन मिलाने पर मोबाइल की घंटी दुकान के तल घर के अंदर से आती सुनाई दी। तल घर अंदर से बंद होने के कारण छत में लगे जिंगले से झांककर देखा तो धर्मपाल को जिंगले से रस्सी के सहारे फंदे पर लटकते पाया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शटर में लगे सेंटर लॉक को कटर से काटकर अंदर घुस सकी और शव को फंदे से उतारा, लेकिन तब तक धर्मपाल सिंह की मौत हो चुकी थी। जानकारी पर मृतक की पत्नी रेनू देवी, पुत्री शिखा, राधा, बेटा समेत अन्य परिजन बिलखने लगे। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई की फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# 10 जगह लगी आग, दौड़ती रहीं दमकलें

## कोई जनहानि नहीं, नौ लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ, आग से मचा कोहराम, जवान भी हुए हलकान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच रविवार को मंदिर समेत 10 स्थानों पर आग लगी। इनमें नौ लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां दिनभर दौड़ती रहीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि केवल अप्रैल के 28 दिनों में 135 से ज्यादा स्थानों पर आग की घटनाएं हुई हैं। जनहानि तो नहीं हुई लेकिन 67 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

**चाय की दुकान में फटा सिलेंडर और दगा कंप्रेशर:** रेलबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत मीरपुर इलाके में रविवार दोपहर तकरीबन 12 बजे चाय की दुकान में भीषण आग लग गई। वहां रखा सिलेंडर और फ्रिज का कंप्रेशर तेज आवाज के साथ फट गया। जिससे हड़कंप मच गया। कोई घायल नहीं हुआ। मीरपुर छावनी फायर स्टेशन की दमकल गाड़ी पहुंची और पानी डालकर जलते सिलेंडर को बाहर निकाला। दुकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया।

**पार्क में लगी आग को बुझाया गया:** रविवार सुबह 10:48 पर मिनी कंट्रोल रूम को ग्वालटोली थानाक्षेत्र स्थित मर्चेंट चैंबर के सामने पार्क में आग लगने की सूचना मिली। कर्नलगंज फायर स्टेशन से एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। आग पार्क की तरफ से रोड की तरफ बढ़ रही थी।

**जंगल में लगी आग बुझाई:** नरवल थाना क्षेत्र में ग्राम बारादरी के जंगल में आग लगी। जाजमऊ से दमकल पहुंची और आग को बुझाते हुए पास ही खड़ी गेहूं की फसल को बचा लिया। इसी प्रकार महाराजपुर थानाक्षेत्र में ग्राम महुआ में घूरे में आग लगी। दमकल ने आग बुझाते हुए पास ही खड़ी गेहूं की फसल को सुरक्षित बचा लिया गया।



रेलबाजार में धू-धूकर जलती दुकान। अमृत विचार



पार्क में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

### घर के अंदर या बाहर जलती चीज न छोड़ें

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि इन दिनों दोपहर में हवा काफी तेज चल रही है। जिसकी वजह से आग जल्दी फैल रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि किसी भी तरह घर के अंदर या बाहर जलती हुई चीज न छोड़ें। बीड़ी, सिगरेट जलती हुई न फेंके। अगर कहीं आग की जानकारी मिलती है तो जल्द से जल्द फायर स्टेशन को जानकारी दें। वाहन हो या घर, वायरिंग जरूर चेक करा लें, गर्मी के समय में तार जल्दी गलकर चिपक जाते हैं और शार्ट सर्किट हो जाता है। आपकी सावधानी ही आपकी मदद कर सकती है।

### आग लगने पर यहां मिलाएं फोन

कभी भी शहर में किसी भी स्थान पर आग लगे तो घबराएं नहीं। सबसे पहले आग लगने पर लोगों को सुरक्षित निकाल कर बाहर ले जाएं। इसके बाद 101 पर फोन करके सूचना दें। नेटवर्क के कारण फोन न मिलने पर कंट्रोल रूम 9454418396 पर जानकारी दें। तुरंत दमकल आग बुझाने के लिए निकल जाएगी। यहां सुविधा 24 घंटे रहती है।

### दीपक की लौ से धू-धूकर जला मंदिर

रविवार सुबह किदवई नगर थानाक्षेत्र में उस्मानपुर महिला पॉलीटेक्निक के बगल में स्थित काली मठिया मंदिर में पूजा के दौरान दीपक से प्रांगण में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। काली मठिया मंदिर के महंत बाबा शिव रामदास ने बताया कि रविवार सुबह आरती के दौरान दीपक से मंदिर के पर्दे में आग लग गई। आग लगने से मंदिर में भक्तों में भगदड़ मच गई। कुछ ही देर में आग फैल गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले लोगों ने आग पर काबू पा लिया। वहीं दूसरी घटना किदवई के साइट नंबर वन चौराहे पर हुई। यहां कूड़े के ढेर में लगी आग ने चौराहे पर रखे ट्रांसफार्मर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे ट्रांसफार्मर और बगल में रखी रेहड़ी दुकान जल गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

### चमनगंज के फ्लैट में लगी आग

चमनगंज थानाक्षेत्र के प्रेम नगर चौराहे के पास सलीम फ्लैट में आग लगने से हड़कंप मच गया। कर्नलगंज फायर स्टेशन से पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझा दिया।

### बस चार्जिंग स्टेशन के पास जंगल में आग

चकेरी थानाक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन संजीव नगर के पास जंगल में आग लग गई। जाजमऊ से दमकल ने पहुंचकर आग को बुझा दिया। वहीं रतन अपार्टमेंट के पास झाड़ियों में भीषण आग लगी जिसे दमकल ने बुझाया। रावतपुर थानाक्षेत्र में लखनपुर हाउसिंग सोसायटी में एक खाली प्लॉट में आग लग गई।

# स्टार्टअप की सफलता नए प्रयोगों पर निर्भर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्व में हर समय नए प्रयोग हो रहे हैं इस बात को समझें युवा
- एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए विचार

**अमृत विचार।** किसी भी उद्योग और स्टार्टअप की काफी सफलता उत्पाद की मांग और नए प्रयोगों पर निर्भर होती है। आज वैश्विक स्तर पर कई नए स्टार्टअप अपना मुकाम बना चुके हैं। उनकी सफलता की कुंजी नए प्रयोग के जरिये बाजार की मांग को पहचाना रहा है। युवाओं को यह समझना चाहिए कि किसी भी स्टार्टअप या उद्योग की सफलता नए प्रयोगों पर निर्भर है। यह विचार रविवार को एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए।

संस्थान में चल रहे दो दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने युवाओं को उद्योग व नवाचार के बारे में बताया। सीएसजेएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव व सुपरहाउस एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त सचिव जावेद हाशमी व डीआरडीओ के वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र आचार्य ने विचार व्यक्त किए। कहा गया कि मौजूदा दौर में शोध हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण हो गया है। उद्योग में इसका महत्व काफी अधिक बढ़ गया है। युवाओं को अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जाने की सीख दी गई। व्यवसाय प्रबंधन, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के अलावा वैश्वीकरण, डिजिटलीकरण और अन्य परिवर्तनों से उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों का विश्लेषण किया गया। सम्मेलन में डॉ. अजहरुद्दीन, डॉ. शिवानी कपूर, डॉ. रुबी चावला, डॉ. देव सिंह, सौरभ शुक्ला, डॉ. शिशिर गुप्ता मौजूद रहे। डीन रिसर्च डॉ. वरुण शुक्ला ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।




कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

## शराब के पैसे न देने पर दुकान में लगाई आग

**कानपुर।** बर्रा छह में शराब के पैसे देने से मना करने पर नशेबाज ने हार्डवेयर संचालक की दुकान में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बर्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

बर्रा छह निवासी शीलू गुप्ता ने बताया कि 19 अप्रैल की रात मोहल्ले के अभिराज ठाकुर ने नशे में दो सौ रुपये मांगे। मना करने पर गाली गलौज कर धमकी दी।

## महिला तस्कर से पांच किलो चरस बरामद

**कानपुर।** गुडवर्क के चक्कर में रविवार को गुजैनी पुलिस का खेल सामने आया। गुजैनी पुलिस ने शनिवार दोपहर काकादेव थानाक्षेत्र के रोजगार कार्यालय के पास से चरस तस्कर महिला को गिरफ्तार किया। रविवार को पुलिस ने पांच किलो चरस की बरामदगी दिखाते हुए महिला को जेल भेज दिया।

गुजैनी पुलिस ने नवाबगंज सूर्यविहार कालोनी निवासी बदन्नो उर्फ रचना को शनिवार दोपहर काकादेव थानाक्षेत्र के जीटी रोड रोजगार कार्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। घटना को लेकर जब जानकारी करने का प्रयास किया गया तो गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने शनिवार शाम से ही सीयूजी नंबर बंद कर लिया। रविवार को महिला के पास से पांच किलो से अधिक मात्रा में चरस की बरामदगी बताते हुए थानाक्षेत्र के बर्रा आठ बसंत पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तारी दिखा दी। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि गुजैनी पुलिस ने उनको मामले की जानकारी देकर कार्रवाई की थी।

## एक नजर

### घर पर मृत मिला अधेड़

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के बी ब्लॉक में रहने वाले 44 वर्षीय मुकुल कपूर गन फैक्ट्री में संविदा पर काम करते थे। परिजनों ने बताया कि वह अवसाद में छह माह से ड्यूटी नहीं जा रहे थे। रविवार सुबह वह घर पर मृत मिले।

### करंट से युवक की मौत

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र के बनियापुरवा में रहने वाला 31 वर्षीय सनी स्वरूप नगर के एक होटल में काम करता था। शनिवार दोपहर टुल्लू पंप से पानी भर रहा था। इसी दौरान करंट उतरने से वह चिपक गया। उसे हैलट अस्पताल पहुंचाया।

### पटरी किनारे मिला शव

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में घर से निकले अधेड़ का घर के पास रेलवे ट्रैक किनारे शव मिला। परिजनों ने सिर व पैर पर चोट के निशानों को देखते हुए हत्या की आशंका जाहिर की। पुलिस जांच कर रही है। दबौली वेस्ट निवासी 50 वर्षीय सुनील अवस्थी प्राइवेट नौकरी करते थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात वह घर से निकले थे लेकिन नहीं लौटे। रविवार सुबह करीब छह बजे इलाके के लोगों ने घर के पास रेलवे ट्रैक किनारे शव मिलने की जानकारी दी। बेटे हर्षित और अर्चित का आरोप था कि उनके सिर के पीछे और पैर में चोट के निशान थे।

# मकान के विवाद में बहन को रस्सी से बांधा

कार्यालय संवाददाता,सचेंडी\कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में मकान बनवाने का विरोध करने पर दो बहनों का आपस में विवाद हो गया। एक बहन ने जान देने की धमकी दी। मकान बनवाने वाली बहन को परिवार के लोगों ने रस्सी से बांध दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सचेंडी निवासी बिटनी देवी ने पुलिस को बताया कि उनके दो लड़के रामदयाल, राजकुमार व चार लड़कियां सुशीला, राधा, सुरजा उर्फ नैना, मीरा हैं। वह सुरजा उर्फ नैना के लिए मकान निर्माण करवा रही थीं। बहन राधा ने विरोध किया। इसी बात को लेकर 26 अप्रैल को सुबह राधा और सुरजा में विवाद हो गया तो राधा ने अपने आप को चाकू मार कर आत्महत्या कर लेने की धमकी दी। जिस पर बहन सुशीला, सुरजा और सुरजा के पति हरि ने पकड़कर राधा रस्सी से बांध दिया और सचेंडी पुलिस को सूचना दे दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सचेंडी इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि राधा और सुरजा उर्फ नैना का शांति भंग में चालान किया गया है। सुशीला, सुरजा व सुरजा के पति हरि पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।



रस्सी से बंधी राधा। अमृत विचार

- बहन से मकान के विवाद में आत्महत्या की धमकी दे रही थी
- सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल, शांति भंग में चालान

## मानव संपदा पोर्टल न खुलने से शिक्षकों का तालमेल अटका

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं के पारस्परिक स्थानांतरण ग्रीष्म एवं शीत अवकाश में किए जाने के लिए शासनादेश हैं, लेकिन विवरण भरने एवं तालमेल (पेयर) बनाने के लिए अब तक पोर्टल ही नहीं खोला गया है।

पोर्टल पर तालमेल बनाने की प्रक्रिया ही जब अप्रैल के अंत तक पूरी नहीं कराई गई तो जून की छुट्टी में पारस्परिक स्थानांतरण कैसे हो जाएंगे। इतना ही नहीं 2400 शिक्षकों का अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण तालमेल बनाए जाने के बाद अब तक नहीं हो सका है। गर्मी की छुट्टी 20 मई से होने को देखते हुए अपने घर से दूर के विद्यालय में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं पोर्टल खुलने और शिक्षकों के विवरण भरने के बाद आपस में तालमेल बनाने की प्रतीक्षा में हैं। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि पोर्टल देर से खोलने पर शिक्षकों को अपना विवरण भरना होगा।

# वाहन की टक्कर से मां की मौत, दो बच्चे गंभीर

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** कानपुर से बिधूना जा रहे बाइक सवार दंपति व बच्चों को एक ढाबा के सामने वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला व बच्चों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

जनपद औरैया के थाना बिधूना के कजपुरा गांव निवासी रामवीर शर्मा रविवार की शाम पत्नी कोमल शर्मा (25), बेटा हर्षित (8) व बेटी रिआंसी (4) के साथ कानपुर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव कजपुरा जा रहे थे। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के लकी ढाबा के सामने नेशनल हाईवे पर अचानक पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे महिला व दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी सिकंदरा भेजा गया। जहां डॉक्टर संध्या यादव ने कोमल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों बच्चों का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। घटना के करीब एक घंटा बाद पहुंचे रसधान चौकी इंचार्ज ने मौके पर छानबीन की। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



कोमल।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार देवर-भाभी गंभीर

**पुखरायां।** हरदुआ ओवरब्रिज के समीप एक वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला सहित दो लोग घायल हो गए। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव निवासी अभिषेक ने बताया कि वह अपनी भाभी राखी को बाइक से लेकर पुखरायां आ रहा था। तभी हरदुआ ओवरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### नहर पटरी की सड़कें खुद बनाएगा सिंचाई विभाग

**कानपुर।** शहर में नहरों के आस-पास की सड़कों का निर्माण सिंचाई विभाग खुद करेगा। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी इन सड़कों को बनाने के लिए न प्रस्ताव तैयार कर पाएंगे और न ही इसकी निर्माण कराने की एनओसी ले सकेंगे। सिंचाई विभाग ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी को एनओसी देने पर रोक लगा दी है। शहर में सिंचाई विभाग के अंतर्गत आने वाली नहरों के आस-पास की सड़कों को अभी नगर निगम और पीडब्ल्यूडी बनवाता है। अब कानपुर प्रखंड निचली गंगा नहर के अधिशाषी अभियंता ने नगर निगम को पत्र लिखकर कहा है कि सिंचाई विभाग की नहर पटरियों पर पक्की सड़क का निर्माण और उसकी देखरेख शासन ने विभाग को ही करने के निर्देश दिये हैं। सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव व निर्माण के लिये पीडब्ल्यूडी की गाइडलाइन का उपयोग किया जायेगा। भविष्य में सिंचाई विभाग की नहर पटरियों के सड़क निर्माण, नवीनीकरण को प्रस्तावित करने से पहले सिंचाई विभाग को बताना जरूरी होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना सकरापुर, भागीरथी-जान्हवी एवं सनिगवां तक बंबा कैनाल के आस-पास की सड़कों के निर्माण के लिये एनओसी मांगी गई थी। जिसपर सिंचाई विभाग ने कहा है कि अब यह सड़कें सिंचाई विभाग बनवाएगा।

### आईआईटी ने शुरू किया साइबर सिक्योरिटी कोर्स

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर ने साइबर सिक्योरिटी में ई-मास्टर्स डिग्री की शुरुआत की है। इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। जुलाई से इसकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इस कोर्स की कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर संचालित होंगी। पेशेवरों के लिए शुरू किए गए इस प्रोग्राम में गेट स्कोर की जरूरत नहीं होगी। यह प्रोग्राम साइबर सुरक्षा से जुड़े पेशेवरों के लिए बनाया गया है। संस्थान का मानना है कि साइबर सुरक्षा को लेकर पेशेवरों की मांग में इजाफा हुआ है। ऐसे में प्रोग्राम के बारे में पेशेवरों और साइबर सुरक्षा के प्रति उत्साही लोगों को एप्लिकेशन सुरक्षा, वेब सुरक्षा, नेटवर्क सुरक्षा, मोबाइल सुरक्षा, हार्डवेयर सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी, आईओटी सुरक्षा, , मशीन लर्निंग आधारित सुरक्षा टूल की पढ़ाई कराई जाएगी। कंप्यूटर विज्ञान में प्रासंगिक विषय जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग और साइबर सुरक्षा से संबंधित गणित सहित साइबर सुरक्षा में नवीनतम अवधारणाओं से परिचित कराया जाएगा। कामकाजी पेशेवरों के व्यस्त कार्यक्रम के अनुरूप इसकी पढ़ाई कराई जाएगी। ईमास्टर्स इन साइबर सिक्योरिटी व कार्यक्रम समन्वयक प्रो संदीप के. शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग बढ़ी है। साइबर सुरक्षा में ई-मास्टर डिग्री पेशेवरों को साइबर हमलों के बढ़ते खतरों से निपटने और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए जरूरी कौशल और ज्ञान से लैस करेगी। इससे मजबूत डिजिटल भविष्य बनाने के लिए उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए मदद मिलेगी।

### गाली-गलौज के विरोध पर बेटे को पीटा

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में गालीगलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने युवक को मारा पीटा। युवक की मां ने विरोध किया तो उनके साथ छेड़खानी की गई। पीड़िता ने रेलबाजार थाने में मामला दर्ज कराया है। रेलबाजार निवासी पीड़िता के अनुसार 24 अप्रैल को उनका बेटा किसी काम से जा रहा था। तभी हुसैनी चौराहे पर इलाके के आरोपी कल्लू खड़खड़ा, फहीम, साहिब आलम समेत उनके साथी बेटे से बिना किसी बात पर गाली गलौज करने लगे। जिसका बेटे ने विरोध किया तो उसे मारापीटा। पीड़िता विरोध करने पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता कर छेड़खानी की।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**राजपुर।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के पास कानपुर इटावा नेशनल हाईवे पर रविवार की शाम को बाइक में पीछे से कार की टक्कर से बाइक युवक बाल बाल बच गया और पुत्र व पुत्री घायल हो गये तथा उसकी पत्नी जो गंभीर रूप से घायल हो गई उन्हें एम्बुलेन्स से सीएचसी भेजा गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

औरैया जनपद के विधूना थाना क्षेत्र के कचपुरा गांव के रामवीर शर्मा ने बताया कि कानपुर के गुजैनी निवासी साली काजल की 22 अप्रैल को शादी कार्यक्रम में पत्नी कोमल और अपने पुत्र हर्षित (6) व पुत्री रियाशीं (4) के साथ गया था रविवार को बाइक पर सवार होकर घर लौटते समय सिकंदरा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के पास नेशनल हाईवे पर पीछे से आ रही कार की टक्कर से दोनों बच्चे व पत्नी कोमल गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के उपरान्त कार देर तक वही खड़ी रही इसके उपरान्त औरैया की ओर चली गई।

# गरीबों के इलाज का खर्च उठाएंगे अस्पताल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- शासन ने आरकेएस फंड से इलाज के दिए निर्देश, इलाज के अभाव में नहीं होगी मौत
- समिति के बजट से ही जरूरी उपकरण की खरीदारी करेंगे अस्पताल

**अमृत विचार।** अब लावारिस और गरीब मरीज इलाज के अभाव में दम नहीं तोड़ेंगे। अब सारा खर्च अस्पताल उठाएगा।

आयुष्मान से संबंधित या फिर राज्य कर्मचारी कैशलेस या अन्य किसी भी योजना से आच्छादित नहीं हों तो ऐसे लोगों के लिए अब विभाग के अधिकारी ही उनके इलाज होने तक विधाता रहेंगे। अस्पताल प्रशासन उनके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। जिला अस्पताल में कभी-कभार लावारिस और गरीब तबके के मरीज इलाज के लिए पहुंचते है तो उनका पहनावा देखकर स्वास्थ्य कर्मी भी उन्हें हेय दृष्टि से देखते है। ऐसे मरीजों को अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टरकाया जाता है। इस तरह से मरीजों को इधर-उधर होने से चिकित्सक भी समुचित इलाज नहीं कर पाते है। जिससे एक न एक दिन वे अस्पताल में दम तोड़ देते हैं। लेकिन शासन ने ऐसे मरीजों के इलाज के लिए गंभीरता दिखाई है। अब सारी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। शासन के निर्देश में कहा गया है कि दुर्घटना में घायल या फिर किसी बीमारी से ग्रसित हों, उनके इंप्लांट संबंधित इलाज की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन को करनी होगी। जिसके लिए उन्हें इंप्लांट में लगाए जाने वाले उपकरणों की खरीदारी आदि में जो भी खर्च आते है। उनकी खरीदारी के लिए आरकेएस समिति के माध्यम से बजट की उपलब्धता कर इलाज करेंगे।

> शासन से निर्देश आया है कि दुर्घटना में घायल लावारिस मरीजों के लिए अस्पताल प्रशासन आरकेएस (रोगी कल्याण समिति) समिति के बजट से इंप्लांट की खरीदारी कर इलाज करेंगे। मरीज को आयुष्मान योजना, कर्मचारी कैसलेश या अन्य किसी योजना से आच्छादित नहीं होना चाहिए।
>
> -डॉ. एके सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम Anuradha Pandey पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर है। गलती से जन्म प्रमाण पत्र में Anuradha Pande हो गया है। अब मुझे Anuradha Pandey **पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर** के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा डी0 फार्मा का सर्टिफिकेट (डिग्री) अनुक्रमांक संख्या 2127262142047 सन् 2021 भवानी बजार में खो गया है। यदि किसी को मिले तो 9026108949 पर सम्पर्क करे। – **दुर्गेन्द्र साहू 8/316 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो की मेरे पुत्र अंशू सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है मेरे पुत्र अंशू सविता की जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका परिषद फतेहपुर का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है अतः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए। – **अखिलेश कुमार पुत्र राम गोपाल, निवास– मोहल्ला – देवीगंज शहर फतेहपुर, पर0 तह0 वा जिला– फतेहपुर!**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी मां स्व.निर्मला देवी पत्नी हरिराम के एलआईसी शाखा रायबरेली के खाता संख्या 275180194 में मेरा नाम बतौर नामिनी बबलू अग्रहरी दर्ज है। अन्य अभिलेखों में मेरा नाम विनोद कुमार दर्ज है। विनोद कुमार और बबलू अग्रहरी दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है ।– **विनोद कुमार उर्फ बबलू अग्रहरी पुत्र हरिराम, निवासी – उमरन, परगना– सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र सकूर, नि0–मालवीय नगर, सिकन्दरपुर, थाना–छिबरामऊ, जि0–कन्नौज**, मेरा पुत्र अकील अहमद व उसकी पत्नी बेहद झगडालू व स्वतंत्र विचारों के व्यक्ति है जो आए दिन मेरे साथ गाली–गलौज व मारपीट करते है तथा मकान का बैनामा कराने की धमकी देते हैं उनके इन व्यवहारों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है अब हमारा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र अभिषेक कुमार मुझसे अलग निवास करता हैं। इसके किसी भी प्रकार के कार्य व्यवहार से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही है और मैंने उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही है। –**मूलचंद्र पुत्र मुंशी लाल, निवासी–ग्राम–छतेनी, पोस्ट– लालपुर शिवराजपुर, थाना– शिवली, तहसील– मैथा ,जनपद– कानपुर देहात**

**खुशखबरी** — नगर आयुक्त ने विजया इन्फोटेक को दी गेट के रेस्टोरेशन की अनुमति

# स्मारक संजोने वाली कंपनी करेगी गंगा पुल को जगमग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्मारकों को संजोने और दोबारा निर्माण के लिए जानी जाने वाली कंपनी मेसर्स विजया इन्फोटेक अब पुराने गंगा पुल के गेट को रोशन करेगी। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कंपनी को निर्माण कार्य करने की अनुमति दे दी है। कंपनी गंगा पुल गेट निर्माण की मूल सामग्री से मेल खाते हुए चूने के गारे से गेट का जीर्णोद्धार करेगी। इस कार्य में लगभग दो महीने लगेंगे।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में मेसर्स विजया इन्टेक के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गंगापुल के निरीक्षण की अनुमति मांगी गई। नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियन्ता-2 दिवाकर भाष्कर ने कंपनी के साथ पुराने गंगा पुल का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि इंजीनियरिंग डिवीजन के माध्यम से गेटवे के आस-पास के विकास और रोशनी को भी मंजूरी दी है। बता दें कि एक खंभे में क्षति के कारण 2020 में पुल को बंद कर दिया गया था। गेटवे को भी छोड़ दिया गया था। ईंट की दीवार में दरारें आ गईं और साइट पर मलबा भर गया। हेरिटेज संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रमुख गैर सरकारी संगठन इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज ने अपने स्वयं के लगभग 15 लाख के फंड से गेटवे की मरम्मत और जीर्णोंद्धार के लिए काम शुरू किया है।



नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन के साथ कंपनी के लोग। अमृत विचार



गंगा पुल गेट का हो रहा सुंदरीकरण।

## तीन बीघा फसल जल कर राख

**शिवली।** त्योरियाना शिवली गांव में दोपहर अचानक कटी पड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। किसानों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और दमकल कर्मियों को सूचित किया। अधिकारियों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया। इधर नगर पंचायत शिवली का पानी टैंकर भी मौके पर पहुंचा किसी तरह आग बुझाई गई। लेखपाल नितिन बाजपेई ने बताया कि किसान जगदीश नारायण, विमलेश कुमार,उमाशंकर का करीब तीन बीघे गेहूं की फसल जल गई है।

# एक ही परिवार के आधा दर्जन घर जलकर हुए राख

## खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग, भीषण गर्मी के बीच देखते ही देखते आग हुई विकराल

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के कोट गांव मजरे मकसूदनपूर में रविवार की दोपहर रसोई में खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई। जहां कई घरों में भीषण आग ने तबाही मचा दी। उग्र हुई आग की लपटों ने एक ही परिवार के लगभग आधा दर्जन से ज्यादा घरों को अपने आगोश में ले लिया। आग की सूचना जैसे लोगों को मिली मौके पर कोट गांव समेत मकसूदनपूर के लोग एकत्र होकर किसी तरह से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग लगने से पड़ोसियों के भी कुछ घर आग की चपेट में आ गए। इस दौरान भीषण आग से एक ही परिवार के आधा दर्जन ज्यादा घरों को भारी नुकसान हो चुका था। हलांकि ग्रामीणों ने कुछ हद तक घरों में रखी गृहस्थी को बचाने में कामयाब तो रहे लेकिन तबतक बहुत कुछ जलकर खाक हो चुका था।


आग को बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

कोट मजरे मकसूदनपूर गांव निवासी अमरनाथ पुत्र राम आसरे प्रजापति, भोला पुत्र राम आसरे, राजेश कुमार पुत्र शिव भजन, नंदा कुमार पुत्र देशराज, राज कुमार पुत्र पितंबर, प्रेम कुमार पुत्र राम आसरे, इन घरों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा कि रविवार दोपहर अमरनाथ पुत्र राम आसरे के घर में खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से घर पर आग लग गई। घर से उठता हुआ धुआं देख आस पड़ोस के लोगों में अफरा तफरी मच गई। आग लगने की खबर सुनकर पास पड़ोस व कोट गांव के लोग पहुंच कर किसी तरह आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की। आग लगने से एक ही परिवार के छह लोगों के घर जलकर राख हो गए। गांव के रहने वाले अमरनाथ पुत्र राम आसरे, के घर को काफी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है यह सभी लोग कच्चे मकान में रहते थे। इस लिए आगजनी से घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हैंडपंप व जनसेट चलाकर ट्यूबवेल से पानी डालकर किसी तरह आग बुझाने में लगे रहे।

### पुलिस कर्मियों ने किया सराहनीय कार्य

आग के दौरान ग्रामीणों ने 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पीआरवी 185 से भोला नाथ, धर्मेन्द्र यादव, कुमार शौरभ ने आग को काबू करने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुट गए। जिसकी प्रशंसा गांव समेत क्षेत्र में खूब हो रही है। लोगों का कहना रहा कि पुलिस के जवानों ने इंसानियत की नेक मिशाल पेश की है।

### देर रात पहुंची दमकल की गाड़ी

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर दमकल की गाड़ी तो पहुंची पर जब तक ग्रामीणों द्वारा आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया था। कुछ देर बाद दोबारा गांव की तरफ बढ़ रही आग को दमकल के जवानों द्वारा शांत किया गया। शाम होने तक दमकल की गाड़ी व स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा।

### दरियामऊ के खेतों में लगी आग

रविवार की दोपहर खखरेरु नगर क्षेत्र के दरियामऊ में किसी अज्ञात राहगीर द्वारा सिगरेट पीकर फेंक देने से खेत में आग लग गई। जिससे प्रेम चंद्र शुक्ला हरदासपुर सराफन का गन्ना 10 विस्वा, गेहूं 10 विसवा, हेमंत सोनी दरियामऊ, गेंहू 10 बिसवा, शिवदास सोनी गेंहू 10 विसवा में खडी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आगजनी की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विकास चौधरी व सुनील चौधरी, ने लिखापढ़ी कर आगे की कार्यवाही करते हुए पुष्टि की।

### एसडीएम के साथ पहुंची टीम

खखरेरु थाना क्षेत्र के कोट मजरे मकसूदनपूर गांव में रविवार दोपहर लगी आग के बाद मौके पर पहुंचे खागा एसडीएम अतुल कुमार गंगवार ने आग से जले मकान का निरीक्षण किया तथा पीड़ित परिवार से मिलकर सरकार की तरफ से मिलने वाली हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान खागा नायब तहसीलदार पीयूष कुमार व क्षेत्रीय लेखपाल गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।


खेत में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

### आग लगने से 70 बीघा फसल जलकर राख

**फतेहपुर।** अज्ञात कारण से खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लगने से लपट देखकर आस पास ग्रामीणों के साथ किसान मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम को आग लगने की जानकारी दी। गेहूं के फसल में लगी आग ने अरहर की फसल को भी अपने चपेट में ले लिया। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड टीम की गाड़ी घंटों बाद बाद पहुंची। इस बीच पुलिस कर्मी ग्रामीणों के साथ आग बुझाने का प्रयास करते रहे। आग लगने से करीब गेंहू और अरहर की 70 बीघा फसल जल गई है।ललौली थाना क्षेत्र के बंधवा गांव के पास एक होटल के सामने खेत में लगी गेंहू की फसल में अज्ञात कारण से आग गई। देर रात आग की लपट देखकर आस पास गांव के लोग और किसान खेतों की ओर भागे और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर ललौली थाना की पुलिस पहुंची और आग की भयावहता को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को जानकारी दी। घंटों बीत जाने के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीण उमा पाल, राजेश पाल, ओम प्रकाश, नारायण सिंह ने बताया कि रात में अचानक गेंहू की फसल में आग लग गई। आग की लपट से पास में अरहर की फसल में भी आग लगने से ऊपर नीचे खेत होने के कारण आग फैलने लगी और करीब गेहूं और अरहर की 70 बीघा फसल जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड टीम को सूचना देने के दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी। थाना प्रभारी ने बताया आग लगने से गेहूं और अरहर की फसल जली है, राजस्व विभाग को जानकारी दिया गया है।

# दिन की धूप और रात की उमस बन रही आफत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- अप्रैल में ही आसमान से बरसने लगी आग
- बादलों के आने-जाने से भी कम नहीं हो रही गर्मी

**अमृत विचार।** अप्रैल माह में ही लोगों की जुबां से बरबस निकलने लगा है कि उफ, ये गर्मी। दिन के साथ रात में भी लोग मौसम की तल्खी से परेशान हो रहे हैं। पारा 40 के पार पहुंचने से गर्मी को पंख लग गए हैं। सुविधा सम्पन्न लोग तो किसी तरह गर्मी से राहत पा रहे हैं पर सुविधाहीन लोग इस मौसम से आजिज आ चुके हैं।

इस बार लोगों ने पूरे अप्रैल माह में गर्मी का असर देखा है। लोग धूप की तेजी और लू के थपेड़ों के बीच सफर करके अच्छे मौसम की प्रार्थनाएं कर रहे हैं। रविवार को दिनभर लोग मौसम के सितम से दो-चार होते रहे। कोई सफर के दौरान धूप से तो कोई घर में ही उमस से पसीना बहाता रहा। सफर करने वाले पुरुष गमछा और कैप लगाए दिखे तो कहीं महिलाएं ऊपर से लेकर नीचे तक कपड़ों के कवच में दिखीं। मौसम के रुख को पहचानते हुए लोग अपना-अपना बचाव कर रहे हैं। जिससे मौसमी बीमारियों से बच सकें।

### पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

भीषण गर्मी को देखते हुए बाजारों में कोल्ड ड्रिंक व लस्सी की बिक्री बढ़ गई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने गन्ने का जूस, आम का जूस व अन्य प्रकार के शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेकर गर्मी से कुछ राहत पाने के प्रयास करते नजर आते हैं। दोपहर को पेड़ के नीचे बैठ कर लोग सुस्ताते नजर आते हैं। उधर गर्मी के मौसम में लोगों के पसंदीदा फल बाजारों में खूब बिक रहे हैं। जगह-जगह तरबूज-खरबूजा की दुकानें सजी हुई हैं।

### बादल से किसान चिंतित

कड़ी के धूप के बीच कई बार बादलों को डेरा भी आसमान में दिखाई पड़ने लगता है। इससे तीखी धूप के साथ कुछ राहत तो मिलती है लेकिन उमड़ घुमड़ कर रहे बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। दिन में मौसम का रुख कई बार बदल रहा है। हालांकि बारिश के आसार नहीं बने।

### गर्मी कर रही लोगों को बीमार

तेज धूप और धूल भरी आंधी में सफर करने वाले लोग जरा सी लापरवाही कर रहे हैं तो उन्हें बुखार, खांसी, पेट में दर्द, डायरिया जैसी बीमारियां हो रही हैं। इस वजह से प्राइवेट के साथ सरकारी अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है।

### न्यूनतम तापमान बढ़ने से बढ़ी उमस

शनिवार को अधिकतम तापमान 40 .2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 8 किमी की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। वहीं रविवार को अधिकतम तापमान 40 .0 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा।

# टेंट लगाते एचटी लाइन से छुआ पाइप मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** भंडारे का टेंट लगाते समय हाईटेंशन लाइन से लोहे का पाइप छूने से करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव निवासी अंकित पुत्र राम सजीवन तारापुर गांव में होने वाले भंडारा में टेंट लगाने गया था। इस दौरान टेंट लगाते समय लोहे के पाइप हाईटेंशन लाइन के तार में टच होते ही वह करंट की चपेट में आ गया। घटना में अंकित गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं शव को मर्चरी में रखा दिया गया है।

# तापमान बढ़ने से सूखने लगे हैंडपंप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी बढ़ते ही जिले में पेयजल संकट एक बार फिर गहराने लगा है। शहर से लेकर गांव तक के तमाम इलाकों में पेयजल की भीषण समस्या से लोग अभी से जूझ रहे हैं। हालत यह है कि तमाम इलाकों में लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं तब जाकर उन्हें पीने का पानी नसीब हो रहा है।

गर्मी बढ़ते ही पूरे जिले में पेयजल संकट धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। ग्रामीण इलाकों की बात छोड़िए यहां तो मुख्यालय के सिविल लाइन, सदर अस्पताल, मुराइनटोला समेत अन्य स्थानों में लगे हैंडपम्प हवा फेंकने लगे हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर यहां के लोग पानी की समस्या से गर्मी में जूझने को मजबूर हो जाते हैं।


ठूंठ की तरह खड़ा हैंडपंप


जिला चिकित्सालय में खराब पड़ा हैंडपंप।

### आने वाले दिनों में और बढ़ेंगी समस्याएं

अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है, जैसे-जैसे तापमान बढ़ने के साथ गर्मी बढ़ेगी वैसे ही पेयजल संकट ग्रामीणांचलों में और ज्यादा गहराएगा। यमुना कटरी क्षेत्र अमौली ब्लाक, विजयीपुर, धाता, हथगाम समेत देवमई ब्लाक के तमाम गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है। शासन द्वारा हर घर नल योजना अभी तक जिले में परवान नहीं चढ़ सकी है। कहीं पानी टंकी अधूरी पड़ी है तो कहीं मात्र पाइप लाइन ही बिछाई जा सकी है।

### शहर में अभी तक नहीं खुल सके प्याऊ

गर्मी के मौसम में नगर पालिका द्वारा शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों में प्याऊ खुलवाए जाते हैं। जिससे राहगीर एवं दुकानदारों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी के बाद भी अभी तक पालिका द्वारा प्याऊ नहीं खुलवाए जा सके। जिससे लोगों को पानी खरीद कर पीने की मजबूरी रहती है।

# चुनाव कार्मिकों को गर्मी में राहत देगी मेडिकल किट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- हीट वेव से बचाव को लेकर लिया गया फैसला
- लोकसभा चुनाव में 20 मई को जिले में होना है मतदान

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होगा। ऐसे में भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए मतदान कर्मियों की सुरक्षा के लिए सभी बूथों पर कार्मिकों के लिए मेडिकल किट की व्यवस्था रहेगी। इसमें ओआरएस घोल से लेकर पैरासीटामॉल तक उपलब्ध रहेगी। जिससे जरूरत पड़ने पर कर्मचारी इनका प्रयोग कर सकें।

गर्मी के मौसम में सामान्य से उच्च तापमान होने की सम्भावना के कारण लू का तेज और लम्बा दौर, खासकर मई और जून के बीच रहने का पूर्वानुमान किया गया है। ऐसे में लू तथा हीट वेव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिले में 20 मई को मतदान होगा। इसको देखते हुए मतदान कार्मिकों को रवानगी के पूर्व मेडिकल किटें भी दी जाएगीं। जिससे मतदान के दौरान कोई परेशानी होने पर वह इनका उपयोग कर सकें। किटों में पैरासीटामोल, मेट्रोनिडाजाल, डोमपैरीडोम,डाइसाइक्लोमीन, रैनीटिडिन, ओआरएस पैकेट से लेकर रुई पट्टी व बीटाडीन शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को इनके उपयोग की विधि के बारे में भी बताया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा कार्मिकों एवं मतदाताओं की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी भी जारी की जा चुकी है।

# अस्पताल में बढ़े मरीज, अव्यवस्थाओं का है बोलबाला

संवाददाता फतेहपुर

- गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा ओआरएस घोल
- पूरे अस्पताल में पीने के ठंडे पानी को व्यवस्था नहीं

**अमृत विचार।** अप्रैल के दूसरा पखवाड़े में आसमान से आग बरसने लगी है। तेज धूप और लू चलने से घर से निकलना मुश्किल ही गया है। पारा 40 के करीब पहुंच रहा है। ऐसे में गर्म मौसम लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में बेहाल लोग उपचार के लिए अस्पताल में पहुंच रहे है। जिला अस्पताल में गर्मी से बचाव के इंतजाम कमजोर होने के कारण मरीज परेशान हो रहे है। वहीं इस भीषण गर्मी में जिला अस्पताल में पेयजल के मुकम्मल इंतजाम तक नहीं हैं।

जिला अस्पताल में रोजाना एक हजार से अधिक नए, पुराने मरीज तीमारदारों के साथ इलाज कराने आ रहे हैं। अस्पताल में उल्टी दस्त और पेट दर्द के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालात यह है कि ओपीडी में मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतारें लग रही है। तो वही अस्पताल के कई वार्ड मरीजों से फुल होने की कगार पर आ गए हैं। ऐसे में अस्पताल में मरीजों के लिए किए गए गर्मी से बचाव के इंतजाम राहत नहीं दे रहे हैं। जिला अस्पताल में पानी की व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल पड़ी है। अस्पताल प्रांगण में बने आरओ प्लांट में दो वाटर कूलर लगे हुए। जो पानी तो देते है लेकिन गर्म पानी ही उगल रहे हैं, साफ सफाई न होने के कारण वह भी गंदे पड़े हैं।

मरीज और तीमारदार वहां पानी पीने से बचते नजर आते है। वहीं अस्पताल की दूसरी मंजिल पर लगा वाटर कूलर भी सिर्फ सादा पानी दे रहा है। इससे तीमारदारों को ठंडे पानी की तलाश में इधर उधर भटकना पड़ रहा है।



अस्पताल का दृश्य। अमृत विचार



खराब पड़ा आरओ प्लांट। अमृत विचार

### अस्पताल में नहीं मिलता ओआरएस घोल

जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की ओपीडी में सुबह से दोपहर तक महिलाओं का तांता लगा रहता है। इस गर्मी में गर्भवती महिलाएं अपने तीमारदारों के साथ दूर दूर से अस्पताल में इलाज कराने के लिए आ रही है। गर्मी से बचाव के लिए महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं, तीमारदारों व बच्चों के लिए ओआरएस घोल की सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में महिलाओं को ओआरएस खरीद कर पीना पड़ रहा है। वही ट्रॉमा सेंटर में भी ओआरएस की सुविधा नहीं मिल रही है।

### हीट वेव से खुद को ऐसे बचाएं

धूप में बच्चे व बुजुर्ग न निकले। फुल आस्तीन के कपड़े पहने, नशे का सेवन न करें। खिड़की व दरवाजा के पास पर्दे डालें, घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी नमक चीनी नींबू का घोल, छाछ, आम का पन्ना इत्यादि का सेवन करें। बाहर जाना है तो सिर पर टोपी या गमछा डालें या फिर छाते का प्रयोग करें। भीगे कपड़े को सिर पर वह गर्दन पर रखें।

> हीट वेव से बचाव के लिए अस्पताल में पंखों, कूलर की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही मरीजों के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था के लिए वाटर कूलर ठीक कराने के लिए इंजीनियर को बुलाया गया है। जल्द ही मरीजों को ठंडा पानी उपलब्ध हो जाएगी।
>
> -डॉ पीके सिंह, सीएमएस

# खुलेआम उड़ रहीं आचार संहिता की धज्जियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्लेट व स्टीकर लगे वाहनों में घूम रहे लोग
- वाहन चेकिंग पर लोग उठा रहे सवाल

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अधिकारियों द्वारा वाहनों की चेकिंग के बावजूद वाहन चालक वाहनों में पार्टी प्लेट पद व प्रत्याशी का स्टीकर लगाकर खुलेआम घूम रहे हैं। जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

लोकसभा चुनाव जिले में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है।

वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम सी. इंदुमती ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य से कई अधिकारियों की नियुक्त करते हुए वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं।

इसके बावजूद सड़कों पर पार्टी प्लेट, पद प्लेट, प्रत्याशियों के स्टीकर लगाकर वाहन खुलेआम घूम रहे हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जिससे अधिकारियों द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग पर भी लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

गर्मी की मार | जिला अस्पताल के वार्ड मरीजों से फुल, भीषण गर्मी में जरा सी लापरवाही कर रही बीमार

# डायरिया के मरीजों की बढ़ने लगी भीड़

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अभी से ही गर्मी का प्रकोप तेजी पर है। तेज धूप के साथ उमस बढ़ने से अस्पतालों में उल्टी दस्त, डायरिया के मरीजों की इलाज के लिए कतार लगने लगी हैं। जिला अस्पताल के वार्ड गर्मी में ऐसे मरीजों से फुल दिखाई दे रहे हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना डेढ़ सैकड़ा मरीज, उल्टी-दस्त डायरिया के आ रहे हैं। जबकि इमरजेंसी में आने वाले आधा सैकड़ा मरीजों में रोजाना आधा दर्जन से अधिक डायरिया के मरीज अस्पताल में भर्ती किया जा रहे हैं।

दिनों दिन बढ़ रहे तापमान के बाद जहां पारा 40 डिग्री पार कर रहा है तो वहीं इससे बड़ी गर्मी में अब फिर से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। इस समय अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और लू लगने से बीमार होकर आने वालों में उल्टी दस्त, डायरिया रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। एक दिन पूर्व शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी के पर्चा काउंटर पर सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही। अस्पताल की ओपीडी में 1264 मरीजों ने नए पर्चे पर इलाज कराया, जबकि पुराने पर्चे पर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या अलग रही। यहां उल्टी दस्त डायरिया के सबसे ज्यादा इलाज के लिए मरीज आए।

ओपीडी में बैठे डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर दवाएं देकर इलाज किया। उल्टी दस्त, डायरिया के मरीज जिन्हें समस्या ज्यादा थी उन्हें वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा है। उधर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में उल्टी दस्त और डायरिया गंभीर हालत में आ रहे मरीजों को इमरजेंसी में इलाज कर रहे हैं। वार्ड में ऐसे मरीजों को कुछ घंटे रख कर आराम मिलने के बाद डिस्चार्ज किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### ये बरतें सावधानी

- बाजार में खुले में बिक रहे गन्ने के जूस और कटे फल तथा मिठाइयों का सेवन न करें।
- चाट पकौड़ी तथा ऑयली स्पाइसी भोजन का सेवन गर्मी में कम करें।
- तेज धूप में घर से बाहर न निकलें।
- धूप में घर से बाहर जाए तो सिर पर छाता या कानों और सिर को तोलिया या अंगोछा से ढक कर रखें।

> गर्मी से हीट स्ट्रोक और डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं, गर्मी से बचाव को ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। उल्टी दस्त होने पर लापरवाही ना करें और सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं तथा झोलाछाप के इलाज से बचें।
>
> -डॉ. रघुनाथ सिंह, फीजिशियन


वृद्धाश्रम में औषधि वितरण करते चिकित्सक। अमृत विचार

# वृद्धाश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर, मतदान पर रहा जोर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में रविवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने निःशुल्क होमियोपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ अनुराग द्वारा सभी वृद्धजनों का रक्तचाप परीक्षण किया गया व उनकी बीमारियों के हिसाब से होमियोपैथिक औषधियां भी प्रदान की गईं। अधिकतर वृद्धजन सर्दी, खांसी, गठिया, उच्च रक्तचाप, पाचन सम्बंधित रोगों से ग्रसित थे। सभी वृद्धजनों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि भी दी गई। उसके बाद स्वीप कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन के तहत स्वीप आइकॉन के नेतृत्व में वृद्धजनों ने मवइया गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सभी वृद्धजन सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

# 'चार सौ पार' के बाद पीओके में फहराएंगे तिरंगा: केशव

## बिंदकी में आयोजित भाजपा के बूथ सम्मेलन में बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को बिंदकी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने विरोधियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश मोदी की ओर जा रहा है और विपक्ष के पुरखे भी आकर उन्हें नहीं हरा पाएंगे। वहीं इंडिया गठबंधन के पीडीए की बखिया उधेड़ते हुए उन्होंने कहा कि पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है, वहीं आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी के पाकिस्तान वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनको पाकिस्तान से प्रेम है वो पाकिस्तान की नागरिकता लेकर वहीं जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार आने पर पीओके में भी भारत का झंडा लहराएगा, वहीं समाजवादी पार्टी के चुटकी लेते हुए कहा कि सपा का नारा है हर खाली प्लाट हमारा है, वहीं डिप्टी सीएम ने कांग्रेस के आरक्षण खत्म कर देने वाले बयान पर कहा कि मोदी सरकार की डर की वजह से यह लोग ऐसे बयान दे रहे हैं।

नगर के कुंवरपुर रोड स्थित एक महाविद्यालय के पीछे स्थित गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सभी विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी की हवा थी, इसके बाद 2019 में मोदी की आंधी थी और इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी का तूफान चल रहा है। उन्होंने कहा कि फतेहपुर लोकसभा चुनाव में सपा कांग्रेस का गठबंधन है और यह सीट सपा के खाते में गई है लेकिन समाजवादी पार्टी को कोई प्रत्याशी खोजें नहीं मिल रहा है और ना ही कोई चुनाव लड़ने को तैयार है। इस मौके पर विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक जयकुमार सिंह, विधायक कृष्णा पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, बलराम सिंह चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



सम्मेलन को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

- विरोधियों पर साधा निशाना कहा, जिसको पाकिस्तान से प्रेम है, वह वहीं चला जाए

### हमारी सरकारों ने किया ऐतिहासिक विकास

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी वादा किया था वह पूरा किया है। अयोध्या में श्रीराम भगवान का मंदिर बना, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को समाप्त किया।

### हर हाल में आएंगी 400 से अधिक सीटें

कहा कि सारे विरोधी दल यह चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री न बनने पाए लेकिन यह संभव नहीं है। हर हाल में 2024 के चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से कहा कि इस बार ताकत से लड़े और फतेहपुर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति को 4 लाख से अधिक मतों से जिताएं।

### बसपा समाप्त और सपा समाप्ति की ओर

डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी सभी घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सपा समाप्त की ओर है, बहुजन समाज पार्टी पूरी समाप्त है। पूरा देश कांग्रेस से मुक्ति की ओर है। भ्रष्टाचारी नेता चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो उनकी गिरफ्तारी होगी। लेकिन 2024 में निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। 2024 के चुनाव के बाद देश गरीबी से मुक्त होगा, भ्रष्टाचार से मुक्त होगा और झोपड़ी में रहने वालों को आवास मिलेंगे।

# विपक्ष को खत्म करने के लिए भाजपा ले रही ईडी का सहारा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। फतेहपुर 49 लोकसभा सीट पर भाजपा ने साध्वी निरंजन ज्योति और बसपा ने डॉक्टर मनीष पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है। सपा कांग्रेस गठबंधन से सपा के खाते में सीट होने से अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ, लेकिन कांग्रेस हाई कमान ने गठबंधन सीट से जीत दिलाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एजाज अहमद बॉक्सर को लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया है।

लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस गठबंधन से जो भी प्रत्याशी घोषित होगा। उसको भारी बहुमत से जीत दिलाकर दिल्ली भेजने का काम कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता करेंगे। जिले में नेता और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि उनकी उपेक्षा की जा रही है। इस सवाल पर कहा कि जो भी कांग्रेस का नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता नाराज है। उन सभी के साथ बैठकर मतभेद को दूर किया जाएगा। उन्होंने बिना नाम लिए पार्टी के जिलाध्यक्ष और बहुत से नेता को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर कहा कि भाजपा की सरकार में विपक्ष को खत्म करने के लिए ईडी और अन्य जांच एजेंसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। उसी डर के कारण कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी पर भाजपा के नेताओं ने पूरी ताकत लगा दिया था कि वह जेल चले जाएं। लेकिन राहुल गांधी ने हिम्मत नहीं हारी।



- मीडिया के समक्ष कांग्रेस जिला प्रभारी ने लगाए आरोप
- भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर निकाली भड़ास

# बड़े चुनाव में दिलचस्पी नहीं दिखाते परदेसी वोटर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा या फिर विधान सभा जैसे बड़े चुनावों में परदेशी वोटर अपनी दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। शायद यही कारण है कि बड़े चुनावों की अपेक्षा स्थानीय चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ जाता है। परदेशी वोटर छोटे चुनाव में तो अपने बूथ पर पहुंच कर मतदान करते हैं लेकिन अन्य चुनावों में कोई न कोई बहाना बनाकर दूरी बना लेते हैं।

दरअसल लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न तरीकों से लोगों को जागरूक करते हुए वोट जरूर डालने की अपील की जा रही है। लेकिन इन सबके बीच उन वोटरों के लिए क्या प्लानिंग है जो अपने घरों से बाहर रहकर परदेश में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं, यह स्पष्ट नहीं है। देखा जाए तो लगभग हर गांव से दर्जनों लोग दिल्ली, गाजियाबाद, हरियाणा, सोनीपत, लखनऊ, नोयडा आदि बड़े शहरों में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं।

जिले से भी भारी संख्या में लोग दिल्ली-मुम्बई आदि बड़े शहरों में कारोबार से जुड़े हैं। इसके अलावा अन्य शहरों में भी लोग मेहनत मजदूरी करके परिवार का पेट पालने में जुटे हैं। ऐसे में लोकसभा एवं विधान सभा के चुनाव में अधिकांश लोग अपने घर आकर वोट नहीं डाल पाते हैं। हालांकि चेयरमैन, प्रधानी के चुनाव में यह लोग गांव पहुंच कर मतदान अवश्य करते हैं। लोगों का कहना है कि छोटे चुनाव में प्रत्याशी, समर्थक उनसे कई बार फोन करके वोट डालने के लिए गुजारिश करते हैं। कई बार उनके लिए आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी हो जाती है। जिससे वह गांव आकर वोट डालकर फिर वापस चले जाते हैं। जबकि बड़े चुनाव में प्रत्याशी या समर्थक उनके संपर्क में नहीं आ पाते हैं और परदेशी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं।



- छोटे चुनाव में मतदान करने आते, बड़े चुनाव में कतराते
- लोगों को मतदान के लिए कर रहे जागरूक

# आउट ऑफ स्कूल एवं नवीन नामांकन बढ़ाएं

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न
- खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को दिये निर्देश

**अमृत विचार।** बीआरसी धाता की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को श्रीराम रूप सिंह धनराज सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें लगभग एक दर्जन मुख्य बिंदुओं पर जिला समन्वयक अशोक कुमार त्रिपाठी एवं खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए।

कार्यक्रम में हनुमंत प्रताप सिंह ने परिवार सर्वेक्षण, आउट ऑफ स्कूल एवं नवीन नामांकन बढ़ाने, निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से बच्चों का आकलन निरंतर किए जाने के संबंध में जानकारी दी। जिला समन्वयक अशोक कुमार त्रिपाठी ने स्मार्ट क्लास, दीक्षा एप के उपयोग, निपुण लक्ष्य, शिक्षक संदर्शिका के उपयोग के संबंध में विस्तार रूप से चर्चा करते हुए शिक्षकों से रूबरू हुए। उन्होंने सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के उपयोग करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि रजिस्टरों का डिजिटलीकरण किया जाना आवश्यक है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि यू-डायस प्लस विद्यालय, स्मार्ट क्लास, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी कार्य किसी भी तरह से पेंडिंग न रहें।

आठ विद्यालय स्मार्ट कार्ड क्लास वाले विद्यालय हैं। आपके ज्ञान का भंडार कक्षा कक्षा तक पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी ने द्वारा एक दर्जन निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मान प्रमाण पत्र भी सौंपा। साथ ही लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ संबंधित तैयारी विद्यालय की साफ सफाई, पंखा, लाइट शौचालय, रैंप आदि आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एआरपी जयशंकर प्रसाद, नरेश कुमार, हनुमंत प्रताप सिंह, नोडल शिक्षक अवनीश कुमार सिंह, राजीव सिंह, पुष्पेंद्र सिंह समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित प्रधानाध्यापक व अन्य। अमृत विचार

# ससुरालियों ने नौसेना कर्मी से लाखों हड़पे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने रिश्तेदारों पर चार लाख रुपये से अधिक हड़पने के साथ ही गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बकेवर थाना क्षेत्र के गांव नरायनदास खेड़ा निवासी मनोज कुमार पुत्र भगवानदीन ने शिकायती पत्र में बताया कि वह भारतीय नौसेना में लीडिंग सीमैन के पद पर नई दिल्ली में कार्यरत हैं, उनका विवाह बिन्दकी थाना क्षेत्र के कोरईया गांव में सात वर्ष पूर्व हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि ससुर हरिशंकर, सास रामश्री व साला धर्मराज ने अपनी-अपनी जरूरतें बताकर मुझसे अलग-अलग पैसा नगद, चेक व बैंक ट्रांसफर के जरिए लिया था। तीनों लोगों ने चार लाख बारह हज़ार रुपये लिए थे और कई बार पैसे मांगने पर वह लोग टालमटोल करते रहे। उपरोक्त लोगों ने मेरे गांव जाकर भी मेरे माता-पिता को गाली-गलौज देते हुए पैसे न लौटने की बात कहकर फर्जी मुकदमा में फंसा देने व जान से मारने की धमकी भी दी। छुट्टी के दौरान जब मैं अपनी ससुराल पहुंचा और पैसे की बात की तो उन लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए पेड़ में बांधकर मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित नौसेना कर्मी की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, कार्यवाही की जा रही है।



अनुज कुमार व रितांजली देवी।

## वाहन की टक्कर से दंपति की मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई।

फतेहपुर गुगौली खजुहा निवासी 30 वर्षीय किसान अनुज कुमार रविवार दोपहर अपनी पत्नी रितांजली के साथ बाइक से फतेहपुर से कानपुर आ रहे थे। अहिरवां फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस दोनों को कांशीराम अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया। वहीं शाम को रितांजली की हैलट अस्पताल में मौत हो गई। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के किमलिहापुर के समीप चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलवां थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव निवासी सोहनलाल का 18 वर्षीय पुत्र अंकित अपने साथी विजय पुत्र धीरज (20) निवासी मंझूपुर थाना मलवां के साथ बाइक से निमंत्रण में गाजीपुर थाना क्षेत्र के बवांरा गांव जा रहा था। जैसे ही ये लोग राधानगर थाने के किमलिहापुर पहुंचे तभी पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।



अमर शहीद को श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

### अमर शहीद ठाकुर जोधा सिंह को पुण्यतिथि पर किया याद

**बकेवर फतेहपुर।** विकास खंड देवमई क्षेत्र के रसूलपुर ग्राम सभा में रविवार को जोधा सिंह अटैया फाउण्डेशन के तत्वावधान में अमर शहीद ठाकुर जोधा सिंह अटैया के 167वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी जन्म स्थली रसूलपुर पधारा में जोधा सिंह अटैया के वंशज चंद्रपाल सिंह उर्फ ददू बाबा के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। विद्यालय प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने अमर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं फाउण्डेशन के सचिव दिलीप पाण्डेय ने शहीद स्थल खजुहा में जोधा सिंह अटैया के चरणों में पुष्प अर्पित करके श्रद्धा सुमन भेंट किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया और राष्ट्रगान गाया। अटैया जी के वंशज चंद्रपाल सिंह उर्फ ददू बाबा ने बावनी इमली के वृक्ष पर पुष्प अर्पित करके अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दलजीत सिंह, विपिन गिरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ,भर्ती

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बेरॉंव में रविवार की दोपहर पति से लड़ने के बाद 22 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बेरॉंव गांव निवासी विनीत की पत्नी का आज दोपहर अपने पति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे गुस्से में आकर उसने आत्महत्या करने के इरादे से गमासीन पाउडर पी लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए और भर्ती कराया।

### प्रभु परशुराम की जयंती पर निकलेगी शोभा यात्रा

**फतेहपुर।** ब्राह्मण चेतना सेवा संस्थान की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। जिसमें अक्षय तृतीय पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रभु परशुराम के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। तय किया गया कि भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर पूजा-अर्चना, आरती, बुजुर्ग ब्राह्मणों का सम्मान के साथ ही विशाल भंडारा भी होगा।अध्यक्षता राजेंद्र त्रिवेदी ने की। बैठक में कार्यक्रम संयोजक संतोष तिवारी व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने भी शिरकत की। बताया गया कि संस्थान की ओर से प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभा यात्रा दस मई को पं. कमल किशोर तिवारी का हाता कलक्टरगंज से निकाली जाएगी। बैठक में समाज के लोगों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील की गई। इस मौके पर संजय तिवारी, शिवाकांत दीक्षित, बृज किशोर शुक्ला, संतोष कुमारी शुक्ला, विनय तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** शहर के ज्वालागंज स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के कई गणमान्य लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के सिद्धांतों व नीतियों में चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत कियाद। वहीं बिंदकी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र यादव, अंकित पटेल एडवोकेट, मोहम्मद इरशाद, आकिर जमील व अम्माद हुसैन को कांग्रेस का पटका पहना कर पार्टी का सदस्य बनाया। वरिष्ठ नेता महेश द्विवेदी, उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, प्रेम शंकर त्रिवेदी, मणि प्रकाश दुबे, शेख एजाज अहमद, निर्मल तिवारी ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। संचालन कर रहे महा सचिव राजन तिवारी व लोकसभा कोऑर्डिनेटर डीपी दुबे ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस गारंटी कार्ड के बारे में बताया। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि अब जनता भाजपा की फरेबी नीति से भली भांति परिचित हो गई है। उसे बस चुनाव का इंतजार है। जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वह अपने वरिष्ठों के आशीर्वाद के साथ ही आगे बढ़ना चाहते हैं एवं अपने कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान के लिए हर समय तैयार रहते हुए उनके कदम से कदम मिलाकर जिले में पार्टी को शिखर पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर आशीष गौड़ एडवोकेट, श्रवण कुमार गौड़, बृजेश मिश्रा, आदित्य मिश्रा, औसाफ अहमद, इशरत, रामनरेश महाराज, आनंद सिंह आदि रहे।

# हर दल को गले लगा कर भेजा दिल्ली, सभी से टूटता रहा भरोसा

**फ्लैश बैक**

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- फतेहपुर से कांग्रेस छह बार भाजपा चार, बसपा दो, सपा व निर्दलीय एक-एक बार जीते

**अमृत विचार।** दोआबा के मतदाताओं ने सभी दलों के प्रत्याशी पर भरोसा जताते हुए दिल खोलकर मतदान किया और सांसद चुनकर लोकसभा पहुंचाया। लेकिन वह जनता के विश्वास पर खरे नहीं उतर सके।

जिले के मतदाताओं ने कांग्रेस को छह बार, भाजपा चार, बसपा दो, सपा व निर्दलीय एक-एक बार जिताकर भेजा है।

जिले के मतदाताओं ने 1952 से 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में हर दल के प्रत्याशी को दिल खोल कर मतदान किया और अपना सांसद चुन कर भेजा। वहीं कुछ उम्मीदवारों पर विश्वास सिर चढ़ कर बोला उन्हें दोबारा सांसद बनाया। दोबारा सीट मिलते ही उन्होंने जनता के विश्वास को चकनाचूर किया।

### कांग्रेस ने जीती थी पहली सीट

पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था। उस समय सिर्फ कांग्रेस का बोलबाला था। नतीजा यह हुआ कि 52 और 57 के चुनाव में कांग्रेस के ही प्रत्याशी को यहां से जीत मिली। इसके बाद जनता ने 62 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी को मौका दे दिया। 1967 और 1971 के चुनाव में जनता ने फिर से कांग्रेस को मौका दिया और उनके प्रत्याशी को दिल्ली भेजा।

### जनता पार्टी व जनता दल पर वोट किया न्योछावर

1977 और 1978 के उप चुनाव में जिले के मतदाताओं ने जनता पार्टी के उम्मीदवार को सांसद चुना। 1980 और 1984 में फिर से कांग्रेस को वोट न्योछावर किया, लेकिन फिर से जनता को कांग्रेसी सांसद ने निराश किया और 1989 व 91 में उन्होंने जनता दल के उम्मीदवार को अपना सांसद चुना।

### निर्दलीय की आंधी में उड़ गये थे दलीय प्रत्याशी

आजादी के बाद चुनावों में सिर्फ कांग्रेस का बोलबाला था। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार ने पहली बार कांग्रेस के उम्मीदवार को फतेहपुर सीट पर धूल चटाई थी। मतदाताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी गौरीशंकर उर्फ गौरी बाबू पर जमकर वोट बरसाये थे।

### बसपा और भाजपा को दिया मौका

मतदाताओं ने 1996 में बसपा को मौका दिया। इसके बाद 1998-99 में भाजपा को मौका मिला। 2004 में फिर से बीएसपी को और 2009 में सपा को जिताया।

### सपा ने पहली बार खोला था खाता

2009 में सपा उम्मीदवार राकेश सचान जीते थे। सपा को छोड़ दें तो जिले के वोटरों ने अब तक सभी प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवारों को दो या इससे अधिक बार चुना है।

### लोगों ने खरा नहीं उतरने पर नकारा

वोटर कई बार प्रत्याशियों पर दरियादिली दिखाई लेकिन वे उनके विश्वास पर खरे नहीं उतर सके तो उन्हें नकार दिया। जिसे नकारा फिर उसे अपने दिल पर नहीं बैठाया।

**चुनावी मुद्दा** करीब आधा सैकड़ा मिलें हुईं बंद, सैकड़ों हाथों से छिना रोजगार

# राइस मिल बंद होने से बिंदकी ने खोई पहचान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** व्यवसायिक नगरी के नाम से जानी जाने वाली बिंदकी नगर की पहचान राइस मिलों से भी जानी जाती थी। इनके बंद होने पर सैकड़ों लोगों के हाथ से रोजगार छिन गया। जिन स्थानों पर मिले हुआ करती थीं, वहां कालेज, मैरिज लान आदि बन गए।

जिले की व्यवसायिक नगरी बिंदकी को पहचान दिलाने में राइस मिलों का बड़ा योगदान रहा लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते एक के बाद एक मिल में ताला पड़ता गया। नगरवासियों का कहना है कि हमारी जिम्मेदारी भी बनती है हम अपनी जिम्मेदारी समझ रोजगार को बढ़ावा देने वाले हाथों को चुनाव में मजबूत करें। सालों पहले करीब आधा सैकड़ा राइस मिलें संचालित हो रही थी, सरकार की अनदेखी के चलते कुछ ही बची हैं। इनमें एक के बाद एक में ताले पड़ते गए। बिजली व्यवस्था से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था तक में सिर्फ व्यापारियों व नगरवासियों को छलने का काम किया है।

उसका मुख्य कारण लोग कहीं ना कहीं बाहर से आकर चुनाव लड़कर जीत हासिल करना और अपना उददेश्य पूरा कर यहां से चले जाना भी मान रहे हैं। कभी ऐसे जनप्रतिनिधियों को यहां के लोगों से लगाव ही नहीं रहा है, जिसका नतीजा है कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच में कभी ऐसे संबंध ही नहीं बन पाए जो आम जनमानस की पीड़ा को समझ सकते। यहां के लोगों का मानना है कि यदि राइस मिले को एक बार गति मिल जाए तो व्यवसाय को चार चांद लग जाएं।

## क्या कहते हैं स्थानीय लोग



आज गल्ला का कारोबार नाम मात्र का रह गया है, उसके लिए सरकार, नेता और अफसर सभी जिम्मेदार हैं। बिंदकी गल्ला मंडी में समस्याएं हावी होने से मंडी आये किसान परेशान हैं।

-राजीव कुमार दीक्षित



मिल, कारखानों को बढ़ावा मिलना चाहिए। जिससे सैकड़ों लोगो को काम मिल सके। बिंदकी गल्ला मंडी के साथ राइस मिले पहले की तरह चालू रहती तो व्यवसाहयिक नगरी को और बढ़ावा मिलता।

-राजू शुक्ल

### अब राइस मिल में बजती हैं शहनाई

कभी 18 से अधिक राइस और दाल मिलें संचालित थी। राष्ट्रकवि की जन्म स्थली की उपेक्षा से आहत लोग चाहते हैं कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण बिंदकी ने अपनी पहचान खो दिया। इन राइस मिलों के बंद होने के बाद कई में गेस्टहाउस, स्कूल, कालेज आदि बन गये। जिससे मिलों का नामोनिशान मिटता गया।

### कभी चावल का भाव खुलता था गल्ला मंडी से

इन मिलों में धान को उबाल कर अरवा चावल तैयार किया जाता था। जिन्हें प्रदेश सहित बाहर के प्रदेशों में भेजा जाता था। मिल के बंद होते अरवा चावल बनना ही यहां बंद हो गया। कभी चावल का भाव बिंदकी की गल्ला मंडी से प्रदेश में खुलता था।

# सदस्यता अभियान के नाम पर उत्पीड़न नहीं करता संगठन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आगामी चार मई को शादीपुर स्थित एक गार्डेन में जिला उद्योग व्यापार मंडल का होने वाला व्यापारी महाधिवेशन व सम्मेलन स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम नई तिथि घोषित करके किया जाएगा।

रविवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे ने मीडिया के समक्ष कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने के साथ ही संगठन मजबूती के उद्देश्य से आगामी चार मई को शहर के शादीपुर स्थित एक गार्डेन में व्यापारी महाधिवेशन व सम्मेलन का आयोजन किया जाना था, लेकिन कुछ लोगों ने साजिश रचकर संगठन के कार्यक्रम को कमजोर करने का काम किया। जिसके चलते उन्होंने सम्मेलन को स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का दो मई को इसी स्थान पर सम्मेलन होना है। कुछ लोगों ने अफवाह उड़ाई है कि भाजपा के कार्यक्रम को व्यापार मंडल ने समर्थन कर दिया है जबकि ऐसा नहीं है। भाजपा के कार्यक्रम से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह भाजपा के कार्यक्रम में शिरकत भी नहीं करेंगे। उन्होंने इतना जरूर कहा कि किसी व्यक्ति विशेष को भाजपा के कार्यक्रम में जाना हो तो वह जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के नाम पर व्यापारियों से कोई भी बड़ी धनराशि नहीं ली जाती। न ही किसी तरह से व्यापारियों का अभियान के नाम पर उत्पीड़न किया जाता है। वहीं निवर्तमान जिलाध्यक्ष फरहत अली सिद्दीकी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना बेहद जरूरी है।

# भाजपा के 'मोहन' संभालेंगे 'यादवलैंड' की कमान

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

- सपा मुखिया अखिलेश यादव को घेरने के लिए भाजपा ने बिछाई शतरंज की बिसात
- मोदी-योगी, अमित शाह व राजनाथ सहित कई सियासी सूरमा दिखेंगे कन्नौज में



डॉ. मोहन यादव।

**अमृत विचार।** सपा का एपिसेंटर कहे जाने वाले 'यादवलैंड' में अखिलेश को घेरने के लिए भाजपा ने शतरंज की बिसात बिछाई है। कन्नौज, इटावा व मैनपुरी सीटों पर सपा को शिकस्त देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को कमान सौंपी है। बताया जा रहा है कि चौथे चरण के चुनाव प्रचार के लिए मोहन यादव इन सीटों पर वोट मांगेंगे। इसके अलावा भाजपा के कई सियासी सूरमा एक मई से 11 मई तक इत्र और इतिहास की धरती पर दिखाई देंगे।

सपा मुखिया अखिलेश यादव के खुद मैदान में उतरने से सियासी तापमान उछाल पर आ गया है और भाजपाई खेमे में उनको घेरने की रणनीति तैयार की जा रही है। कहीं सरकार की योजनाओं तो कहीं उपलब्धियों के बलबूते वोटरों को लुभाया जा रहा है तो जातीय समीकरण के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत भिड़ाई जा रही है। कन्नौज सीट पर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की निगाह है। यही वजह है कि यहां से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक को जिताने के लिए भाजपा ने शतरंजी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। एक तरफ गोपनीय बैठकों का दौर जारी है तो दूसरी तरफ जाति, वर्ग, संप्रदाय और व्यवसाय के आधार पर वोटरों का ध्रुवीकरण किया जा रहा है। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता वकीलों से जनसंपर्क कर रहे हैं तो कई विधान परिषद सदस्य अपनी जाति के वोटरों के गांवों में जाकर नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं। 'यादवलैंड' में सपा कोर वोटरों को तोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को कन्नौज, मैनपुरी व इटावा सीटों पर स्वजातीय लोगों से संपर्क साध कर भाजपा को लाभ दिलाएंगे।

### लोधी वोटरों को एकजुट करेंगे राजू भैया

भाजपा का लोधी राजपूत वोटरों पर पूरा फोकस है। विपक्षी दल लगातार सांसद के वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं, जिससे कि लोधी भाजपा से दूर हो जाए। उधर, भाजपा ने लोधी वोटरों को साधने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह के पुत्र एवं एटा से सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया और उन्नाव से सांसद साक्षी जी महाराज को जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों नेता तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क करेंगे।

### कुर्मी और पाल वोटरों पर भी भाजपा की नजर

सपा जहां पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक (पीडीए) के सहारे चुनाव में उतरी है तो भाजपा की भी पिछड़ों और अति पिछड़ों पर नजर है। कुर्मी वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने अपने सहयोगी दल अपना दल (एस) की अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जिम्मेदारी दी है तो पाल वोटरों को भाजपा के पक्ष में लामबंद करने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल को भी कन्नौज सीट पर जिम्मा सौंप दिया है। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री कन्नौज के गलियारों में दिखाई देंगे।



भारतीय जनता पार्टी कभी भी जातिगत राजनीति नहीं करती है। भाजपा अपनी नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मैदान में संकल्प पत्र के साथ गारंटी से उतरी है। जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभाएं करेंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री भी प्रचार करेंगे।

–नरेंद्र सिंह राजपूत, लोकसभा क्षेत्र संयोजक – भाजपा

### सपा छात्रसभा के पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जीटी रोड ग्राम तेराजाकेट में रविवार को समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव में सपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए युवाओं में ऊर्जा का संचार कर टिप्स दिए गए। शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव ने समाजवादी छात्रसभा की गठित ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए। ग्राम मधई नगला निवासी संजय सिंह यादव को ब्लॉक अध्यक्ष (तालग्राम), दीपू श्रीवास्तव, कमलेश यादव, शेखर कश्यप को ब्लॉक उपाध्यक्ष, संदीप कुमार को ब्लॉक महासचिव, अनिल यादव, उमेश कश्यप, रजनेश, विवेक, विश्वनाथ, उपेन्द्र सिंह यादव, अंशुल, रामवरन सिंह, जीशान को ब्लॉक सचिव का मनोनयन पत्र दिया गया। • अमृत विचार

# नाम वापसी आज, मैदान में कितने उम्मीदवार होंगे तय हो जाएगा

## 11 नामांकन पत्र खारिज होने के बाद 17 प्रत्याशी अभी भी मैदान में डटे हैं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** चुनाव में चौथे चरण के लिए नाम वापसी आज होगी। नामांकन पत्रों की जांच में 11 पर्चे खारिज होने के बाद अभी भी 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। यदि दो प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन वापस ले लिए तो एक ही ईवीएम से चुनाव हो जाएगा। कलेक्ट्रेट में नाम वापसी शाम को तीन बजे तक होगी। इसके बाद निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव-चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

जिले में संसद सदस्य पद के लिए 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किए थे। नामांकन प्रक्रिया 18 से 25 अप्रैल तक चली थी। 26 को नामांकन पत्रों की जांच में छह निर्दलीयों समेत 11 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए थे। अभी भी 17 लोग मैदान में हैं। यदि आज किन्ही दो प्रत्याशियों ने भी नामांकन वापस ले लिए तो जिले में एक ही ईवीएम से चुनाव हो जाएगा। ईवीएम में नोटा समेत एक बैलेट यूनिट में 16 प्रत्याशियों की जगह होती है। यदि इससे अधिक प्रत्याशी हुए तो प्रत्येक बूथ पर दो ईवीएम लगानी पड़ेंगीं, जिससे जिले में ईवीएम और मंगानी पड़ेंगीं और उनका रैंडमाइजेशन करना पड़ेगा। साथ मतदान कार्मिकों की संख्या भी बढ़ानी पड़ेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि सोमवार को तीन बजे तक नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव-चिह्न आवंटित कर बैलेट पेपर तैयार किया जाएगा।



कलेक्ट्रेट परिसर में बना नामांकन कक्ष। अमृत विचार

### विकास भवन में आज दी जाएगी चुनाव ड्यूटी

**कन्नौज।** विकास भवन में 29 अप्रैल को मतदान कार्मिकों के लिए लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की ड्यूटियां बांटी जाएंगी। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि संबंधित सभी विभागों को ड्यूटी आदेश दिए जाएंगे। वहीं से कार्मिकों को पत्र मिलेंगे। तीन से आठ मई तक कार्मिकों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए 1671 पोलिंग पार्टियों को जिम्मेदारी मिली है। एक पार्टी में चार मतदानकार्मिक होते हैं।

### आज फतेहपुर जसोदा में स्वीप कार्यक्रम

**कन्नौज।** डीआईओएस व स्वीप के सह नोडल डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल को ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम होंगे। इसमें 18 व 19 वर्ष के वोटर भी शामिल होंगे।

- दो नाम वापस होने के बाद एक ही ईवीएम से हो जाएगा चुनाव

**अब तक ये हैं प्रत्याशी**

| राजनीतिक दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | सुब्रत पाठक |
| समाजवादी पार्टी | अखिलेश यादव |
| बहुजन समाज पार्टी | इमरान बिन जफर |
| राष्ट्रीय क्रांति पार्टी | ललित कुमारी |
| भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी | शैलेंद्र कुमार |
| भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | डॉ. सुनील अग्निहोत्री |
| राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | आलोक वर्मा |
| राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | प्रो. रामबख्श वर्मा |
| ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक | सुभाष चंद्र |
| भारतीय कृषक दल | प्रमोद कुमार यादव |
| निर्दलीय | यादवेंद्र किशोर |
| निर्दलीय | राज कठेरिया |
| निर्दलीय | इरफान अली |
| निर्दलीय | नेहा पाठक |
| निर्दलीय | सिनोद कुमार |
| निर्दलीय | पुरुषोत्तम तिवारी |
| निर्दलीय | भानु प्रताप सिंह |

# दिक्कत से बचने को पार्किंग पर क्रम से खड़े किए जाएं वाहन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा



डीएन कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- डीएम, एसपी ने डीएन कॉलेज व मंडी समिति का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं को जांच ने डीएम, एसपी अन्य अधिकारियों के साथ डीएन कालेज तिर्वा व मंडी समिति कन्नौज पहुंचे। उन्होंने यहां बैरीकेडिंग व सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवानगी में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिये जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के साथ निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल डीएन कॉलेज में जगह का निरीक्षण किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टी की रवानगी के लिए बैरीकेडिंग कराई जाए। पार्किंग स्थल पर वाहनों को क्रम में रखा जाए, जिससे रवाना होने के समय वाहन खोजने में मतदान कर्मियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। रवानगी स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रखी जाए। इसी तरह मंडी समिति कन्नौज का निरीक्षण किया। यहां पर अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम, बेरीकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य व्यवस्थाएं बेहतर रखने को कहा। मतदान के बाद ईवीएम लेकर आने वाले वाहनों को मंड़ी के बाहर नहीं रोका जायेगा। यह वाहन एक गेट से मंडी में प्रवेश करेंगे। पोलिंग पार्टी वाहन से उतरने के बाद दूसरे गेट से मंडी से बाहर निकलेगा, इसके लिये मंडी के अंदर करीब 50 से सौ वाहनों की पार्किंग करने के निर्देश एसपी ने दिये।

# पिता-पुत्र और पति-पत्नी पर लगीं वोटरों की निगाहें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज सीट से 17 उम्मीदवार अब भी चुनाव मैदान में डटे हैं। खास बात यह है कि पति के साथ ही पत्नी व पिता-पुत्र भी एक ही पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इस वजह से वोटरों की निगाहें इन पर लगी हुईं हैं। हालांकि आज नामांकन पत्र वापसी का दिन है। दोपहर तीन बजे तक तय हो जाएगा कि सभी प्रत्याशी मैदान में रहेंगे या कुछ लोग अपनी प्रत्याशिता वापस करेंगे।

सूत्रों की माने तो दो उम्मीदवार अपना-अपना पर्चा 29 अप्रैल को वापस ले सकते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जिलेभर के 1519 बूथों पर दो-दो ईवीएम की व्यवस्था करनी होगी। इन दिनों चर्चा यह है कि भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने जहां नामांकन पत्र दाखिल किया है तो उनकी पत्नी नेहा पाठक भी बतौर निर्दलीय उम्मीदवार डटीं हैं। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से प्रोफेसर रामबख्श वर्मा व उनके पुत्र आलोक वर्मा भी ताल ठोंक चुके हैं। दोनों ही लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल कर रखे हैं। सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के प्रस्तावक पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे के पुत्र भानु प्रताप सिंह भी निर्दलीय प्रत्याशी हैं। हालांकि नामांकन की आखिरी तारीख 25 अप्रैल तक बसपा के इमरान बिन जफर समेत कुल 28 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे।

# एम चिश्ती स्कूल के मेधावी सम्मानित

**छिबरामऊ।** अनुशासन में रहकर मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले बच्चे ही कामयाब होते हैं।यह बात एम चिश्ती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जाहिद चिश्ती ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कही। नगर के जेरकिला स्थित एम चिश्ती पब्लिक स्कूल में कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक जाहिद चिश्ती ने कहा कि अनुशासन में रहकर मेहनत और लगन से पढ़ने वाले बच्चे ही कामयाब होते हैं और ऐसे बच्चे ही अपने परिजनों का नाम रोशन करते हैं और समाज में बदलाव लाते हैं। कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया पुरस्कार पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# सांसद की फोटो से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अजय तिवारी नाम की इस आईडी से लोधी समाज को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी
- भाजपा सोशल मीडिया सेल के जिला संयोजक ने तिर्वा कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार।** चुनाव के दौरान किसी ने भाजपा सांसद की फोटो लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बना ली। उसके माध्यम से लोधी समाज व अन्य वर्गों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। भाजपा सोशल मीडिया सेल के जिला संयोजक ने अज्ञात युवक पर तिर्वा कोतवाली में तहरीर दी है।

भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद सुब्रत पाठक के प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने बताया कि सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर किसी ने अजय तिवारी नाम से फर्जी आईडी बनाई, जिसमें सांसद का फोटो लगा दिया है। इस फेसबुक आईडी से समाज के कई वर्गों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया तो विशेषकर लोधी समाज के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। उन्होंने बताया कि चुनाव में यह विपक्षी दलों की चाल है। वैमनस्यता फैलाने के उद्देश्य से इस आईडी को बनाया गया, जिसकी डीपी में जानबूझकर सांसद की फोटो का प्रयोग किया गया है। भाजपा सोशल मीडिया सेल के जिला संयोजक हिमांशु सक्सेना ने तिर्वा कोतवाली में तहरीर देकर फेसबुक आईडी को बंद कराने तथा आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। तिर्वा के प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि जांच पुलिस की सोशल मीडिया सेल को दी गई है।



तिर्वा कोतवाली में प्रार्थनापत्र देते जिला संयोजक हिमांशु सक्सेना। अमृत विचार

# बिजली कटौती को लेकर मतदाताओं में नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- करीब एक सप्ताह से बेपटरी हुई तिर्वा में आपूर्ति

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव सिर पर आ गया है। प्रत्याशी व उनके समर्थक गांव-गली में वोट मांग रहे हैं। इसी बीच करीब एक सप्ताह से बिजली कटौती ने मतदाताओं में नाराजगी बढ़ा दी है। तिर्वा इलाके में दिक्कत अधिक है। सोशल मीडिया पर लोगों जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।

20 अप्रैल के बाद से तहसील व नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त तिर्वा में बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई है। इसको लेकर फेसबुक व एक्स पर लोग तरह-तरह की बातें लिख रहे हैं। नेताओं व बिजली विभाग के खिलाफ सोशल मीडिया पर खूब लिखा जा रहा है। साथ ही चुनाव में बदला लेने तक की बातें पोस्ट की जा रहीं हैं। कुछ लोग इस पर तंज भी कस रहे हैं।

ठठिया रोड के डॉ. अशोक कुमार का कहना है कि बिजली के आने व जाने का कोई समय नहीं है। कई-कई घंटे तक बिजली नहीं आती। गर्मी की वजह से मरीजों की हालत बिगड़ जाती है। दुर्गानगर निवासी आशीष तिवारी का कहना है कि नेता तो महज वोट लेने आते हैं, उनको जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। 13 मई को वोट की चोट की जाएगी।

**चुनावी कसरत** | जिलेभर के 1519 मतदेय स्थलों के लिए पेन, सुतली व स्याही समेत सभी सामग्री पैक

# रवागनी से पहले कार्मिकों को मिलेंगी 35 वस्तुएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 12 मई को कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ से निकलेंगी पोलिंग पार्टियां



मतदान कार्मिकों के लिए सामग्री पैक करते कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बूथों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को महज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ही नहीं, बल्कि काफी सामग्री दी जाएगी। मशीन को छोड़कर अन्य 35 तरह की सामग्री पैक हो गई है जो 12 मई को वितरित की जाएगी।

कलेक्ट्रेट परिसर में पहली मंजिल पर पंचायती राज विभाग के करीब 30 सफाईकर्मियों ने करीब 1700 पैकेट तैयार कर लिए हैं। 1519 बूथों के सापेक्ष 10 फीसदी से अधिक सामग्री पैक हुई है। बताया गया है कि बूथ पर बैंगनी रंग का स्टांप पैड, स्टांप पैड की इंक शीशी, कॉपिंग पेंसिल, साधारण पेंसिल, तीन नीले व एक लाल पेन, ए-फोर साइज पेपर, आलपीन डब्बी, गोल धागा, सीलिंग बाक्स की बत्ती, छह मोमबत्ती, लेई, फेवीगम, माचिस, ब्लेड, कार्बन पेपर, कपड़े का टुकड़ा, एरोंक्रास मार्क रबर मुहर, लोहे की कील, कपड़े का थैला, लोहे की पत्तनी, रबर बैंड, दफ्ती के टुकड़े, सूजा, रैपिंग पेपर, अमिट स्याही रखने के लिए प्लास्टिक गिलास, मेडिकल किट, सुतली, अंदर आने का रास्ता व बाहर जाने का रास्ता (लिखा हुआ कागज), महिला व पुरुष लिखी पट्टी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी बैज, सैलो टेप, मतदाता पर्ची, डस्टबिन डब्बा व वेबकास्टिंग/ सीसीटीवी पोस्टर रखा गया है। बताया यह भी गया है कि इसके अलावा भी काफी अन्य प्रारूप व लिफाफे हैं, उनका भी वितरण किया जाएगा।

### सामग्री में ये वस्तुएं हैं शामिल

बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट व उसका रोल, मतदाता सूची, गैरहाजिर, शिफ्टेड व मृतक वोटर सूची, निविदत्त मतपत्र, स्पेशल टैग, बीयू, सीयू व वीवीपैट के कॉमन एड्रेस टैग, ग्रीन पेपर सील, पिंक पेपर सील, शुभिन्नक चिह्न की रबर मुहर, ब्रास सील, प्रत्याशियों की सूची प्रारूप सात क, उम्मीदवारों व एजेंटों के नमूना हस्ताक्षर, पोलिंग एरिया का ब्योरा, चार प्रकार के साइनेज व दो साइनेज ईवीएम से संबंधित, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मॉक पोल स्लिप मोहर, डमी बैलेट शीट व अमिट स्याही शीशी कुल 23 सामग्री बाद में पैक की जाएंगी। इनका भी वितरण मतदान कार्मिकों को किया जाएगा।

# आरक्षण खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपा

**जलालाबाद, कन्नौज।** रविवार को ब्लाक क्षेत्र के ग्राम डिगसरा में सपा के राष्ट्रीय सचिव राम शंकर लोधी ने समाज के लोगों से वार्ता कर मतदान के लिए जागरूक किया। कहा कि देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए सभी एकजुट होकर मतदान करें।

गोष्ठी के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान में बदलाव कर ओबीसी और एससी आरक्षण समाप्त करने का प्रयास कर रही है। कहा कि समाज के लोग जागरूक होकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत करें। जब लोकतंत्र मजबूत होगा तो हमारे का विकास होगा और संविधान को मजबूती मिलेगी। इस दौरान अभिषेक श्रीवास्तव, नीरज यादव, रजनीकांत पाल, कल्लू यादव, प्रिंस राजपूत, अजय राजपूत, अरविंद राजपूत, आशाराम राजपूत, देशराज राजपूत, अमरनाथ राजपूत, किशन लाल राजपूत, सुभाष चन्द्र, ओम सिंह, राधेश्याम आदि रहे।

# मतदान बहिष्कार का किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर अकबरपुर सरायघाघ में विकास न होने से लोगों ने मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया और रविवार को बुद्धि-शुद्धि यज्ञ में आहुतियां डालीं।

सरायमीरा अकबरपुर सरायघाघ के लोगों ने मोहल्ले में विकास न होने से मतदान का बहिष्कार कर दिया है। शनिवार को बैनर लगा कर मोहल्ले में प्रदर्शन करने के बाद रविवार को प्रशासन की बुद्धि-शुद्धि के लिये यज्ञ किया। बताया कि मोहल्ले को बसे 20 से 25 वर्ष हो चुके हैं। यहां पर मूलभूत सुविधाओं की पूरी तरह से कमी है। सीवर लाइन, सड़क, बिजली, पानी, जल निकास समेत कई महात्वपूर्ण काम होने हैं। लोगों का कहना है कि मोहल्ले के लोग पहले मोहल्ला ग्राम पंचायत में होने से विकास से वंचित रहे। अब मोहल्ला नगर पालिका में शामिल होने के बाद भी विकास से पूरी तरह से महरूम हैं। अब लोगों का विश्वास जन प्रतिनिधियों से हट गया है। रविवार को बुद्धि-शुद्धि यज्ञ करके प्रशासन को मोहल्ले में विकास कराने के लिये जगाने का काम किया है। इस मौके पर गिरीश चंद्र दुबे, प्रवीण मिश्रा, राजेश कुमार पाल, रीतेश चतुर्वेदी, कमल त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, अंकित त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, हर्षित त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी, अकित यादव, देव त्रिपाठी आदि लोग रहे।



मोहल्ले में बुद्धि-शुद्धि यज्ञ करते लोग। अमृत विचार

### घर-घर मतदाता जागरुकता, मोहल्ले में विरोध, प्रशासन मौन

**कन्नौज।** पहले चरण में कम हुए मतदान प्रतिशत को देखते हुए शासन के आदेश पर प्रशासन पूरी तरह से मतदान प्रतिशत अधिक करने में जुट गया है। गांव हो या शहर हर जगह प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। वहीं, शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर में विकास न होने से नाराज लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। बैनर लगा कर प्रदर्शन करने के बाद भी प्रशासन ने इस मोहल्ले के लोगों की सुध नहीं ली है। न ही अधिकारियों ने इस मोहल्ले की जनता की बात सुनी है। इसी के चलते लोगों ने बुद्धि-शुद्धि यज्ञ कर प्रशासन को जगाने का काम किया है। फिर भी प्रसासन नहीं जागा है।

# डीएम देते रहें आदेश... गुमराह कर रहे उपजिलाधिकारी तिर्वा

## कन्या सुमंगला योजना का आवेदन गलत तरीके से निरस्त, शिकायत निस्तारण में भी त्रुटियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दुधारू गाय बने लेखपाल को बचाने में जुटे उपजिलाधिकारी
- दूसरी बार भी लेखपाल की गलत आख्या को आगे बढ़ाया


आईजीआरएस पोर्टल पर किया गया शिकायत का गलत निस्तारण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तिर्वा एसडीएम मनमानी पर उतारू हैं। डीएम का भी आदेश उनको रास नहीं आता है। नियम विरुद्ध काम करना उनकी आदत बन गई है। इस वजह से कन्या सुमंगला योजना का आवेदन गलत तरीके से निरस्त कर दिया। मामले की शिकायत डीएम से हुई फिर भी अपनी 'दुधारू गाय' बने लेखपाल को वह बचाने में जुटे हैं।

दरअसल, तिर्वा कस्बे के मोहल्ला दुर्गानगर निवासी शुभा ने बेटी को कन्या सुमंगला योजना की दूसरी किस्त दिलाने के लिए 12 अगस्त 2023 को ऑनलाइन आवेदन किया था। उस दौरान टीकाकरण कार्ड व शपथ पत्र भी लगाया था। तिर्वा के लेखपाल हृदेश पांडेय ने गलत आख्या लगा दी। उसके बाद एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार ने आवेदन को निरस्त कर दिया। कई दिनों बाद भी जब दूसरी किस्त नहीं आई तो प्रोबेशन विभाग में जानकारी की गई। वहां से बताया गया कि तहसील स्तर से आवेदन निरस्त कर दिया गया है। शुभा ने गलत तरीके से आवेदन निरस्त किए जाने की शिकायत 28 फरवरी 2024 को की। लेखपाल ने अपनी गलती छिपाने के लिए आईजीआरएस प्रकरण में गलत तरीके से रिपोर्ट लगाकर उसका निस्तारण कर दिया।

तहसीलदार व एसडीएम तिर्वा ने गलत रिपोर्ट पर आंख मूंदकर भरोसा कर आगे 24 मार्च को निस्तारण कर दिया। उधर, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मामले की शिकायत 14 मार्च को हुई। डीएम ने एसडीएम तिर्वा से प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही आख्या भी मांगी। लेकिन एसडीएम अपने 'दुधारू' लेखपाल को बचाना चाहते हैं।

इस वजह से दूसरी बार भी उसी की गलत आख्या को आगे बढ़ा दिया। 18 मार्च को उन्होंने गलत तरीके से डीएम की चिट्ठी का भी निस्तारण कर अपने आलाधिकारी को गुमराह कर दिया।

### लेखपाल ने यह लगाई रिपोर्ट

- तिर्वा के लेखपाल हृदेश पांडेय ने गलत ढंग से किए निस्तारण में रिपोर्ट लगाई है कि पूर्व में पंजीकरण हो चुका है। एक किस्त मिल चुकी है। दूसरी बार रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन निरस्त किया गया। जिससे क्षुब्ध होकर शिकायत की जा रही है। दूसरी ओर लेखपाल या एसडीएम तिर्वा यह नहीं बता रहे हैं कि अगर उन्होंने आवेदन सही निरस्त किया है तो आखिर दूसरी किस्त मिलेगी कैसे। इस पर अफसर खुद का व कर्मी का बचाव कर रहे हैं।

### पीसीएस हैं फिर भी नियम नहीं जानते!

- प्रोबेशन विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म के बाद छह अलग-अलग किस्तों में अभिभावक को लाभ मिलता है। छह चरणों तक एक-एक कर सभी के प्रपत्र लगाकर उसी पुराने आवेदन संख्या पर आवेदन करना पड़ता है। कहा जा रहा है कि पीसीएस होते हुए भी एसडीएम तिर्वा अशोक नियमों से अनजान हैं। वह लेखपाल हृदेय पांडेय की ओर से कही जा रही एक ही रट पकड़े हैं आवेदन दोबारा किया गया है। भला उनको कौन समझाए कि जब छह चरणों तक पात्रता पूरी होती जाएगी तो उसके कागज लगाकर हर बार पुरानी आईडी से आवेदन करना होगा।

### जिले से भी मिलीभगत

- जनपद के कुछ अधिकारी व कर्मचारी मिले हुए हैं। विभागीय कर्मियों की गलती छिपाने के लिए वह भी निचले स्तर की गलत रिपोर्ट को स्वीकार कर प्रकरण को स्पेशल क्लोज निस्तारण कर देते हैं जिससे दोबारा उस पर फीड बैक न दिया जा सके।

## किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

**उन्नाव।** मौरावां थानांतर्गत खेत गया किसान जर्जर विद्युत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। हिलौली गांव के मोहल्ला खागा निवासी राजू (36) पुत्र रामखेलावन खेती करता था। शनिवार शाम वह घर से डेढ़ किमी दूर अपने खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गया था। खेत के पास निजी ट्यूबवेल में बिजली आपूर्ति के लिये लगे ट्रांसफार्मर में गई एचटी लाइन के तार जर्जर होकर लटक रहे थे। राजू का हाथ तार में छू गया और वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल जाते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

# ईर्ष्या, निंदा से भरे हैं संसार के कर्म

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा अशोक कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर महात्मा अशोक कुमार ने कहा कि गुरु की शरण में जाने से मनुष्य के अंदर विशालता और सहनशीलता जैसे दिव्य गुणों का समावेश होता है। सत्य अनंत है। सत्य का ज्ञाता सत्य को जानने वाला सतवचनी होता है।

सतगुरु के वचनों को मानने वाले सतवचनी गुरुसिख हमेशा सहज जीवन जीते हैं। सद्गुरु की सीख में भक्ति भरा जीवन जीने का सागर बहता है। संसार की सोच और कर्म तो ईर्ष्या निंदा और नफरत से भरे हैं। लेकिन सद्गुरु सीधी सच्ची राह दिखाकर सरल जीवन जीने की ही प्रेरणा देती है। भव बंधनों से मुक्ति ही जीवन में मोह, माया, लोभ, दोष आदि से मुक्ति है। मन के बंधनों से मुक्ति आत्मा को सदा सर्वदा के लिए मुक्त करके परमात्मा का स्वरूप ही बना देती है। जब इंसान संकट में आता है, तब उसे भगवान की याद आती है। जब वह सुखों के साथ होता है तब वह प्रभु को भूल जाता है। संतों का कहना है कि यदि सुख में भी प्रभु का सुमिरन किया जाए तो दुख नजदीक आ ही नहीं सकता है। जिस प्रभु ने मनुष्य को जन्म दिया, वह किसी न किसी रूप में इंसान को अपने होने की प्रेरणा भी देता रहता है। पर इंसान इसे समझ नहीं पाता है। जो परमात्मा इतना नजदीक है, उसे जानने के लिए इंसान तैयार ही नहीं है। जैसे मधुमक्खी मधु में ही रहना पसंद करती है। इसी तरह मायाधारी इंसान हर परिस्थिति में माया में ही डूबा रहता है। समय के सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज जन जन को सत्य का साक्षात्कार करा रहे हैं। सत्संग में महात्मा विपिन कुमार, वीरभान, सुशील, लालाराम, सुरेंद्र, सुनील, शिवा, चुन्नू लाल, सुनीता, सुमित, ईश्वर दयाल, मुन्नी, ऊषा, छाया, जानकी, रामा, रजनी, मालती आदि मौजूद रहे।

- हर परिस्थिति में माया में ही डूबा रहता इंसान

## मंगलवार से शुरू होगा महावीर मेला

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** महावीर मेला समिति सराय प्रयाग द्वारा 157 वर्ष पुराने 20 दिवसीय महावीर मेला आयोजन 30 अप्रैल मंगलवार से किया जाएगा। मेले में बच्चों के खेलकूद के लिए झूला आदि लगाए जाएंगे। जबकि दुकानदारों द्वारा दुकानें लगाकर मेला का आयोजन होगा। जिसमें दूर दराज से आने वाले भक्त खरीददारी भी करेंगे। यह जानकारी महावीर मेला समिति सराय प्रयाग के प्रबंधक राजीव कटियार ने दी। बताया कि मंगलवार को मेला स्थल पर हवन पूजन का आयोजन कर शुभारंभ किया जाएगा।

## सार-संक्षेप


गौशाला में भूसा भिजवाते किराना कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता। अमृत विचार

### किराना कमेटी ने गौशाला को दान किया 30 कुंतल भूसा

**छिबरामऊ।** नगर के किराना कमेटी के अध्यक्ष ने इलाके की विकूपुर गौशाला में करीब 30 कुंतल भूसा भरकर ट्रैक्टर से पहुंचा दिया। किराना कमेटी अध्यक्ष के कार्य की नगर के लोगों ने तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह का सहयोग सभी लोगों को करना चाहिए। नगर निवासी प्रदीप गुप्ता नगर की किराना कमेटी एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। वह हर वर्ष अपने खेत का सात बीघा भूसा इलाके की विकूपुर गौशाला में गोवंशों के लिए दान करते हैं। रविवार को भी प्रदीप गुप्ता ने अपने खेत का सात बीघा खेत का भूसा ट्रैक्टर में भरकर विकूपुर गौशाला गोवंशों के लिए भेज दिया। नगर के लोगों ने प्रदीप गुप्ता के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इलाके के सभी लोगों को इस तरह से गौशालाओं में भूसा देने में सहयोग करना चाहिए।

### सौरिख बाजार आया किशोर लापता

**सौरिख, कन्नौज।** कस्बा में बाजार करने आया किशोर लापता हो गया। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की। लेकिन पता नहीं चला। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के हुसेपुर करन निवासी हिमांशु (15) पुत्र शिशुपाल शनिवार को पांच बजे सौरिख बाजार से समान लेने आया था। देर रात तक वापस घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं लगा। मां सीता देवी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### चिकित्सा अधिकारी कक्ष से एसी चोरी

**कन्नौज।** जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके विश्वकर्मा ने बताया कि उनके कार्यालय में लगा एसी किसी ने चोरी कर लिया। सुबह जब चौकीदार सुभाषचंद्र पुत्र भजनलाल ने कक्ष का ताला खोला तो उसमें लगा एसी गायब था। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से शिकायत की। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### सीएचसी पर आयुष्मान भव अभियान शुरू

**कन्नौज।** जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव की शुरुआत हो गई है। रविवार को 1308 मरीजों को उपचार दिया गया। जिले के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुषमान भव के तहत मरीजों की जांच के बाद उपचार दिया गया। इस दौरान 1308 मरीज उपचार लेने पहुंचे। इन में 594 पुरुष व 519 महिला और 195 बच्चों को जांच के बाद उपचार दिया गया।सीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि इसी तरह जिले के 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने मेले में पहुंच कर उपचार की व्यवस्था जांची। इस दौरान मरीजों को निशुल्क उपचार के संबंध में जानकारी ली। कहा कि मेले में महिलाओं को बच्चों को टीके लगाने के साथ ही हैपेटाइटिस बी व सी के टीके लगाये जाते हैं। टीबी की जांच की जाती है। नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। गोल्डन कार्ड बना कर दिये गये।

### पति ने पत्नी के साथ की मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के बरुआहार गांव निवासी वन्दना पत्नी योगेंद्र सिह ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि वह 27 अप्रैल की सुबह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी दौरान उसका पति आया और भद्दे आरोप लगाने लगे। जब पति की बातों का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## 26 दिन बाद जारी हुआ स्कूल चलो अभियान का संदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यूं तो परिषदीय स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत पहली अप्रैल से हो चुकी है, लेकिन स्कूल चलो अभियान के लिए पत्र 26 दिन बाद जारी हुआ है। बीएसए ने नामांकन बढ़ाने के लिए सभी बीईओ को चिट्ठी लिखी है।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के 24 अप्रैल को जारी पत्र का हवाला देते हुए शैक्षिक सत्र 2024-25 में स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षकों, बच्चों व अन्य लोगों में जागरुकता लाने के लिए डोर-टू-डोर सर्वे करने को कहा गया है। इससे स्कूलों के लिए माहौल भी बनेगा। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने पत्र में कहा है कि विद्यालय व ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी भी निकाली जाएं। स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाए। बीएसए का कहना है कि अभियान इस तरह चले कि छह से 14 साल तक का कोई भी बच्चा नामांकन व शिक्षा ग्रहण करने से छूटे न। विद्यालय प्रबंध समिति के साथ बैठक कर नामांकन बढ़ाने में सहयोग लिया जाए। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगी है इसलिए कोई व्यक्ति राजनीतिक लाभ न ले सके। बीएसए ने विद्यालय प्रबंध समिति व शिक्षक-अभिभावक बैठक में विद्यालय के पूर्व छात्र या गणमान्य व्यक्तियों को भी शामिल कर प्रवेश संख्या बढ़ाई जाए। हालांकि कुछ स्कूलों की ओर से खुद के प्रयास से पूर्व में ही रैलियां निकाली गईं हैं।

# डिवाइडर से टकराया ट्रक, लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


ट्रक में लगी आग पर पानी की बौछार करते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जीटी रोड बाईपास पर जिला अस्पताल के पीछे तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। ट्रक में कोयला लदा था, इससे उसमें आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

रविवार की सुबह कोयला लाद कर एक ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था। जीटी रोड बाईपास पर जिला अस्पताल के पीछे जैसे ही ट्रक पहुंचा, उसी समय चालक को झपकी आ गई। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। खास बात यह रही कि ट्रक नहीं पलटा लेकिन उसमें कोयला लदा होने से किसी तरह आग लग गई। चालक व परिचालक ने किसी तरह ट्रक से कूद कर जान बचाई। ट्रक से धुआं उठता देख आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंच गये।

- दमकल टीम ने मौके पर पहुंच कर बुझाई आग

घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। तो पुलिस ने दमकल टीम को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम के एफएसएसओ संदीप तंवर, एलएफएम सुरेंद्र सिंह, ड्राइवर नरसिंह देव, सिपाही आकाश गौतम, मयंक प्रताप सिंह, जगत सिंह, राहुल कुमार ने पानी की बौछार छोड़ कर आग पर काबू पाया। इससे ट्रक में कोई खास नुकसान नहीं हो सका।

## डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के गांव सुभानीखेड़ा निवासी सुल्तान (28) पुत्र शमशेर अली मगरवारा स्थित मिर्जा टेनरी नंबर-2 में मजदूरी करता था। शहर के करोवन मोड़ पर किराए का कमरा लेकर रहता था। शनिवार रात छुट्टी होने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। शुक्लागंज-उन्नाव मार्ग पर रात करीब 10 बजे मगरवारा चौकी क्षेत्र में डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसकी सांस चलती देख पुलिस ने एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसकी जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। वह तीन भाइयों में छोटा था। अभी उसकी शादी नही हुई थी।

# चुनाव में गई रोडवेज बसें, ट्रेनों में बढ़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिस को लेकर गैर जनपदों में गई हैं बसें

**अमृत विचार।** चुनाव को लेकर रोडवेज बसें पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस बल को लेकर गैर जनपदों में चलीं गईं हैं, जिससे ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है और रोडवेज बस स्टेशन पर सन्नाटा छाया रहता है। कई घंटों तक इंतजार करने के बाद भी यात्रियों को बसें नहीं मिल पा रहीं हैं।

कन्नौज में एक्सप्रेस-वे से लेकर नेशनल हाईवे गुजरे हैं, जो लोगों के आवागमन के लिए बेहतर हैं। जिले के लोग अधिकतर लंबे सफर के लिए रोडवेज बसों का प्रयोग करते हैं। परिवहन विभाग के पास वर्तमान में 62 सरकारी और तीन अनुबंधित बसें हैं। इसमें अधिक बसें दिल्ली, आगरा, हरदोई, कानपुर के लिए चलती हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 11 रोडवेज बसें चली गई, दूसरे चरण के लिए 12 बसें गईं हैं। बसों के लोकसभा चुनाव में चले जाने के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घंटों बसों के इंतजार में यात्री रोडवेज स्टेशन पर बैठे रहते हैं। रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों के बैठने के लिए सात लोहे की बेंच पड़ी हैं। यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते बेंच भर जाती हैं तो यात्री पेड़ की छांव का सहारा लेते हैं। कुछ यात्री तो दुकानों की पड़ी टीन के नीचे ही बैठ जाते हैं। ऐसी स्थिति में लोग ट्रेन से जाते हैं, जिस कारण ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। जिले से करीब 12 एक्सप्रेस और 15 जोड़ी पैसेंजर ट्रेन गुजरतीं हैं। प्रतिदिन ट्रेनों की जनरल बोगियों में यात्रियों की भीड़ देखी जा सकती है। लोग पायदान पर भी लटक कर यात्रा करने को मजबूर हैं। बसों की कमी के कारण डग्गामार वाहन भी यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

> कई बसें लोकसभा चुनाव में गैर जनपदों के लिए चलीं गईं हैं। प्रदेश के सभी डिपो से बसें फोर्स को लेकर गईं हैं। इस कारण बसों की कमी है। लंबी दूरी की बसों को नहीं भेजा गया है।
>
> -सुदेश निगम, सहायक क्षेत्रीय प्रबंध- परिवहन निगम

## मधुमक्खियों से बचने के लिए नहर में कूदा, डूबकर हुई मौत

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के कलंदर खेड़ा गांव स्थित अपनी ससुराल आए वृद्ध पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। उनसे बचने के चक्कर में वृद्ध नहर में कूद गया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव के मजरा रुपनी खेड़ा निवासी लल्लू यादव (60) पुत्र स्व. छेदी की ससुराल दही थानाक्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव के मजरा कलंदर खेड़ा में है। उसने वहां खेती खरीद रखी है। शनिवार को वह गेहूं की फसल कटवाने गया था। लेकिन, रात में वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। उनसे बचने के प्रयास में भागते समय वह अनियंत्रित होकर औंधे मुंह नहर में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे निकाला।

**लापरवाही** — तिर्वा क्षेत्र के बौरापुर गांव का हाल, शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर

# ट्रांसफार्मर फुंका, चार दिन से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- लोगों के सामने खड़ी हो गई पेयजल समस्या

**अमृत विचार।** ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते बौरापुर गांव में आधे से अधिक लोगों के घरों में बिजली आपूर्ति बाधित चल रही है। बिजली न आने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना के बाद भी समस्या का निदान नहीं किया गया है।

ब्लाक क्षेत्र के बौरापुर गांव के लोगो को बिजली आपूर्ति के लिए गांव में तीन स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं, जिससे लोगों को बिजली आपूर्ति बेहतर तरह से की जा सके। चार दिन पहले गांव में लगा ट्रांसफार्मर जो आधे गांव को बिजली देता था। वह ओवरलोडिंग के चलते फुंक गया। इससे आधे गांव की बिजली गुल हो गई। लोगों की शिकायत पर बिजली विभाग के कर्मचारियो ने दूसरा ट्रांसफार्मर रखवा दिया। इसके बाद भी आपूर्ति सही नही की गई। आपूर्ति सही न होने के कारण किसानो के लगे सबमर्सिबल पंप बंद हो गए। किसानों को चार दिन से फसल की सिंचाई करने के लिये पानी नहीं मिल रहा। इससे मक्का समेत मूंगफली की फसल सूख रही है। वहीं गांव में भी अंधेरा पसरा हुआ है। यही नहीं भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोग परेशान हैं। पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों के सामने पेयजल समस्या विकराल हो गई है।

लोगों को पीने के पानी भी नहीं मिल रहा है। लोग दूर से दुसरे घरों से पानी लाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से खासी दिक्कत हो रही है लेकिन विभाग के उच्चाधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।


गांव में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।

> आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर लगवाया गया था। तकनीकी समस्या के कारण ट्रांसफार्मर काम नही कर रहा है। जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगवाकर आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।
>
> -कुलदीप राजपूत, विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी

### ट्रांसफार्मर रखा, पर नहीं जोड़े तार


राजेश कुमार।

राजेश कुमार ने बताया कि पांच दिन पहले ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसे बदलवाया गया। मेन लाइन से तार नहीं जोड़े गए। गर्मी मे आपूर्ति न होने से परेशानी हो रही है।

### सूखने लगीं खेत में खड़ीं फसलें


नरेश।

नरेश ने बताया कि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान फसलें दो दिन में सूखने लगतीं हैं। चार दिन से आपूर्ति न आने से परेशानी अधिक होती जा रही है।

### गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल


चंद्रप्रकाश।

चंद्र प्रकाश ने बताया कि गर्मी के दौरान आपूर्ति न होने से घरों में रुकना मुश्किल पड़ रहा है। मकान गर्मी में तप रहे हैं। विभाग कोई ठोस कदम नही उठा रहा है।

### गांव में पीने के पानी की किल्लत


अर्चना।

गांव निवासी अर्चना ने बताया कि चार दिन से बिजली न आने से पीने की पानी की दिक्कत हो रही है। निकट के घरों से पानी लेकर काम चलाया जा रहा है।

# कनेक्शन काटने पर मंडी सचिव ने लाइनमैन को पीटा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- आरोप, मंडी सचिव अवैध रूप से इस्तेमाल कर रहे थे बिजली


जानकारी देता लाइनमैन।

**अमृत विचार।** अवैध बिजली कनेक्शन हटाने से नाराज मंडी सचिव ने साथियों व गार्डों के साथ मिलकर लाइनमैन को जमकर पीट दिया। मारपीट के दौरान लाइनमैन के कपड़े फट गए। दोबारा कनेक्शन काटने पर जान से मार देने की धमकी दी।

निगम मंडी फीडर पर रवि कुमार पुत्र प्रमोद कुमार संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात है। दोपहर दो बजे के करीब रवि मंडी के बाहर रखे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ रहा था। उसकी नजर ट्रांसफार्मर से अवैध तरीके से जोड़े गए तार पर पड़ी, जो मंडी सचिव के कार्यालय तक गया था। लाइनमैन रवि ने मंडी सचिव का अवैध कनेक्शन से जुड़ा तार काट दिया। इस दौरान मंडी गार्ड रमेशचंद्र और नवीन चौहान और लाल सिंह ने देख लिया। इसकी जानकारी मंडी सचिव सचिन कुमार उर्फ श्रवण को दी। मंडी सचिव ने गार्डों के अलावा चार पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर लाइनमैन को जमकर पीट दिया, जिससे उसके कपड़े फट गए और घायल हो गया। मंडी सचिव ने दोबारा तार जुड़वा लिए और धमकी देते हुए कहा कि दोबारा काटने पर जान से मार देगें। लाइनमैन रवि ने बताया कि मंडी पर 12 लाख 82 हजार रुपए का बकाया है और कनेक्शन काट दिया गया था। दोबारा अवैध रूप से जोड़ लिया गया है। रवि ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी।

## युवती को बहला फुसलाकर भगाया

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उनकी 18 साल की बेटी को ग्राम बशीरापुर भाट निवासी दीपू पुत्र प्रताप बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उनकी बेटी अपने साथ मोबाइल व दस हजार रुपये की नकदी भी ले गई है। पुलिस ने युवक की तहरीर पर दीपू के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक चोरी

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला कांशीराम कॉलोनी अकबरपुर सरायघाघ निवासी मोहम्मद शमीम ने बताया कि उनका बेटा नदीम राजमिस्त्री का काम करता है। शनिवार को वह डीआईओएस ऑफिस के पास एक मकान में काम करने गया था। उसने बाइक बाहर खड़ी कर दी और अंदर चिनाई का काम करने लगा। इसी दौरान किसी ने बाइक चोरी कर ली। घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# चुनाव में फिर उठेगा कताई मिल का मुद्दा

## 23 साल से बंद पड़ी है कंपिल की कताई मिल, चालू होने से युवाओं को मिल सकता है रोजगार

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रोजगार के मुद्दे पर नेता बात तो करते हैं, मगर उस पर अमल करना मुनासिब नहीं समझते। यही वजह है कि 23 साल से कायमगंज तहसील क्षेत्र में बंद पड़ी कंपिल कताई मिल आज तक चालू नहीं हो सकी है। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव में नेता मिल चालू कराने की बात कह जनता के बीच जाते तो हैं, लेकिन फिर भूल जाते हैं। अब लोकसभा चुनाव फिर सिर पर हैं तो यह मुद्दा फिर गरमाने लगा है। वर्ष 1983 में तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने कंपिल सहकारी कताई मिल का उद्घाटन किया था, जिसकी सुध लेने वाला आज कोई नहीं है। मिल चालू न होने से कताई मिल में लगीं करोड़ों रुपये की मशीनें और बेशकीमती जमीन निष्प्रयोज्य पड़ी है। कोई इसका पुरसाहाल नहीं है। मिल बंद होने से बेरोजगार हुए लोगों की सुध लेने तक जनप्रतिनिधि नहीं जाते हैं। जिला प्रशासन भी चुप्पी साधे है। चुनाव के दौरान ही नेताओं को भी कताई मिल की याद आती है।

**80 करोड़ का कर्ज होने से बंद हुई थी मिल:** केंद्रीय मंत्री रहे खुर्शीद आलम खां के प्रयास से कंपिल सहकारी कताई मिल चालू हुई थी। मिल चालू होने पर लगभग 1250 श्रमिक रखे गए थे। मिल में तीन शिफ्टों में श्रमिक कार्य करते थे। काम अच्छा चला तो कुछ सालों में ही श्रमिकों की संख्या लगभग 1800 हो गई। मगर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते मिल में धीरे-धीरे घाटा होना शुरू हो गया। ध्यान न दिए जाने के कारण वर्ष 2000 में मिल 80 करोड़ के घाटे में पहुंच गई। इस पर जिला प्रशासन ने एकाएक मिल बंद कर दी थी। तब से मिल बंद पड़ी है।


डॉ. नवलकिशोर।


मुकेश राजपूत।


क्रांति पांडे।

- वर्ष 1983 में तत्कालीन राष्ट्रपति ने कंपिल सहकारी कताई मिल का किया था उद्घाटन

### दोबारा शुरू करवाएंगे

जनता ने मौका दिया तो संसद में कंपिल कताई मिल को दोबारा शुरू कराने व गंगा एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से निकाले जाने का मुद्दा उठाऊंगा, क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है।

– डॉ. नवल किशोर शाक्य, प्रत्याशी इंडिया गठबंधन

### मिल में अब कुछ नहीं बचा

कंपिल कताई मिल में अब कुछ बचा नहीं है। जनपद में आलू आधारित उद्योग लगाने के लिए मोहम्मदाबाद के गांव धीरपुर में जमीन अधिग्रहित करवाएंगे। जिले के विकास के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से बात होती रहती है।

–मुकेश राजपूत, सांसद व भाजपा प्रत्याशी

### किसी ने नहीं दिया ध्यान

कंपिल कताई मिल चालू कराने के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। मैं वादा करता हूं कि अगर सांसद बना तो सबसे पहले मिल चालू कराने का मामला ही संसद में उठाऊंगा।

– क्रांति पांडेय, प्रत्याशी बसपा

### मिल चालू होने से युवाओं को मिलेगा रोजगार

त्योरखास निवासी अंकुर पाल कहते हैं कि कंपिल कताई मिल चालू हो जाए तो युवाओं को नौकरी करने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यहीं उन्हें रोजगार मिल जाएगा और वह खेतीबाड़ी भी कर सकेंगे।

### दोबारा नहीं आते नेता

कंपिल निवासी अरविंद कठेरिया का कहना है कि मिल चालू होने से लोगों को रोजगार मिलेगा। नेता चुनाव के दौरान मिल चालू कराने का वादा तो करते हैं, मगर फिर पलटकर नहीं देखते।

### हालत हो रही खस्ताहाल

मिल में अभी भी करोड़ों रुपये की मशीनें लगी हैं। मिल को चालू कराए जाने के प्रयास तो कई बार हुए, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। मिल का टिनशेड बरसात में टपकता है। बिल्डिंग भी जर्जर हालत में पहुंच गई है। मिल परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी हैं। मिल में अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

# दबंगों ने किशोर की कर दी पिटाई

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में शराब पीने को पानी न देने पर दबंगों ने एक किशोर को मार पीट घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला हाथीखाना निवासी सेठराम बाथम की जेएनवी रोड स्थित आरडी लॉन के पास परचून की दुकान है। सेठराम का 14 वर्षीय पुत्र छोटू दुकान पर बैठा हुआ था। दुकान पर दो युवक कृष्ण और प्रांशु आए और छोटू से शराब पीने के लिए पानी मांगने लगे।

छोटू ने पानी देने से मना कर दिया। तो दोनों युवकों ने छोटू को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। इस पर छोटू ने मारपीट की सूचाना परिजनों और पहुंची पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छोटू को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने इलाज के बाद छोटू का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले पर फतेहगढ़ कोतवाल ने बताया मारपीट की तहरीर छोटू के पिता सेठराम ने दी है। घायल छोटू का जिला अस्पताल लोहिया में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आगे जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

### संस्कार भारती की जिला कार्यकारिणी गठित

**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती की बैठक हुई। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष व सचिव के अलावा नरेंद्रनाथ मिश्र को कोषाध्यक्ष, नवीन मिश्रा नब्बू को कार्यकारी अध्यक्ष, अनिल प्रताप सिंह, डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव, महेश पाल सिंह उपकारी को उपाध्यक्ष, प्रीतु वर्मा, शिवम दीक्षित को सह सचिव बनाया गया। विधाओं में गौरव मिश्रा बंटी को संगीत, प्रीति तिवारी को साहित्य, अरविंद दीक्षित को नाट्य, अर्पण शाक्य को चित्रकला, शशिकांत को लोककला, रजनी को नृत्य, भूपेंद्र प्रताप को प्राचीन कला, हेमलता को भू अलंकरण व अमित सक्सेना को फिल्म विधा की जिम्मेदारी दी गई। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि आगामी दिनों में सांस्कृतिक पर्यटन यात्रा व अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। बैठक का संचालन दिलीप कश्यप ने किया। इस अवसर पर अखिलेश पांडेय, समरेंद्र शुक्ला, अनुभव सारस्वत, सुनीता सक्सेना, राम अवतार शर्मा, दीपक सक्सेना व राम मोहन शुक्ल आदि मौजूद रहे।


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### बंद घर से लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में बन्द पड़े मकान से चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव रजलामई निवासी स्वर्गीय श्याम सिंह का पुत्र राजू अपने परिवार सहित 26 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को फिरोजाबाद दीदी के घर पर गया हुआ था। जब राजू अपने परिवार सहित रविवार को वापस लौट कर आया अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था। तभी राजू ने बताया कि मेरे घर से चोरों ने चार साड़ी, पीतल के बर्तन, 50 हजार की नकदी और एक चांदी की करधनी चोरी कर ली। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित राजू ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना शमशाबाद में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले पर थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया गांव रजलामई में चोरी हुई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



सभा के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### सपा पर बरसे राज्य मंत्री हीरा ठाकुर

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज ग्राम पंचायत सलेमपुर में सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त हीरा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य मौजूद रहे। राज्य मंत्री हीरा ठाकुर ने कहा कि भाजपा को वोट दोगे तो मां लक्ष्मी कमल के फूल पर विराजमान होकर आएंगी। अगर यह सरकार न बन पाए तो गोल टोपी वालों का फिर से आतंक हो जायेगा। हीरा ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी वर्ग विशेष में विश्वास नहीं करती, सबका साथ सबका विकास की बात करती है। पहले गांव में बिजली के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते थे। आज हर घर में बल्ब जल रहा है। राज्य मंत्री हीरा ठाकुर को कमालगंज रिसीव करने पिछड़ा वर्ग के अरविंद ठाकुर कई गाड़ियों के काफिले के साथ रिसीव करने पहुंचीं।

### जीजा के घर आई साली पेड़ पर चढ़ी, पुलिस ने किया रेस्क्यू

**अमृतपुर, फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में जीजा के घर आई साली नीम के पेड़ पर चढ़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर उसे उतारा। बीते दो दिन पूर्व अपने जीजा के घर आई युवती अचानक आधी रात को पेड़ पर चढ़ गई। जब इसकी जानकारी घर में सो रहे अन्य परिजनों को हुई तो वह उसे ढूंढने लगे। घर के बाहर जाकर देखा तो नीम के पेड़ पर उन्हें कुछ आवाज सुनाई दी। परिजनों ने टॉर्च की रोशनी में देखा तो पेड़ पर युवती चढ़ी हुई थी। उसे समझा बुझाकर कर नीचे उतारने का प्रयास किया परंतु वह नहीं मानी। परिजनों ने राजेपुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और रेस्क्यू के बाद युवती को सकुशल नीचे उतारा।

### बस की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव रोशनाबाद निवासी जितेंद्र व कन्हैया और आयुष बाइक से कायमगंज से वापस जा रहे थे। तभी थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव फैजबाग के पास बस ने जितेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार जितेंद्र, कन्हैया और आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए आयुष और कन्हैया को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

## एक नजर

### किशोर को सांप ने डसा

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव खजूरी नगला निवासी देव सिंह का 13 वर्षीय पुत्र प्रशांत घर के बाहर घूम रहा था। तभी प्रशांत के पैर में सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर कायमगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

### टूटे तार की चपेट में आकर बालक झुलसा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कस्बा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास लगा हुआ विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर से एचटी लाइन का तार टूट कर नीचे गिर गया। वही से गुजर कर एक बच्चा किराने की दुकान से शकर लेकर जा रहा था। वह विद्युत तार की चपेट में आ गया। उसी समय चाय के होटल पर बैठा हुआ नीरज कस्यप ने जब यह माजरा देखा तो एक डंडे से बिजली के तार को हटाया तब कही जाकर बच्चे की जान बच सकी।

### चीनी मिल में लगी आग

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी में स्थित सहकारी चीनी मिल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें कंप्यूटर प्रिंटर फर्नीचर अभिलेख सहित पूरा जीएम कार्यालय के संपूर्ण लेखाजोखा जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना लगभग 5 :36 पर फायर ब्रिगेड को दी गई। जिस पर सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड मौके पर पहुँची और लगी हुई सुगर मिल के अंदर जीएम कार्यालय में आग पर काबू पाया। जब तक आग पर कब पाया जा सकता था तब तक पूरा अभिलेख जलकर राख हो गए।

### प्रेक्षक ने लगाई ड्यूटी

**फर्रुखाबाद।** सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा व जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह की उपस्थिति में एनआईसी कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में पोलिंग बूथों पर तैनात किये जाने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाईजेशन किया गया। इसमें 190 माइक्रो ऑब्जर्वर को विधान सभा क्षेत्र का आवंटन किया गया। जिनका प्रशिक्षण 6 मई को होगा।

# गठबंधन तय करेगा प्रधानमंत्री का चेहरा: सलमान खुर्शीद

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री व स्टार प्रचारक सलमान खुर्शीद ने कहा प्रधानमंत्री का चेहरा हमारे दिल में बहुत साफ है, लेकिन गठबंधन तय करेगा कि प्रधानमंत्री कौन होगा। खुर्शीद ने अपने गृह क्षेत्र पितौरा स्थित अपने नाना डॉ. जाकिर हुसैन के महल परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में यूपी में कांग्रेस व गठबंधन की सीटों के सवाल पर यह बयान दिया। उन्होंने कहा अभी नहीं कह सकते है कि गठबंधन कितनी सीटें लाएगी। कहा पिछले 20 दिन से उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार से लोग उनसे मिलने आ रहे हैं। वह भी कह रहे हैं अब हवा का रुख बदल गया है। जो लोग बीजेपी के लिए कह रहे थे, वो अब बीजेपी की स्थिति ठीक नहीं बता रहे हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस की स्थिति पहले से और अच्छी हुई है। वह बोले उन्हे लगता है इंडिया गठबंधन का अच्छा प्रदर्शन होगा।

महाराष्ट्र, हरियाणा पंजाब, मध्यप्रदेश, असम हर जगह अच्छा प्रदर्शन होगा। उत्तर प्रदेश में भी दो चरण के चुनाव में उनके पास जो जानकारी आई है। उसमें पहले फेस में इंडिया एलाइंस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हम आएंगे तो हमारे सारे गठबंधन के साथी बैठकर यह तय करेंगे किसको प्रधानमंत्री बनाया जाए। प्रधानमंत्री का चेहरा हमारे दिल में बहुत साफ है लेकिन हमने मुंह बंद कर रखा है। इसलिए गठबंधन का एक धर्म है। गठबंधन तय करेगा कि कौन प्रधानमंत्री बनेगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री की पत्नी व पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, अनिल मिश्रा, आफताब खां, शकुंतला देवी, उजैर खां, आरिफ परवेज, अकील लाला, सावेज उर्फ मंत्री आदि लोग मौजूद रहे।


पत्रकारों से रूबरू होते सलमान खुर्शीद। अमृत विचार

# पुलिस के सामने भिड़े युवक, तीन हिरासत में

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली के जेल चौराहा पर दबंगों की मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। रेलवे क्रॉसिंग का फाटक खुलने पर बाइक सवार आकाश का पैर गगन की गाड़ी में लग गया। पैर गाड़ी में लगने पर दोनों में कहासुनी होने लगी, देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर दर्जन भर पुलिस कर्मियों के तैनात होने के बाद भी बेखौफ दबंग आपस में मारपीट करते रहे हैं। पुलिस कर्मियों के पहुंचने के बाद भी दोनों आपस में भिड़ते रहे। पुलिस कर्मियों को बीच-बचाव करने में पसीना छूट गया, पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है।


मारपीट के दौरान बीच-बचाव करती पुलिस।

# कार की टक्कर से वृद्धा घायल

**फर्रुखाबाद।** मुरैठी निवासी 65 वर्षीय वृद्धा राजकुमारी पति शिवबक्श के साथ शमशाबाद से दवा लेकर घर आ रही थी। तभी अज्ञात कार ने राजकुमारी को टक्कर मार दी। इस पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

# किन्नरों ने भूमि विवाद को लेकर जम कर हंगामा किया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भूमि पर कब्जे के विवाद में किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर हो रहे निर्माण कार्य को रोक दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नबाब न्यांमत खां निवासी चंद्रकांत तिवारी पल्ला चौकी के सामने खाली पड़ी भूमि पर अपना निर्माण कार्य शुरु करा रहे थे। उसी दौरान मौके पर आशा किन्नर, साधना किन्नर, सुनीता किन्नर, अंजली किन्नर, रंगोली किन्नर आदि करीब दर्जन भर से अधिक किन्नर मौके पर आ गए। उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध किया। किन्नरों ने बताया की जिस जगह पर निर्माण कार्य किया जा रहा है उस जगह पर किन्नरों का धार्मिक स्थल है, जहां दशको से किन्नर समाज के लोग पूजा करते चले आ रहे हैं। किन्नरों ने ताली पीटकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पल्ला चौकी प्रभारी योगेश कुमार मौके पर पंहुचे और दोनों पक्षों को थानें ले आए। चौकी प्रभारी ने अभिलेख मांगे तो चंद्रकांत ने अभिलेख दिखा दिए लेकिन किन्नर पक्ष अभिलेख नही दिखा सका। पुलिस ने अभिलेख तलब किए। पुलिस जांच कर रही है।

# गंगा में डूबने से बालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- ग्रामीणों की सहायता से पुलिस ने शव निकाला, दोस्तों के साथ गंगा नहाने गया था राज

**अमृत विचार।** गंगा नहाने गया सात वर्षीय बालक डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव बकरा याकूतगंज निवासी रामबाबू का 7 वर्षीय पुत्र राज थाना गांव के कुछ बच्चों के साथ घर पर बिना बताए थाना कमालगंज के गांव खेमरैंगाई के पास गंगा नहाने गया था। जहां वह नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। बालक राज के डूबने की जानकारी उसके साथ गए बच्चों ने गांव आकर दी। जानकारी मिलने पर परिजन व ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंची। सूचना पर डायल 112 पुलिस व कमालगंज थानाध्यक्ष राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बालक को गंगा नदी से बाहर निकला। बालक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मृतक बालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बालक के पिता रामबाबू ने बताया कि वह मजदूरी करने गया था। गर्मी की वजह से उसका बेटा गांव के अन्य बच्चों के साथ गंगा नहाने चला गया। जहां वह गहरे पानी में डूब गया। उसे घटना की सूचना फोन पर दी गई। जब तक वह घर आया तब तक उसका बेटा उसे छोड़ कर जा चुका था।


राज।


घटना स्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

**समस्या** पांच ओवरलोड फीडरों को ठीक करने में लगा है बिजली विभाग

# पारा चढ़ते ही मंडराएगा बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गर्मी के दस्तक देते ही जनपद के पांच फीडर ओवरलोड होने लगे हैं। इसका खामियाजा इन फीडरों से जुड़े लगभग 26,500 उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा। हालांकि विभागीय अधिकारियों का दावा है कि गर्मी शुरू होने से पहले ओवरलोड फीडरों की व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाएगी। बिजली विभाग के निर्देश हैं कि गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति की जाए। इसके साथ ही लाइनलॉस रोका जाए, जिससे ओवरलोड की समस्या खत्म हो सकें। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर इसको लेकर लगातार छापेमारी अभियान भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जनपद के पांच फीडरों कायमगंज ग्रामीण क्षेत्र में दमदमा, कायमगंज सिटी व शहरी क्षेत्र में अंगूरीबाग, ठंडी सड़क आरएमआर फीडर व जसमई सिटी फीडर में लाइनलॉस ज्यादा है, जिससे यह फीडर ओवरलोड हो जाते हैं। इन तीनों फीडरों पर लगभग 26,500 उपभोक्ता जुड़े हैं। सर्दी के दौरान ओवरलोड की समस्या कम थी, लेकिन गर्मी के दस्तक देते ही ओवरलोड की समस्या बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी में यह समस्या और बढ़ेगी, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना होगा। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि लाइनलॉस रोके जाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। बकाएदारों कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं।



**ओवरलोड फीडर व उससे जुड़े उपभोक्ताओं की संख्या**

| फीडर | उपभोक्ता |
|---|---|
| ठंडी सड़क आरएमआर | 3498 |
| जसमई सिटी फीडर | 4944 |
| अंगूरीबाग | 4399 |
| दमदमा | 6367 |
| कायमगंज सिटी | 7346 |

### प्रबंध निदेशक ने लाइनलॉस फीडरों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक पंकज कुमार ने अधीक्षण अभियंता फर्रुखाबाद को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं कि जनपद के लाइनलॉस वाले फीडरों की व्यवस्था दुरुस्त कर ओवरलोड की समस्या से निजात दिलाई जाए। गर्मी से पहले इस समस्या को हर हाल में समाप्त कर दिया जाए।

"जनपद में लाइनलॉस वाले पांच फीडर हैं, जिन पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। लाइनलॉस कम भी हो रहा है, जिससे ओवरलोड की समस्या खत्म हो जाएगी। बकाएदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। गर्मी से पहले लाइनलॉस वाले फीडरों को दुरुस्त कर लिया जाएगा।

–अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, फर्रुखाबाद

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर डीसीएम की टक्कर से पिता पुत्र गंभीर घायल हो गए। पिता-पुत्र को सीएचसी से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मरहाला निवासी राजीव आठ वर्ष के पुत्र प्रिंस को लेकर जनपद मैनपुरी थाना बेवर में बुआ के बेटी की शादी में शामिल होकर रविवार को बाइक से वापस आ रहे थे। लगभग साढ़े 10 बजे जब वह मदनपुर के गांव नगला खान सिंह के सामने पहुंचे। तभी सामने से आ रहे डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। राजीव व पुत्र प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक डीसीएम को तेजी से भगा ले गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिता-पुत्र को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉ. सनी मिश्रा ने दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# कांग्रेस के समय महिलाओं को नहीं मिलता था सम्मान: बेबी रानी मौर्य


सभा को संबोधित करतीं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार


सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में आयोजित लोकसभा महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य पहुंचीं। सम्बोधन के दौरान बेबी रानी मौर्य ने कहा कि पहले कांग्रेस की सरकार में महिला को सम्मान नहीं मिलता था। मंच पर महिला को चढ़ने नहीं दिया जाता था। आज केंद्र में मोदी की सरकार में महिला को मंच पर बैठने का मौका दिया जाता है और सम्मान मिलता है। उन्होंने ने कहा कि पहले की सरकारों में महिला सुरक्षित नहीं थीं। घर से अकेले निकल नहीं पाती थीं। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चोर, माफिया प्रदेश और देश छोड़ कर भाग गए हैं। आज घर-घर महिलाओं को गैस चूल्हा देने का काम भाजपा की सरकार में हुआ है। अब महिलाओं को चूल्हे पर बैठकर धुंआ नहीं खाना पड़ता है। अब हमारी महिलाएं सुरक्षित हैं। वहां मौजूद कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, भाजपा प्रत्याशी की पत्नी सौभाग्यवती, पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य मिथिलेश अग्रवाल, समाजसेवी डॉ. रजनी सरीन, श्वेता तिवारी आदि मौजूद रहीं।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# युवा बेरोजगारी अधिक

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (अईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसद युवा हैं। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद, युवाओं के लिए रोजगार सृजन अपर्याप्त है जो कि आईएलओ की रिपोर्ट से पता चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी स्नातक डिग्री धारकों में पाई गई। इनमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित समूह था जबकि भारत उन देशों में से एक है जहां महिला श्रम बल भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम, करीब 25 फीसदी है। ऐसे में गैर-कृषि रोजगार बढ़ाने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत भी जोर है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

# कैसे बहने लगी पूर्वोत्तर में बदलाव की बयार


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है।

बीती 26 अप्रैल को लोकसभा की देशभर के अलग-अलग राज्यों में फैली 88 सीटों के लिए मतदान हुआ, पर एक खास बात की कमोबेश अनदेखी ही हुई। दूसरे चरण की पोलिंग में मणिपुर में 77.18 फीसद और त्रिपुरा में 78.53 फीसद तक मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों जितना अधिक मतदान देश में कहीं नहीं हुआ। इससे पहले, पहले दौर के मतदान में मेघालय में 70.26 फीसद, मिजोरम में 54.18 फीसद, नगालैंड में 56.77 फीसद, त्रिपुरा और मणिपुर में क्रमश: 89 फीसद से कुछ कम और लगभग 70 फीसद मतदान हुआ। यही नहीं, कहीं कोई हिंसा भी नहीं हुई।

मतदान के ये आंकड़े बहुत कुछ साफ-साफ कहते हैं। ये उन तमाम लोगों को शांत करवाने के लिए काफी हैं, जो दावा करते थे कि पूर्वोत्तर राज्यों में शांति अभी दूर की संभावना है। सच तो यह है कि पूर्वोत्तर भारत की सफलता की कहानी बनकर उभरा है। पूर्वोत्तर से देश भर संदेश गया है कि कोशिश हो तो जटिल विवाद हल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई खूंखार उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूर्वोत्तर के 80 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है।

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बेशक, यह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की सुधरती स्थिति की ओर इशारा करता है। देश के लिए सिरदर्द बनने वाले उल्फा, यूएनएलएफ, डीएनएलएफ, एनएलटीएफ जैसे संगठन शांति स्थापित करने के लिए तैयार हुए और उनके कैडर देश- प्रदेश की मुख्यधारा में शामिल हो



गए। इन उग्रवादी संगठनों के हजारों कैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें पुनर्वासित किया जा रहा है।

दरअसल पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति का लंबा इतिहास रहा है। यहां उग्रवाद, अवैध घुसपैठ और अन्य समस्याओं के कारण पूरा क्षेत्र पक्षाघात की स्थिति मे ला कर खड़ा कर दिया गया था। कहना पड़ेगा कि पिछली सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। यही नहीं, पूर्वोत्तर राज्य की पुरानी समस्याओं को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ की यह सारा क्षेत्र जलने लगा। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वहां की जनता को मूर्ख बना कर उनका ध्यान भटकाया जाता रहा।

नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो विकास के लिए केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर है। यह सब होने के बावजूद इसकी घोर उपेक्षा की गई। अगर पूर्वोत्तर राज्य अब अमन की तरफ पूरी तरह से बढ़ रहे है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके तेज तर्रार गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। अमित शाह के पास एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जो उनके सभी पूर्ववर्तियों को भी मात देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र को अमित शाह ने पूर्वोत्तर में मन से लागू किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सक्षम मध्यस्थता के कारण अग्रवादी संगठनों को शांति का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह साबित होता है कि, अगर इरादे हों तो जटिल मुद्दों को भी हल किया जा सकता हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद और विद्रोह के बढ़ते मामलों के कई कारण रहे हैं। लेकिन सबसे मुख्य कारण क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाही बरतने का है। जिसके लिए लगातार कांग्रेस की सरकारें ही जिम्मेदार रही हैं। एक बात जान लेना होगा कि अगर किसी मसले का ईमानदारी से हल खोजा जाए तो फिर हल निकलता ही है। पिछले दसेक सालों के दौरान

पूर्वोत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्यु में 86 प्रतिशत की कमी आई है।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है।

शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है, चाहे वह सड़क कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, दूरसंचार,आदिवासी कल्याण आदि हो।

2014 के बाद से उत्तर-पूर्व भारत की कहानी एक नीति के तौर पर एक महत्वपूर्ण केस-स्टडी होगी जिसमे गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका को उचित महत्व दिया जाएगा । उन्होंने वास्तव में दुनिया को दिखाया है कि रणनीति और नीति के माध्यम से किसी क्षेत्र पर कैसे काबू पाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की सरपरस्ती में गृह मंत्री के ठोस प्रयासों ने पूर्वोत्तर भारत का चेहरा-मोहरा बदल दिया है। बदले हुए पूर्वोत्तर की नामवर हस्तियों को सारा देश पहचानने लगा है। मुक्केबाज मैरी कॉम को कश्मीर से लेकर गोवा तक का बच्चा-बच्चा अपना मानता है। मैरी कॉम को दादा ध्यानचंद या सचिन तेंदुलकर के कद का खिलाड़ी ही मान सकते हैं। वह छह बार विश्व चैंपियन रहीं और एक बार भारत को ओलंपिक पदक भी जितवा चुकी हैं। इन उपलब्धियों पर मैरी कॉम जितना चाहे फख्र कर सकती हैं। पर पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान देते रहना होगा। उसकी अब अनदेखी नहीं की जा सकती।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है। शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है।

## प्रसंगवश

# बिखराव व अलगाव के जिम्मेदार

हम सात दोस्तों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है। पहले कभी इसमें हम सुख-दुख बांटा करते थे । फिर इसे जमाने की हवा लग गई। अब इस पर जहर बोया और काटा जाता है। दो मोदी जी के भक्त हैं, दो विरोधी । बाकी के तीन डर और लिहाज की मिली जुली प्रेरणा से चुप रहते हैं।यह चारों सुबह-शाम हम बचे तीन लोगों को संदेश, वीडियो, अखबारी कतरनों से अपनी ओर मिलाने का प्रयास करते हैं। मेरा व्यापारी मन हैरान होता है। इतनी मेहनत सिर्फ तीन वोटो के लिए? रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के लिहाज से यह सौदा घाटे का है । पर उनका समर्पण देख मैं नतमस्तक हो जाता हूं।

यह अकेले मेरे दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप की समस्या नहीं है। परिवार, व्यापार, कॉलोनी तमाम व्हाट्सएप ग्रुप पर यही जहर सुबह शाम बंट रहा है। लोग अपने नेता के लिए रिश्ते नाते कुर्बान कर रहे हैं। कभी सोचता हूं क्या मोदी जी या राहुल गांधी को पता है सुदूर इंदौर में कोई उनका पार्टी कार्यालय रोशन करने के लिए अपना घर जला रहा है। मतलब सारे रिश्ते नाते तोड़ के आ गई(गया), ले मैं तेरे वास्ते सब छोड़ के....।


संजय वर्मा
इंदौर

क्यूं कर रहे हैं लोग ऐसा ? यह मुझे सामूहिक हिस्टीरिया जैसा लगता है वरना हमारे ग्रुप का एक वैज्ञानिक दोस्त किसी अतार्किक ऊलजलूल बात के समर्थन में तर्क क्यों ढूंढ कर लाता ?

मनोविज्ञान कहता है इन समर्थकों ने एक काल्पनिक दुनिया बना ली है, जिसमें पार्टी इनका परिवार खानदान और कबीला है जिसकी रक्षा के लिए वे अपना सर्वस्व कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। पार्टी का नेता उनका बड़ा भाई पिता या बाबा है, उसके संरक्षण में वे सुरक्षित महसूस करते हैं, प्रेम देते लेते हैं ।

मेरे एक मामा जी थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। बुढ़ापे तक आते-आते सब बिछड़ गए। उन्होंने देवी मां को अपना सगा मान लिया। दिनभर उनसे बातें करते। चाय पीने की इच्छा होती तो मां की मूर्ति के पास जाकर पूछते- मां चाय पियोगी ? फिर खुद ही जवाब देते- हां हां अभी बना कर लाता हूं ।

अकेला आदमी अपनी एक काल्पनिक दुनिया बसा लेता है।

अपने नेता के लिए जीने मरने वाले ये मित्र भी क्या मेरे मामा की तरह अपने कुटुंब कबीले से बिछड़ गए हैं ? पर एक समस्या और है , इस तरह हम उनके प्रेम को तो समझ सकते हैं , पर विरोधी गुट से उनकी नफरत को कैसे समझें जिसमें वे दिन रात उबल रहे हैं ?

एक मनोवैज्ञानिक ने बताया है - कभी कभी नफरत भी इंसान को जीने का मकसद देती है। खास तौर पर जब वह किसी समूह से हो। निरर्थक बेमकसद जीवन को किसी सागर में भटकी नाव की तरह नफरत का किनारा मिल जाता है। जीने का मकसद मिल जाता है।

बताते हैं जब इंसान कबीलों में रहता था तब अपने परिचय में नाम, पिता, कबीले और दीगर जानकारी के अलावा अपने दुश्मन का नाम भी बताता था। मतलब आपकी पहचान में आपका दुश्मन भी शामिल था। संभव है यह आदिम प्रवृत्ति हमारे भीतर अब भी हो । हम अब भी अपनी पहचान के लिए दुश्मन और उससे नफरत पर निर्भर करते हों । संभव है अपनी पहचान के संकट से जूझता इंसान नफरत में अपने होने को तलाश रहा है । इस नफरत से एक फायदा और होता है । जब आप एक समूह से नफरत करते हैं तो नफरत करने वालों का भी एक समूह बन जाता है और उनमें आपस में भाईचारा हो जाता है ।

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा । मैं अचानक अपने आप को अपराधी महसूस करने लगा हूं।

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा ।

# विश्वविद्यालयों की स्थिति एवं प्रशासनिक कार्य प्रणाली

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा की गई है। परंतु विश्वविद्यालय सामाजिक भ्रष्टाचार का केंद्र बनकर रह गए हैं। कुलपति अपने गलत कामों को सही ठहरने के लिए शिक्षकों का प्रयोग करने लगे हैं। सवाल है क्या इस तरह हमारे विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता दे पाएंगे। इन दिनों एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति और कुल सचिव के बीच चल रही अधिकारों और दायित्वों की जंग चर्चा में है। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 में स्पष्ट है कि कुलपति को राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धाराओं एवं परिनियम में वर्णित प्रावधानों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय का संचालन करना होगा। किन्तु देखने में आया है कि कुलपति जब नियम विरुद्ध कार्य करते हैं तो वह राजभवन को शामिल करने की चेष्टा करते हैं।

कुलपतियों की नियुक्ति में भी अपनाया जा रहा रवैया अजब है। कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति में किसी दूसरे विश्वविद्यालय के कुलपति को ही एक सदस्य बना कर अध्यक्ष बनाया जाता है। पांच साल का इतिहास देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक कुलपति की नियुक्ति में दूसरे विश्वविद्यालय का कुलपति अहम भूमिका निभाता है। फिर वही नियुक्त कुलपति दूसरे विश्वविद्यालय में नियुक्ति हेतु उसी के कुलपति हेतु चयन में मदद करता है जिसने उसे पूर्व में कुलपति हेतु चयनित किया था। 2020 में एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति की चयन समिति में यूपीटीयू के कुलपति अध्यक्ष थे, और उनके द्वारा ही एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय


ए.के. जैतली
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, बरेली

के कुलपति के नाम का चयन किया गया था । तत्पश्चात जब कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन का नंबर आया, तो वहीं एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, चयन समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने उन्हीं यूपीटीयू के कुलपति का नाम कानपुर में चयनित किया, जिन्होंने उन्हें पूर्व एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय हेतु चयनित किया था । इस तरह की चयन प्रणाली एक जांच का विषय है। इस तरह से विश्वविद्यालय के चयनित कुलपति विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुरूप कैसे खरे उतर सकते हैं?

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी। उस सूचना के आधार पर तो एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चयनित शिक्षकों का वेतन निर्धारण यूजीसी एवं शासन के मानकों के अनुरूप नहीं होगा। कुल सचिव व वित्त अधिकारी शासन का प्रतिनिधित्व करते हैं, और उनसे राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परनियमों के अनुसार यह अपेक्षा की जाती है कि वह विश्वविद्यालय में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों से शासन को अवगत कराएंगे । यही कारण था कि पूर्व वित्त अधिकारी ने विश्वविद्यालय में की जा रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमित्ताओं से राजभवन व शासन को अवगत कराया था। जिस पर जांच प्रस्तावित है। हाल में ही एमजेपी विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे। यह भयावक स्थिति है इस विषय में गंभीरता से सोचना होगा। विश्वविद्यालय के अधिनियम व परिनियम में कुलसचिव, उप कुलसचिव व सहायक कुलसचिव शासन के अंतर्गत सेंट्रलाइज्ड सर्विस से गवर्न होते हैं। शासन के अनुसार ये विश्वविद्यालय में सेंट्रलाइज्ड सर्विस से इसलिए नियुक्त किए जाते हैं ताकि वह अपने दायित्वों से पूर्ण नियम व कानून को कुलपति के समक्ष रखें और कुलपति को उसी के अनुसार कार्य करने की सलाह दें, चाहे वह वित्तीय या प्रशासनिक। जब तक कुलपति व शासन के द्वारा नियुक्त अधिकारियों के बीच टकराव नहीं होता, तब तक सब सही चलता रहता है और जब अहम के टकराव होते हैं, तो वही होता है जो विश्वविद्यालय में हो रहा है।

शिक्षा के उत्थान के लिए सरकार चाहे जितने कार्य कर ले, जब तक विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के आचरण और कर्तव्यों में नियम कानून का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक देश, प्रदेश की शिक्षा का उत्थान नहीं हो सकता। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, समाज का उत्थान, समाज को दिशा देने का कार्य विश्वविद्यालय कैसे कर सकते हैं विश्वविद्यालय की प्रथम प्राथमिकता नियम संगत कार्य करने की होनी चाहिए तभी विद्यार्थियों और समाज का कल्याण हो सकता है।

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी।

## सोशल फोरम

# फर्ज के कर्ज में जिंदगी

मतदान कर के आया तो एक ज्ञानी बुजुर्ग महोदय से मैंने पूछ लिया किस का स्कोर कितना होगा। वह बोले, यह तो नहीं बतला सकता पर आज मुझ पर, आप पर, हर एक पर 1.46 लाख रूपया कर्ज है।


प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

हर जन्मा बच्चा इस बेरहम समाज का कर्जदार हो कर आता है। आज हम पर 20.5 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। खरबपति, खगपति बढ़ते जा रहे हैं। कंगाली बढ़ रही है और मॉल है कि कह रहे हैं, लूट लो। कर्ज तो देश के विकास के लिए है पर खरबपति आगे बढ़ रहे हैं। यानी कि पर्दा हमारे नाम से उड्डा ईद मनाई लोगों ने।

आमदनी अठन्नी खर्चा रूपया के हिसाब में जब रोजगार नहीं है, मतदाता को रिझाने में सब मुफ्त होईगा तो यही होएगा। मानव संसाधन का प्रयोग नहीं है, 23 करोड़ गरीबी रेखा से नीचे हो गए हैं। पंचतत्व आदमी के भोगी प्रवृत्ति के कारण असंतुलन में हैं।

याद आई एक किताब लैरी इलियट और डॉन एटकिंसन की द गाड्स दैट फेल्ड। कारण एक खास के लिए करोड़ों को समर्पित किए जाने का जलवा। आर्थिक असंतुलन इस विश्व का कृत्रिम नेचर बन गया है। विश्व बाजार सूदखोर है। ब्रिटेन ने तो बैंक, सूदखोरी अर्थशास्त्र के सहारे दुनिया में राज किया। यह अर्थ, अनर्थ है।

हम भारतीय तो अपनी संस्कृति के द्वारा ही कर्जदार कर दिए जाते हैं। मातृऋण, पितृ ऋण, देव ऋण... जिंदगी न हुई सूदखोरी हो गई। सारी जिंदगी ऋण उतारने में चली जाती है, जिएंगे कब।

माता-पिता के लिए बच्चे कर्जदार क्यों। आज के बाजार में तो बच्चे हो लिए पैकेजेज। कैसा अर्थशास्त्र। एहसान तले दाब दो जन्म जन्मान्तर तक, उसका सूद खाते रहो। माता-पिता बच्चे का संबंध हो या प्यार कभी कर्ज नहीं होता, सहज जीने का एहसास है। ऋण तो भाषाई तिलिस्म है।

बच्चों को पालने में माता-पिता का आनंद है तो मां-बाप को पालने में बच्चों को भी आनंद ही आना चाहिए। दोस्ती है असल संबंध। चाहे बच्चों माता-पिता के बीच हो, पति-पत्नी के बीच। सारे संबंध कृत्रिम । और अब कृत्रिम बुद्धि।

**-फेसबुक वॉल से**

# पुराण में सांप और जीवाश्म विज्ञान

दुनिया में पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के 'बॉडी-साइज़' अर्थात इनके शरीर की आकृति, आमाप और आकार में फर्क क्यों है? क्या ये एल्व्युशन की प्रक्रिया के दौरान स्थिर हो गए हैं। कुदरत ने सभी जीवधारियों के शरीर के सम्बन्ध में कुछ घटकों को कैसे निश्चित किया? क्या फार्मूला रहा होगा?


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कुछ दिन पहले पुराविदों को सरीसर्प का एक जीवाश्म जमीन में दबा मिला कहा गया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सांप हुआ करता। इस बारे में हमारे यहां तो पुराण कथाओं में किसी और तरीके से कहानियां गढ़ी गई है जो सिर्फ एंटरटेन करती हैं, विज्ञान की बात नहीं बताती। आप चाहें तो इसे वासुकी नाग से जोड़ सकते हैं जिसके फन पर पृथ्वी टिकी हुई है। कोई कहता है यह वाराह के थूथन पर टिकी है। इस मामले में सबसे बढ़िया विवरण डेविड कोप का दिया हुआ है, जिसे हमें पढ़ना चाहिए।

कोप के विवरण जीवाश्म विज्ञान (पेलियंटोलॉजी) से संबंधित हैं। इस विषय पर हमारे यहां एक विशिष्ट टाइप का इंस्टिट्यूट लखनऊ में सन 1946 से कार्यरत है जिसका नाम है बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेलियोसाइंसेज। इसके काम काज के बारे में आमजन या अधिकांश फेस-बुकिये तो क्या जानेंगे विज्ञान लेखक भी कभी इस तरफ ध्यान नहीं देते। अधिकांश काम नर्मदा घाटी और हिमालय के जीवाश्मों की तरफ है और बेसिक रिसर्च से कोई खास लेना-देना नहीं। इंडियन सोसाइटी ऑफ़ पेलियोलॉजी भी है जो एक जर्नल का प्रकाशन करती है। डेविड कोप ने इनवरटीब्रेट्स (अरीढ़धारियों) के बारे में सूचना एकत्र कर इसे पचास खंडों में प्रकाशित किया और यह सब करते हुए एल्व्युशन के बारे में खूब लिखा। पृथ्वी के जीवधारियों के विकासक्रम के बारे में रिसर्च का काम चलता रहता है और नयी थ्योरीज सामने आती रहती हैं। पॉपुलर साइंस पत्रिकाएं भी इस विषय पर कम कवरेज देती हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोध प्रकाशित करने वाली कुछेक पत्रिकाओं में इस बाबत जानकारी का प्रकाशन नियमित होता है, खासतौर से 'नेचर इकोलॉजी एंड एल्व्युशन' जर्नल में।

सांप का जो नया जीवाश्म मिला है और इस खबर को भारत में भी अधिकांश अखबारों ने प्रकाशित किया है उसमें डिटेल्स तो हैं ही नहीं! रिसर्च से मालूम होता है कि विकास क्रम की प्रक्रिया में कुदरती हालात के बदलते रहने का जीवधारियों के बॉडी साइज़ को तय करने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ता रहा है। इसमें डेविड कोप की 'आईलैंड थ्योरी' का अध्ययन भी जरूरी है। कुल मिलाकर यह बड़ा रोचक विषय है।

निर्भर करता है कि जीवधारियों के बारे में जानकारी लेने के हमारे नज़रिए को पौराणिक आख्यान प्रभावित करते हैं या आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति? और अगर, दोनों के कारण मौजूद हैं तो फिर तुलनात्मक बात कहनी और समझनी चाहिए।

# हमारे लाला जी का फ़िल्मी शौक

हमें फ़िल्मी शौक यों ही नहीं है। ये हमें विरासत में मिला है। बल्कि कहिए कि डीएनए में है। हमारे पिता जी भी खूब फ़िल्में देखते थे। हमारे दादा जी को ये शौक जुनून की हद तक था। पार्टीशन से पहले वो अपने शहर मियांवाली में बजाजे का काम करते थे। उन्हें लाला जी कहा जाता था, लाला लक्ष्मण दास बजाजे आले। उन दिनों शहर में कोई सिनेमा हाल नहीं था। सिनेमा देखने वो कई बार लाहौर और रावलपिंडी गए।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

लाला जी की तरह के कई फ़िल्मी कीड़े थे। उन्हीं में एक थे - टिंबर मर्चेंट लाला गद्दी राम मानकताला। उन्होंने सिनेमाहाल बनाने की शुरुआत की। हमारे लाला जी और एक अन्य लाल चंद चुग भी उसमें पार्टनर बन गए। सिनेमाहाल का नाम रखा गया - दिलरुबा टॉकीज़। ये बात 1933 की है। शहर में तहलका मच गया। लोगों की लाईफ स्टाईल ही बदल गई। मनोरंजन का एक नया ज़रिया मिल गया। छोटा-बड़ा, जवान-बूढ़ा, हिंदू-मुसलमान, अमीर-फ़क़ीर, जिसे देखो सिनेमा की बात कर रहा है।

उन दिनों मियांवाली शहर में बिजली नहीं होती थी। दिलरुबा टॉकीज़ डीज़ल के जनरेटर से चलाया गया। शुरुआत के दिनों में प्रोजेक्टर भी एक था। लिहाज़ा रील ख़तम हुई नहीं कि दस मिनट का इंटरवल होता था। टॉकीज़ में भीड़ बहुत होती थी। पीछे की दो पंक्तियां लेडीज़ के लिए रिज़र्व होती थीं। जब कोई धार्मिक फ़िल्म लगती थी तो दोपहर का एक शो लेडीज़ स्पेशल रखा जाता था। कुछ साल बाद टॉकीज़ बंद हो गया। पार्टनर्स में आपसी मन-मुटाव ख़ास वज़ह थी। तब इसे बहादुर शाह अधलखा ने खरीद लिया और नया नाम दिया - बहादुर टॉकीज़।

लाला जी पार्टीशन के बाद दिल्ली में सेटल हो गए। यहां भी उन्होंने बजाजे का धंधा शुरू किया। लेकिन क़िस्मत ने साथ नहीं दिया। फिर उन्होंने चाबी के छल्ले और चेन के धंधे में हाथ डाला। काम जम गया। पहले रिटेल और फिर थोक व्यापारी हो गए। सदर बाजार में एक छोटी सी दुकान रख ली। सदर के पास बारह टूटी में वेस्टएंड सिनेमा हॉल था। लाला जी दुकान से उठकर चुपके से उठ कर फिल्म देख आते थे।

हम लोगों का गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली जाना होता था। लाला जी जेब खर्च के लिए रोज़ाना चवन्नी देते थे। जो आगे चल कर पांच रूपए हो गया। सिनेमा देखने के पैसे अलग से मिलते थे।


मंच पर मौजूद नेताओं के साथ जनता का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री अमित शाह। अमृत विचार


रैली में शामिल होने आईं महिलाएं। अमृत विचार

# सपा सरकार में माफिया का था बोलबाला : शाह

## केंद्रीय मंत्री ने इटावा के नुमाइश पंडाल में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा, योगी सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** सपा सरकार में गुंडागर्दी का मुद्दा गृह मंत्री अमित शाह ने जोर- शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि इटावा के लोग सपा शासन में हुई गुंडागर्दी अत्याचार को भुला नहीं सकते। लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जे, अपराधियों और माफियाओं का बोलवाला होता था। प्रदेश में योगी आदित्य नाथ की सरकार ने अपराधियों पर नकेल कसी। अब कहीं गुंडा- बदमाश नजर नहीं आते। वह नुमाइश पंडाल में पार्टी प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इटावा में योगी सरकार की योजनाएं भी गिनाईं। कहा कि यहां रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण को 35 करोड़ देने के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ भी लोगों को मिला है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जीजान से जुट जाएं। कहा कि इटावा में रेलवे स्टेशन के लिए 35 करोड़ रुपये दिए गए हैं। कई नई ट्रेनों का ठहराव किया गया है। कई सड़कें बनवाई जा रही हैं। एक्सप्रेस भी बन रहे हैं और पुल का निर्माण भी कराया जा रहा है। इटावा में 2 लाख 22 हजार किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि मिल रही है। उन्होंने इटावा के सांसद तथा प्रत्याशी डॉ. राम शंकर कठेरिया को अपना मित्र बताया और कहा कि मेरे मित्र राम शंकर कठेरिया को चुनाव जिताने के लिए मतदान करें। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यहां के युवा मेरे जिगर के टुकड़े हैं। इस पर युवाओं ने जमकर तालियां बजाईं।

जनसभा में गृहमंत्री भारी भीड़ देखकर उत्साहित दिखे। नुमाइश पंडाल पूरी तरह से खचाखच भरा रहा। बड़ी तादाद में महिलाएं भी अमित शाह को सुनने पहुंचीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, राम किशोर शाहू, प्रत्याशी डा रामशंकर कठेरिया, जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, औरैया अध्यक्ष भुवन प्रसाद गुप्ता, विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा, रघुराज सिंह शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, शिवमहेश दुबे, गोपाल मोहन शर्मा, इं हरि किशोर तिवारी, रजनीश पांडेय, आनंद सिंह, शिवकांत चौधरी, अमित तिवारी मानू, अंशुल अशोक दुबे, विमल भदौरिया समेत कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया और धार्मिक स्थलों को किया नमन

**इटावा।** संबोधन के दौरान गृह मंत्री ने इटावा के मतदाताओं के दिलों तक पहुंचने में कामयाब रहे। उन्होंने 1857 से 1947 तक चले स्वाधीनता आंदोलन में आजाद हिंद फौज के कमांडर स्व अर्जुन सिंह भदौरिया का स्मरण किया। उन्हें नमन करते हुए जनता को सीधे अपने साथ जोड़ा। यही नहीं उन्होंने काली वाहन मंदिर, कालीबाड़ी, नीलकंठ महादेव, पिलुआ महावीर, कालका देवी, महाकालेश्वर महादेव को भी नमन किया। उनका यह अंदाज भीड़ ने खूब पसंद किया।

### बांटी गईं पानी की बोतलें और पाउच

**इटावा।** सभा के दौरान चिलचिलाती धूप थी और तापमान 40 डिग्री के आसपास था लेकिन सभा के आयोजकों ने लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए पानी की व्यवस्था की थी। पानी के पाउच तथा बोतलें लोगों को लगातार दी जा रही थीं। जिससे वह अपनी प्यास बुझा सकें तथा गर्मी का एहसास न होने पाए।

# आग का गोला बनी बोलेरो किसी तरह बचा चालक

कार्यालय,चित्रकूट

- फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, कोई हताहत नहीं

**अमृत विचार।** चलती बोलेरो में अचानक आग लग गई। चालक ने किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। आग से लगभग सात महीने ली गई गाड़ी पूरी तरह से जल गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है।

घटना रविवार अपराह्न लगभग डेढ़ बजे की है। कर्वी कोतवाली अंतर्गत देवांगना घाटी में हनुमान धारा से पोखरवार होते हुए सोनेपुर लौटते समय बोलेरो में अचानक आग लग गई। इससे कुछ देर के लिए आसपास धुएं के गुबार से अंधेरा सा छा गया और कुछ देर के लिए आवागमन रुक गया। लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। जब तक आग पर काबू पाया जाता, वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वाहन पर सिर्फ चालक उमाशंकर निषाद सवार था, जिसने हल्की आग देखते ही वाहन खड़ा कर कूदकर खुद को बचाया। इससे कोई हताहत नहीं हुआ।


बोलेरो में लगी आग। अमृत विचार

# युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इकदिल थाना क्षेत्र के ग्राम नगला परमंदी निवासी एक युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

उक्त गांव निवासी ओम नारायण (45) पुत्र रतीराम ने अज्ञात कारण के चलते शुक्रवार देर शाम फसल में डालने वाली किसी दवा का सेवन कर लिया था। जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई हो जाने पर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई। परिजन उसको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार देर रात डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


ओम नारायण।

ओम नारायण की मौत की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने बताया कि ओम नारायण परिवार का घर चलाने के लिए खेती और मजदूरी किया करता था। घटना से पत्नी प्रभादेवी और तीनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा।** कोतवाली सदर क्षेत्र में यमुना नदी किनारे गांव धूमनपुरा में रहने वाले दलवीर सिंह राजपूत के 22 वर्षीय बेटे शिव कुमार राजपूत ने शनिवार रात साढ़े 10 बजे घर के ऊपरी कमरे में पंखे के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने गेट तोड़कर शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के मामा टीकाराम ने बताया एक दिन पहले ही पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया था, सोने की कहकर कमरे में चला गया था। वह अपने पीछे पत्नी शिवानी और छह महीने की बेटी नव्या के साथ परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से सूबेदार के बेटे की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास की घटना

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओवरब्रिज के पास आर्मी में तैनात सूबेदार के बेटे की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रविंद्र यादव (25) पुत्र सुरेश बाबू शनिवार देर शाम घर से बिना बताए निकल गए। खोजबीन के दौरान परिवार को जानकारी मिली कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के तेग बहादुर पुल के नीचे रेल की पटरी पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

परिवार के लोगों ने उसकी पहचान रविंद्र यादव के रूप में की। मृतक के मौसेरे भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि वह घर से बिना बताए रात करीब 10 बजे निकला था। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं घटना से परिवार में कोहराम मचा रहा। परिजन रोते-बिलखते रहे।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, दूसरा झुलसा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न होने के बाद टेंट का सामान लादते समय गृहस्वामी के साले की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। दूसरा रिश्तेदार गंभीर रूप से झुलस गया। उसका प्रयागराज में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, राजापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआगांव में सर्वजीत सिंह ने नए घर बनवाने के बाद गृह प्रवेश कार्यक्रम व अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ कराया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रविवार की सुबह लगभग दस बजे टेंट का सामान ट्रैक्टर में लादा जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान लोहे का पोल ऊपर से निकले हाईटेंशन तार से टकरा गया और सर्वजीत सिंह का साला चंदन सिंह (40) पुत्र सुखपाल सिंह निवासी बघला थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) की मौके पर मौत हो गई। बगल में खड़ा लव सिंह भी करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्रयागराज ले जाया गया। युवक की मौत से बहन सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। खुशी वाले घर में मातम पसर गया।


अस्पताल में शोकाकुल खड़े परिजन।

प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सिद्धांत राय ने मौके पर पहुंचकर चंदन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पत्रकार को धमकी देने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता सैफई, इटावा

- सीओ के आदेश पर थाना सैफई पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** इंस्टाग्राम पर एक युवक द्वारा तीन असलाह व कारतूसों की पेटियां लेकर प्रदर्शन करते हुए बनाई गई वीडियो रील्स की एक्स पर पुलिस से शिकायत करने पर आरोपियों ने सैफई के सुघर सिंह पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी। घटना के 20 दिन बाद सीओ के आदेश पर थाना सैफई पुलिस ने धारा 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। सैफई निवासी सुघर सिंह ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर देखा कि एक युवक मोंटी यादव की हाथ में दुनाली बंदूक, एक रिवाल्वर व एक रायफल व कारतूसों की पेटी का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो रील्स वायरल हो रही थी।

उन्होंने आगरा पुलिस को एक्स पर शिकायत की। जिस पर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। इसके बाद आरोपी बौखला गया और 9 अप्रैल को शाम 5 बजे उनके मोबाइल नंबर 9457262323 पर मोंटी यादव पुत्र पप्पू ग्राम गढ़वार थाना जैतपुर जनपद आगरा ने मोबाइल नंबर 7292033595 से कई बार कॉल की और धमकी दी। थाना सैफई पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सैफ तैमूरी ने एसएसपी इटावा से कि सुघर सिंह पत्रकार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# बाइक पर स्टंट करने वालों का काटा गया चालान

**इटावा।** बाइक पर स्टंट करने वाले दो लोगों का पुलिस ने चालान काटा है। एसएसपी ने बताया कि दो युवक रोड पर बाइक पर स्टंट कर रहे थे और उन्होने रील बनाकर उसे इंस्ट्राग्राम पर डाल दिया।

सोशल मीडिया सेल ने इसे संज्ञान लेते हुए दोनों बाइको चालान काटा है। जिसमें एक बाइक पर 18 हजार व दूसरे पर छह हजार का जुर्माना लगाया गया है।

एसएसपी ने लोगों से अपील की कि वह अपने बच्चों को बाइक पर स्टंट करने से रोकें और हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने को प्रेरित करें। स्टंट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को सराहा, छात्रों से ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मुख्य वैज्ञानिक अटारी, कानपुर डॉ. एसके सिंह एवं प्रभारी सब्जी विज्ञान कानपुर डॉ. रामबटुक सिंह ने अधिष्ठाता इटावा महाविद्यालय डॉ. एनके शर्मा के साथ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा के वर्कशाप एवं मत्स्य महाविद्यालय का अवलोकन किया। बीएफएससी पाठ्यक्रम के ईएलपी कार्यक्रम में छात्रों एवं संकाय सदस्यों से जानकारी ली। साथ ही मत्स्य फार्म का अवलोकन कर निकट भविष्य में अपनायी जाने वाली गतिविधियों के बारे में भी निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय में व्यवस्थाओं की सराहना की।


वर्कशॉप का निरीक्षण करते कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह एवं डॉ. एनके शर्मा।

- कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय का कृषि वैज्ञानिकों ने किया अवलोकन

इस अवसर पर इनके साथ कृषि विज्ञान केन्द्र इटावा के प्रभारी डॉ. एनके सिंह, इं बीएस चैहान, डॉ.आशीष कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. समरजीत सिंह एवं मत्स्य महाविद्यालय के गेस्ट फैकल्टी डा कैलाश चन्द्र यादव एवं डॉ. अरूण कुमार उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### हाईवे पार कर रहे व्यक्ति की वाहन की टक्कर से मौत

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव गुलजार नगर में रहने वाले कुलदीप कुमार (48) शनिवार की रात साढ़े नौ बजे हाईवे पार करके घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन का ड्राईवर टक्कर मारकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल कुलदीप को थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा सीएचसी महेवा भिजवाया। उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर चौकी इंचार्ज महेवा मोहनवीर ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### आर्यन ने 80 फीसदी अंक प्राप्त किए

**महेवा, इटावा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल मध्य प्रदेश के घोषित हुए नतीजों में क्षेत्र के ग्राम बहेड़ा निवासी समाजसेवी रहे दिवंगत सोनू चौधरी के पुत्र आर्यन चौधरी ने इंटर परीक्षा को 80 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। आर्यन की सफलता पर क्षेत्र के शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालो में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर ,पंडित राजीव तिवारी , विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर ,पंकज मिश्रा ,वीरेंद्र पोरवाल आदि प्रमुख हैं।

### बकरी चरा रही महिला व पुत्र के साथ मारपीट

**अछल्दा।** थानाक्षेत्र के गांव नगला भगत मुहम्मदाबाद निवासी रानी देवी पत्नी नरेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि रविवार शाम साढ़े 5 बजे अपने खेत पर बकरी चरा रही थी। तभी गांव का ही नामदज शराब के नशे में आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो लात-घूसों, डंडों से मारपीट करने लगा। शोर सुनकर पुत्र अंकुश बीच बचाव करने आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मतदान की अलख जगाई** — स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से समस्त पंचायतों में चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

# मतदान में महिलाओं की भागीदारी से देश सशक्त होगा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद इटावा के समस्त पंचायतों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के समस्त मतदाताओं को मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए महिलाओं द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

उपायुक्त स्वतः रोजगार शरद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एक वोट से जीत हार हो जाती है। आपका मत बेकार न जाए। सभी जनपद वासियों से अनुरोध है कि मतदान के दिन निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

सहायक विकास अधिकारी अखिलेश यादव, के नेतृत्व में विकासखंड जसवंतनगर में मतदान प्रतिशत कम वाले क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रवीण कुमार, मनीष कुमार सिंह, राहुल देव कनौजिया, कुलदीप समाधिया, रीनू, ज्योति, आईपीआरपी वर्षा राठौर, कीर्ति, प्रीति, अंजलि, दीप्ति, संध्या, डौली, रूबी, रजनी, स्तुति, रीमा, मनीषा ने मुख्य रूप से भाग लिया।


मतदान के प्रति शपथ ग्रहण करती महिलाएं। अमृत विचार


जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. कैलाश चंद्र एवं स्काउट पदाधिकारी। अमृत विचार

# मतदाताओं से संकल्प पत्र भरवाएंगे स्काउट- गाइड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता अभियान के लिए पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल एवं भारत स्काउट गाइड संस्था के सम्मलित प्रयास से छात्र-छात्राओ ने मनमोहक भाषण एवं स्लोगन से मतदाता जागरुकता अभियान को गति दी।

शत प्रतिशत मतदान के लिए अपने अभिभावकों एवं आम लोगों को प्रेरित किया। मतदान कराने को लेकर शपथ भी ली। स्काउट गाइड के केडैट्स ने सभी अतिथियों को स्काउट स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव एवं स्काउट सचिव रविन्द्र कुमार यादवने जन संपर्क रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**इटावा।** चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेट फार्मों पर पुलिस विशेष निगाह रख रही है। एक युवक ने अपने टयूटर हेंडल पर धर्म विशेष के खिलाफ पोस्ट डाल दी थी। जानकारी के बाद मीडिया सैल ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। रविवार को पुलिस ने संजेश कुमार पुत्र सुघर सिंह निवासी बुआपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** भरथना थाना के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह टीम के साथ गस्त पर थे। तभी मुखबिर की सूचना पर ओवरब्रिज के पास से युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा, कारतूस बरामद हुए। उसने अपना नाम विजय कुमार पुत्र श्याम सिंह यादव निवासी यादव नगर, भरथना बताया।

# सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कामकाज चलने के कारण सोमवार को कई स्थानों पर बिजली सप्लाई बंद रहेगी। स्टेशन बजरिया फीडर के तारों एवं पोल को बदलने के लिए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गुरु तेग बहादुर से संबंधित फीडर स्टेशन बजरिया के सभी क्षेत्रों, स्टेशन बजरिया, चौगुर्जी, शास्त्री चौराहा की अपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी। 29 अप्रैल को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत केबल बदलने का कार्य बराही टोला, बैरून टोला एवं जटपुरा के पास किया जाएगा। इस कार्य के दौरान सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक 33 / 11 केवी विद्युत उपकेंद्र इन्जिनारिंग कालेज के फीडर पूरबिया टोला से संबंधित क्षेत्रों की सप्लाई बाधित रहेगी। 29 अप्रैल को आरडीएसएस योजना अंतर्गत कार्य के लिए सुंदरपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र बदक तलैया, दरी मोहल्ला, कटरा शमशेर खान, महेरा चुंगी क्षेत्र की सप्लाई सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बाधित रहेगी।

### बिजली विभाग की कार्यशैली से रोष

**महेवा, इटावा।** बिजली विभाग की चेकिंग, कनेक्शन काटो अभियान और मनमाने बिल भेजने से आम जनमानस में रोष बढ़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि उनका लोड न होने के बावजूद लगे मीटरों से कई गुना ज्यादा बिल पिछले कई माह से आ रहा है। जेई आफिस से लेकर उपखंड कार्यालय तक शिकायत करने के बाबजूद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। कई उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर तथा जिला मुख्यालय शिकायते भी की हैं।

# आग बुझाने के संसाधन पर्याप्त नहीं, बचाव के लिए बरतें सतर्कता

## अप्रैल की शुरुआत से ही खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** इस समय खेतों में गेहूं की फसल पकी हालत में खड़ी है या कटी हुई खेतो में गट्ठे बांधकर किसानों द्वारा रखी गई है। ऐसे में फसलों को आग से बचाने के लिए सुरक्षा और जागरुकता बहुत जरूरी है। अप्रैल माह के शुरुआत से ही खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। जिले में आग बुझाने के पर्याप्त संसाधन न होना भी किसानों के लिए अभिशाप है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी तेजवीर सिंह नें बताया कि स्टाफ की कमी के चलते भी पूरा प्रयास रहता है कि अधिकतम प्रयास से आग लगने पर काबू पाया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले के सभी क्षेत्रों में जरूरत पड़ने पर समय से पहुंचने की पूरी कोशिश रहती है। उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर जरूरी संसाधन व स्टॉफ की मांग भी की गई है। बता दें कि पिछले 10 दिनों में आग की घटनाओं में औरैया, बिधूना, अजीतमल क्षेत्र में 250 बीघा से अधिक खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी है।

जानकारों का कहना है कि किसान बिजली विभाग, आपदा प्रबंधन के कार्यालय व संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर अपने पास रखें। खेत में बीड़ी-सिगरेट न पीएं। आग रोकने के लिए पास के नगर निकायों के अधिकारियों के संपर्क नंबर भी रखें।



औरैया का फायर स्टेशन। अमृत विचार

### फायर स्टेशनों में आग बुझाने के संसाधन व स्टाफ

- **औरैया :** 5500 लीटर टैंक, पांच हजार लीटर का टैंक, वॉटर मिस्ट हाई प्रेशर चार सौ लीटर, एफएसएसओ-0, एफएसओ -0, लीडिंग फायरमैन- 1. फायरमैन- 16, चालक-दो।
- **बिधूना :** 3500 लीटर का टैंक, एसएफओ-0, एफएसएसो-0, लीडिंग फायरमैन-1, फायरमैन-5, चालक-1
- **अजीतमल :** 2500 लीटर का टैंक, एसएफओ-0, एफएसएसो-0, लीडिंग फायरमैन-1, फायरमैन- 5, चालक-1

### आग लगने की विभिन्न घटनाएं

**घटना 01** 16 अप्रैल को अजीतमल और बेला क्षेत्र में आग लगने से लगभग 52 बीघा गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गई थी। आग से किसान पूरी तरह तबाह हो गया था। किसी तरह ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया था। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों को दूर से पानी लाने को इंतजाम करना पड़ रहा था।

**घटना 02** 17 अप्रैल को बिधूना तहसील क्षेत्र के गांव पसुआ में इंसुलेटर टूटकर गिरने से 13 बीघा गेहूं की फसल कर नष्ट हो गई थी। आग बुझाने के पास किसी तरह के कोई इंतजाम न होने से आग ने तेज से फैल रही थी। जिसे देख किसान परेशान थे। हालांकि किसी तरह आग पर काबू पाने पर राहत महसूस की थी।

**घटना 03** अछल्दा के गांव ग्वारी के मजरा में मकान में आग ने एक के बाद एक पांच मकानों को अपनी चपेट में लिया था। पानी के इंतजाम न होने से आग ने विकराल रूप लिया। दमकल कर्मियों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका था।

**घटना 04** 23 अप्रैल की दोपहर ककोर के निकट कंचौसी में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से 15 बीघा खेतों में खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर दमकलकर्मी भी पहुंचे। आग बुझाने में लगभग एक घंटे का समय लगा।

## बेटा-बहू पर प्रताड़ित करने का आरोप

**ककोर।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरचंदपुर चौकी की गढ़े पुरवा निवासी उर्मिला देवी पत्नी राजेश कुमार दिबियापुर थाने पहुंचकर अपने छोटे बेटे अजय और पत्नी रीना के खिलाफ तहरीर दी है। उर्मिला देवी (70)ने रोते हुए बताया कि छोटी बहू और बेटे आए दिन उसके साथ मारपीट कर देते हैं। छोटी बहू रीना तथा बेटा अजय की मिली भगत से जमीन अपने नाम करने का दबाव बना रहे हैं। रविवार को उर्मिला देवी ने दिबियापुर थाने में जाकर अपना प्रार्थना पत्र दिया। दिबियापुर प्रभारी निरीक्षक ने बहू और बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

# धर्म की रक्षा को राक्षसों का किया वध

संवाददाता, औरैया

- सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

**अमृत विचार।** शहर के सुरान रोड स्थित पीतांबरा गार्डन के पास सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन करकरापुर कानपुर देहात के कथावाचक अनूप तिवारी अंजाना ने भक्त प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, पृथु चरित्र व हिरणकश्यप बध, नरसिंह अवतार व समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए राक्षसों का वध हुआ था। देवता और दैत्य एक ही संतान के पुत्र थे लेकिन विचार अलग-अलग थे।

कथावाचक तिवारी ने कहा भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरणकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तो ब्रह्माजी जी ने उसे वरदान दिया। हिरण्य कश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरणकश्यप भागवत विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके जिसका मुख शेर का व धड़ मनुष्य का था। प्रगट हुए भगवान नरसिंह अत्याचारी दैत्य हिरनयाक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर बध किया। इस दौरान परीक्षित नारायन देवी पत्नी अशोक कुमार सविता, आरती देवी, रंजीता, अमोद कुमार, अभिनेंद्र कुमार, हरिओम भदौरिया, रामसेवक, रामजीलाल, रामकुमार, शिवकुमार, विनोद, अखिलेश, मनोज, नीरज, अरविंद, राजीव, प्रदीप, सर्वेश, संजीव, रमोले, सुभाष सहित अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।



अनूप तिवारी। अमृत विचार

# भंडारे में साधु-संतों ने ग्रहण किया प्रसाद

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला तिवारियान स्थित यक्षेश्वर शिवधाम पर श्रीमद् शिव महापुराण कथा एव षष्टम विशाल शिव शक्ति महायज्ञ का विश्राम रविवार को हो गया। चित्रकूट धाम से आये आचार्य को दीक्षा के लिए चार बालक सौंपे गए। रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किंया गया।

नौ दिवसीय श्रीमद् शिव महापुराण की कथा के शनिवार को कथा विश्राम के बाद आरती की गई। श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया गया। कुछ माताओ ने अपने बालको को संस्कृत पाठशाला में पढ़ने के लिए दण्डी स्वामी महेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज को सौंप दिया। भण्डारे में बड़ी संख्या में साधु-संतों, महान्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा पंडाल में यज्ञ शाला पर हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## नाबालिग को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**फफूंद,औरैया।** एक नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट आठ मार्च को फफूंद थाना में दर्ज की गई थी। आरोपी की पुलिस तलाश कर रही थी। शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे फफूंद के चमनगंज तिराहे से आरोपी सुरेश पुत्र रामबली निवासी गांव लटोनी, थाना चौबेपुर जनपद बनारस को थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम, एस आई मुकेश कुमार ने हमराहियों साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस ने लड़की को भी बरामद कर लिया है।

# एसपी साहब! 19 दिन बाद भी नहीं मिली बेटी

संवाददाता कुदरकोट, औरैया

- महिला ने 9 अप्रैल को दर्ज कराई थी बेटी की गुमशुदगी

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुखरिया निवासी महिला ने थाना कुदरकोट में बीते 9 अप्रैल को प्रार्थना पत्र देकर श्याम पुत्र मनोज, विनोद पुत्र मनोज, सीमा पत्नी मनोज व फुलानी पत्नी शिवराम आदि के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों पर कार्रवाई न होने से अब महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

महिला ने आरोप लगाया था कि उसकी विवाहित पुत्री को आरोपी श्याम पुत्र मनोज निवासी नगला विददी थाना कुदरकोट अपने साथी अन्य आरोपियों के सहयोग से बहला फुसला कर ले गया है। शिकायत पर कुदरकोट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई परंतु आज आरोपी पकड़े गए न उसकी बेटी की बरामदगी हुई। पीड़ित महिला ने एसपी औरैया को भी शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने मामले की जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। थाना अध्यक्ष पूजा सोलंकी ने बताया है कि इस प्रकरण की गुमशुदगी दर्ज की गई है तथा आरोपी का नंबर सर्विलेंस पर लगाया गया है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# आग से आठ बीघा खेत का भूसा जलकर राख



खेत में जले भूसे को देखता किसान। अमृत विचार

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी चौकी क्षेत्र के गांव में बिनपुरापर अड्डा में रविवार को दोपहर को खेत में अचानक लगी। आग में करीब 8 बीघा खेत का भूसा जल गया। बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

रामजी लाल पाल का गांव के पास में ही खेत है। खेत पर भूसा पड़ा हुआ था। रविवार को दोपहर के वक्त अचानक खेत में आग लग गई। धुआं उठता देख ग्रामीण दौड़े तब तक आग पास ही पड़े आठ बीघा भूसे के ढेर में सुलग उठी। रामजी पाल ने बताया कि दमकल को सूचना देने के लिए फोन किया तो फोन नहीं उठा बाद में ग्रामीण आग बुझाने में जुटे रहे। करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। पीड़ित ने कहा जानवरो को खाने के लिए भूसा रखा था अब आग लगने से जानवरो के लिए भूसा खरीदना पड़ेगा।

### झोपड़ी में आग से गृहस्थी का सामान जला

**फफूंद, औरैया।** फफूंद थाना क्षेत्र के दो गांव में झोपड़ी व छप्पर में आग लग जाने से उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्क़त के बाद आग पर काबू पाया। रविवार को क्षेत्र के गांव जुआ निवासी तिलक सिंह दोहरे पुत्र पंछीलाल दोहरे तथा राम शंकर दोहरे पुत्र गया प्रसाद दोहरे की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे तिलक सिंह दोहरे का तीन क्विंटल गेंहू व दो क्विंटल सरसों और दो बोरी चना के साथ गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया तथा राम शंकर दोहरे की दो बकरियां व एक गाय भी झुलस गईं। वहीं क्षेत्र के गांव देवरपुर निवासी उदयवीर पुत्र रघुवीर सिंह के घर के छप्पर में अचानक आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। छप्पर के पास बंधी भैंस भी झुलस गई। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम घटना स्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।



आग से राख हुआ गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बैक करते समय पिकअप खड्ड में गिरी

**अछल्दा।** अछल्दा थाना क्षेत्र के मुखे की मड़ियन गांव के पास एक पिकअप यूपी75एटी1824 सेऊपुर गांव की तरफ से अछल्दा की ओर रविवार सुबह आ रहा था। मुखे की मड़ियन के पास पिकअप बैक करते समय खड्ड में जा गिरी। चालक ने कूद कर जान बचाई और पिकअप को टैक्टर की मदद से बाहर निकाला गया। इधर,यातायात विभाग ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियकों का पालन करना यकीनी बनाएं।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग घायल

**अजीतमल।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अटसू जानिसनगर रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में संदीप पुत्र अजय पाल निवासी सांफर थाना अजीतमल और विक्रम पुत्र गिरजा शंकर निवासी खुमानपुरा थाना अछल्दा गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने दोनो को सैफई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसारसंदीप पुत्र अजय पाल और अनमोल पुत्र मनीष कुमार निवासी सांफर थाना अजीतमल दोनों लोग बाइक द्वारा अटसु से साफर घर जा रहे थे। इसी दौरान अछल्दा की ओर से आ रही बाइक पर विक्रम पुत्र गिरजा शंकर, गिरजा शंकर पुत्र बनवारी लाल और राजपाल पुत्र बनवारी लाल निवासी खुमानपुरा थाना अछल्दा से सुरजनपुर भीकेपुर किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में जानसनगर रोड पर अटसु पहुंचने से पहले दोनों बाइक आपस में टकरा गई। दोनों बाइक चालक से गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों लोगों को रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना प्राप्त हुई दोनों घायलों को सीएचसी अजीतमल पहुंचाया गया कार्रवाई की जाएगी।

### शादीशुदा युवक दूल्हा बनकर आया, नहीं हो सका निकाह

**औरैया।** नगर के मोहल्ला दिल्ली दरवाजा निवासी युवती का निकाह इटावा में तय हुआ। तय कार्यक्रम के तहत शनिवार को दिल्ली दरवाजा में बारात पहुंची। खानपान के बाद काजी को बुलाते हुए निकाह पढ़ाने की तैयारी शुरू की गई। इसी बीच दूल्हे के शादीशुदा होने की बात सामने आ गई। इटावा से उसकी पहली पत्नी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गई। निकाह का विरोध करते हुए दूल्हे के शादीशुदा होने की बात कही। मामला बिगड़ता देख दुल्हन पक्ष के हाथ पांव फूल गये। निकाह को लेकर दूल्हे के शादीशुदा होने की बात छुपाने को लेकर रिश्तेदारों व मध्यस्तता करने वालों को बुलाया गया। सब कुछ थम गया। मामला इतना बढ़ा कि कोतवाली पहुंच गया। जहां दोनों पक्षों के लोग जुट गए। दूल्हे को पुलिस ने बैठा लिया। इसके बाद वधू पक्ष की ओर से निकाह को लेकर खर्च हुए धन की बात कहते हुए बेटी का निकाह करने से इन्कार कर दिया गया। देर रात तक चली रिश्तेदारों की मध्यस्तता में समझौता बैठक के बाद बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। सदर कोतवाल भूपेंद्र राठी ने बताया कि युवक शादीशुदा था। पहली पत्नी के आने के बाद राज खुला। निकाह रुक गया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

### अज्ञात वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक घायल

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुगल रोड पर, बाबरपुर पुराने कोल्ड स्टोर के सामने अमावता सिकरोड़ी रोड से आ रहे ऑटो सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते हैं ऑटो पलट गया उसमे बैठा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से चालक अनूप सिंह पुत्र बृजेंद्र सिंह निवासी पथर्रा, जनपद इटावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया। घायल के भाई राकेश के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य अजीतमल से साथ सैफई भेजा गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना प्राप्त हुई है कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान शुरू

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की पहल के तहत ब्राइट माइंड्स स्कूल ने 'सड़क सुरक्षा' अभियान शुरू किया है। इसका नेतृत्व प्राचार्य कल्पना वर्मा, निदेशक अनिल कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है। निदेशक ने कहा इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व को बताना और उनमें जिम्मेदार व्यवहार को बचपन से ही विकसित करना है।

प्रधानाचार्या ने कहा कि जिनके पास शैक्षिक नेतृत्व में व्यापक अनुभव मिलें ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। टिंकल, सहस, ईशानी, वैभव, युग, अन्नत, आदित्य, अर्जित, उत्कर्ष, ऋषभ, हर्षित, राजवर्धन, सलोनी, आर्यन, विवेक, गौरिका, प्रतीक्षा, उमेज़ा प्रांशु, अखंड प्रताप, नैतिक, छवि, मानसी, अंशिका आदि छात्र छात्राओं के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया है।




सुरक्षा स्लोगन लिए छात्र। अमृत विचार

## घरेलू कलह में युवक ने लगाई फांसी

**औरैया।** मोहल्ला बनारसीदास निवासी अमित कुमार (32) पुत्र संतोष कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार रात परिजनों से कहासुनी के बाद वह सोने चला गया। सुबह परिजनों की आंख खुली तो घर के पीछे वाले दरवाजे के ऊपरी हिस्से से बंधी रस्सी से अमित का शव लटका देखा। सदर कोतवाली पुलिस ने मौके पर जांच की। सदर कोतवाल भूपेंद्र राठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# फाटक बंद होने से जाम

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार शाम रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। जिसके चलते लगभग 35 मिनट तक लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ी

दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार शाम 06:10 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

लगभग 35 मिनट फाटक बंद रहने के बाद गेट 06.40 बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके वहीं जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भयंकर जाम की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस कांस्टेबल ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया।

**मतदाता जागरुकता** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्यों ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

# आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की बैठक नरायनपुर में श्री गोपाल वाटिका प्रांगण स्थित एक होटल में श्री गोपाल सेवा संस्थान के संस्थापक रमन पोरवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा हमें गर्व है कि सरकार चुनने में भारत के प्रत्येक जागरूक नागरिक के अमूल्य मत का योगदान होता हैं। मतदान दिवस पर बढ़ चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए।

बैठक के समापन पर समिति के सदस्यों ने लोगों को जागरुक करते हुए मतदान करने की शपथ ली तथा आसपास निवास कर रहे मोहल्ले के लोगों से 13 मई को (वोट फॉर नेशन) मतदान करने की अपील की। डॉ. एसएस परिहार, राकेश गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, शेखर गुप्ता, अखिलेश पोरवाल, नितिन वर्मा, आदित्य पोरवाल, अनूप बिश्नोई, संजय अग्रवाल, राम आसरे गुप्ता, देवेंद्र आर्य, कपिल गुप्ता, जौली पोरवाल, हिमांशु दुबे, जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, सतीश चंद्र आदि सदस्य मौजूद रहे।

**वाटर कूलर व पंखे लगवाने की योजना पर चर्चा :** एक विचित्र पहल सेवा समिति की बैठक श्री गोपाल वाटिका आश्रम- नरायनपुर, औरैया में हुई। इसकी अध्यक्षता आवास विकास जन-कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. एसएस परिहार ने की। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ आने पर यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थल कई महीनों तक जलमग्न हो जाता है। तदोपरांत यमुना तट पर ऊपर नगर पालिका परिषद, औरैया द्वारा निर्माणाधीन सीमेंटेड अंत्येष्टि स्थलों पर शवों की अंत्येष्टियां होने लगती हैं, वहां पर दिवंगत लोगों के साथ आए लोगों के बैठने हेतु व्यवस्था है, लेकिन ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पीने के ठंडे पानी व हवा हेतु पंखों की व्यवस्था नहीं है ।उपरोक्त अंत्येष्टि स्थलों के प्रांगण हेतु चार सीलिंग फैन श्री गोपाल सेवा संस्थान के संस्थापक समाजसेवी रमन पोरवाल ने व दो सीलिंग फैन सॉनिट कंप्यूटर सेंटर के संस्थापक नितिन वर्मा ने लगवाने की घोषणा की।



समिति के सदस्यों ने मतदान करने की शपथ ली। अमृत विचार

# ग्रामीणों ने लगाए नारे, सड़क और नाली निर्माण नहीं तो वोट नहीं

संवाददाता कंचौसी, औरैया

- सहार ब्लॉक की ग्राम पंचायत नोगवा के ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार का किया ऐलान

**अमृत विचार।** सहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत नोगवा के कंचौसी रेलवे स्टेशन के पास बसे पुरवा महिपाल के ग्रामीणों का कहना है कि यदि रेलवे स्टेशन से कलेक्ट्री रोड तक टूटे सीसी रोड एवं नाली का चौड़ीकरण नही करवाया गया तो लोकसभा चुनाव में कोई भी ग्रामवासी मतदान नहीं करेगा।

दिबियापुर क्षेत्र के गांव पुरवा महिपाल निवासी राजू कुमार, अरविंद कुशवाहा, दीपू कुमार, अंकित कुमार, अभिनव शुक्ला, दीपू कुमार, अभिलाख सिंह, देवा सविता सहित सभी ग्रामवासियों का कहना है कि आरसीसी रोड की हालत बदतर हो गई है। नालियों का पानी सड़क पर बहता है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। उनका यह भी कहन है कि ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार भी समस्या की ओर ध्यान नहीं देते।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर सीसी रोड और नाली चौड़ीकरण नहीं कराया गया तो सभी ग्रामवासी आने वाले लोक सभा चुनाव में वोट नहीं डालेंगे। इस संबध में एसडीएम बिधूना हरिशचंद ने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।



चुनाव बहिष्कार के नारे लगाते ग्रामीण। अमृत विचार

# छठे चरण के लिए नामांकन आज से

## लोकसभा की 14 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया के लिए आयोग तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए भी होगा नामांकन

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भी नामांकन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटों के लिए चुनाव होंगे। इस चरण की कुल लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी व भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच नामांकन किये जा सकेंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जायेगी। नौ मई को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता व 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17,113 मतदान केन्द्र व 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.62 लाख मतदाता हैं, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता व 1.69 लाख महिला मतदाता हैं।

### सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## राजनाथ और कौशल आज करेंगे नामांकन


राजनाथ सिंह


कौशल किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन करेंगे। दोनों प्रत्याशी भाजपा के हजरतगंज स्थित प्रदेश कार्यालय से सुबह 10 बजे रथ पर सवार होकर जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। उनके साथ रथ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे।


पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# सपा-बसपा को झटका, कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के कई नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं में सपा नेता पूर्व विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण 'जय चौबे', सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष संत कबीरनगर बलराम यादव व सपा से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जगत जायसवाल समेत कई नेता शामिल हैं। इसके अलावा सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर नीतू सिंह, सपा से विधानसभा पुवांया के पूर्व प्रत्याशी उपेन्द्र पाल सिंह, सपा संतकबीरनगर के नेताओं में सपा से जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, जिला अध्यक्ष (प्रधान संघ) जगदीश चैधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह 'मन्नू', पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रम्हशंकर भारती (गोस्वामी) और बसपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिरपत यादव शामिल हैं।

## एक नजर

### 32,747 लाख की शराब ड्रग व धातुएं जब्त

**अमृत विचार , लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पहली मार्च से 27 अप्रैल तक कुल 32747.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 3207.95 लाख रुपये नकद, 4532.16 लाख की शराब, 21688.95 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख रुकी बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुकी अन्य सामग्री जब्त की गई। 27 अप्रैल को कुल 169.95 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 5.86 लाख रुपये नकद, 51.17 लाख की 19392.95 लीटर शराब, 112.93 लाख की 20101.50 ग्राम ड्रग जब्त की गई।

### हरदोई व सीतापुर की सड़कों के लिए धनराशि अवमुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या 58 के अंतर्गत नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत हरदोई की एक और सीतापुर की एक सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने धनराशि अवमुक्त कर दी है। हरदोई में प्रताप नगर-माधोगंज मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0.00 से चैनेज 20.400 तक चौड़ीकरण एवं सुदढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये अवमुक्त किये गये हैं। जबकि सीतापुर में चंद्रा पिसांवा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 46.50 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं। ये सड़कें बहुत जर्जर थीं और लंबे समय से इसके चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी।

# कंप्यूटर हैक कर कराते थे नकल

## रिमोर्ट एक्सेस सॉफ्टवेयर से हल कराते थे इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वेल्लूर यूनिवर्सिटी तमिलनाडु का मामला

▸▸ देहरादून में हुई गिरफ्तारी, दोनों आरोपी बिहार के

**अमृत विचार :** उप्र., मध्य प्रदेश और बिहार की परीक्षाओं में शिक्षा माफियाओं की दखलंदाजी के बाद अब तमिलनाडु की परीक्षाओं में भी एक नये गैंग की सक्रियता सामने आई है। इस बार जो अभियुक्त पकड़े गए हैं, वह प्रतिष्ठित संस्थान वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी प्राइवेट यूनिवर्सिटी इन वेल्लूर, तमिलनाडु की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा-2024 में प्रश्नपत्र हल कराने में सक्रिय थे। आरोपियों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्नपत्र हल कराकर मोटी रकम वसूल ली।

उप्र. एसटीएफ की मेरठ इकाई ने सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून से राहुल कुमार निवासी अघोरिया बाजार मुजफ्फरपुर बिहार एवं जितेश कुमार निवासी रूनी शैदपुर सीतामढ़ी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार एडमिट कार्ड एवं चार अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा के डिसप्ले की छाया प्रति बरामद की है। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा धांधली को लेकर सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त जितेश ने रायपुर देहरादून में ईडीयू च्वाइस कंसलटेंसी का कार्यालय खोला था। वहीं जितेश कुमार की मुलाकात दूसरे अभियुक्त राहुल कुमार से हुई। जितेश कुमार ने राहुल कुमार को भी अपने कार्यालय में पार्टनर बना लिया। दोनों के द्वारा सोशल मीडिया के जरिए विभिन्न कॉलेजों में एडमिशन कराने के लिए विज्ञापन जारी कराया गया। एडमिशन के विज्ञापन जारी होने पर कुलबीर निवासी हरियाणा, देहरादून स्थित आईटी पार्क के निकट सेंट जेवियरर्स स्कूल कनाल रोड धोरन्फ्ड के नाम से ऑनलाइन परीक्षा की लैब है, ने जितेश कुमार व राहुल कुमार से संपर्क कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कहा कि सभी लोग मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में कंप्यूटर सिस्टम हैक कर नकल कराने का काम किया जायेगा। इस दौरान कुलबीर के साथ इनकी मुलाकात गौरव निवासी बिजनौर से हुई, जिसकी जान पहचान अन्य लैब में भी थी, जिसके जरिये ये लोग अन्य लैब में भी परीक्षा के दौरान हैकिंग कर नकल कराने का काम करते थे।

## आजमगढ़ में सबीहा अंसारी होंगी बसपा प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा ने दो मुस्लिम प्रत्याशी समेत तीन लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। रविवार को घोषित प्रत्याशियों में आजमगढ़ से मुस्लिम प्रत्याशी सबीहा अंसारी और संत कबीर नगर सीट पर सैय्यद दानिश को उतारा है। बहुप्रतीक्षित अमेठी सीट पर रवि प्रकाश मौर्या को उम्मीदवार बनाया है।

राजधानी स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने 9वीं सूची जारी की है। सूची में आजमगढ़ सीट पर बसपा ने रणनीति के तहत अपने प्रत्याशी भीम राजभर की जगह सबीहा अंसारी को टिकट दिया है। प्रत्याशी बदलने के पीछे विशेषज्ञों का कहना है कि मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए मायावती ने कदम उठाया है, क्योंकि सपा द्वारा धर्मेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाया है और सपा में गए गुड्डू जमाली उनके समर्थन में प्रचार करेंगे।

# 50 वर्ष पूरे कर चुके अक्षम कर्मियों को रिटायर करने का आदेश वापस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बिजली कर्मियों के विरोध के बाद आदेश किया गया निरस्त

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में 50 वर्ष पूरे कर चुके अक्षम बिजली कर्मियों को रिटायर करने संबंधी आदेश वापस ले लिया गया है। बिजली कर्मियों के विरोध के बाद कॉरपोरेशन ने आदेश निरस्त कर दिया।

पावर कॉर्पोरेशन ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर अक्षम कर्मियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया था। कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चंद्र अग्रवाल ने निगम के सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र जारी कर स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया था। जारी निर्देशों में कहा गया था कि 30 सितंबर 2023 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके समूह ग व घ के कर्मियों को चिन्हित किया जाए। ऐसे कर्मियों की कार्य कुशलता का अध्ययन किया जाए और कार्य कुशलता कम होने की स्थिति में उन्हें 60 साल की सेवा के पहले रिटायर किया जाए। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी बब्बू ने इस आदेश का विरोध करते हुए शासन से शिकायत की थी। उनका कहना था कि समय से पूर्व रिटायर करने का फैसले से कर्मियों का मनोबल तोड़ा जा रहा है।


प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुस्तक का विमोचन करते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

## 'डॉ आंबेडकर का भारत चाहते थे राजीव गांधी' पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में 'डॉ आंबेडकर का भारत चाहते थे राजीव गांधी' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को राजेश गौतम ने लिखा है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने तौर पर पुस्तक का विमोचन किया।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में 15 हजार करोड़ रुपये की आरडीएसएस और 25 हजार करोड़ रुपये से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना में कई अनियमितताओं का आरोप लगाया है। परिषद ने योजनाओं की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि जनहित में इसका खुलासा होना चाहिए। दोनों योजनाएं सीधे बिजली उपभोक्ताओं से जुड़ी हैं। उन्होंने सवाल किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चीन निर्मित उपकरण लगे होने के बाद भी मीटर को अनुमोदित करने वाले अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? ये अभियंता अब भी मीटर निर्माता कंपनियों से मिलकर 'खेल' कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली-54

**बाएं से दाएं**

1. प्राकृतिक रूप में भूगर्भ से प्राप्त होने वाला तेल; (पेट्रोलियम)।
3. पहनने के कपड़ों की घुंडी फँसाने का फंदा; पाशक।
7. समुद्र में ज्वार के बाद लहरों की वह स्थिति जब वे उतार पर होती हैं।
8. स्वर्ग में निवास करने वाला।
9. 1. तड़क-भड़क 2. वैभव; सुख-समृद्धि 3. ऐश्वर्य का प्रदर्शन; आडंबर।

**ऊपर से नीचे**

2. दूसरों की संपत्ति अनुचित रूप से हड़पने वाला।
4. 1. कसने
5. अपनी सहायता से किसी को लेटने की स्थिति में लाना।
6. दे. हंबा।




### वर्ग पहेली -53 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 झि | | | 2 फि | | |
| | 3 मि | क | दा | र | | 4 जु |
| 5 फि | ट | | | 6 क | पू | त |
| | 7 ना | 8 ग | फ | नी | | वा |
| 9 बा | | वे | | | | ना |
| ति | | ष | | | 10 फाँ | |
| नी | | 11 क | च | वाँ | सी | |

## सुडोकू-133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | |
| | 1 | | | 4 | 8 | | | |
| 9 | | | 3 | | 8 | | | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 7 | 2 | | | | | 3 | | |

### सुडोकू -132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |

# यूट्यूबर अनुराग को बनाया स्वीप आइकन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** 20 मई को लखनऊ में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिये रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जिला प्रशासन और एकत्व वेलफेयर की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिये वोटर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अभियान में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, 1090 महिला पावरलाइन की एसएसपी रुचिता चौधरी और एकत्व वेलफेयर के अध्यक्ष आयुष कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूट्यूबर अनुराग डोभाल और आरजे आलोक भी शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनुराग डोभाल को आईडी कार्ड पहनाकर जनपद का स्वीप आकइन बनाया।

कार्यक्रम में युवाओं को मतदान करने की जागरूकता को समझने के साथ-साथ 20 मई को छुट्टी नहीं मनाना है, बल्कि मतदान करने जाना है, का संदेश दिया। दृष्टि सामाजिक संस्थान से विशेष बच्चे भी उपस्थित रहे। जिनके माध्यम से भी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

# योगी के गुण गा रहे पूर्व क्रिकेटर पीटरसन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक्स पर साझा की एयरपोर्ट की तस्वीर

▸▸ कहा- आज तक नहीं देखा इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल

**अमृत विचार :** दक्षिण अफ्रीकी मूल के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन योगी के विकास कार्यों के गुण गा रहे हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर सबसे बड़े एयरपोर्ट तक देख चुके केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लखनऊ एयरपोर्ट की तस्वीर वायरल की। आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के बारे में कहा कि उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा।


लखनऊ एयरपोर्ट पर केविन पीटरसन।

पीटरसन ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले केविन पीटरसन तकरीबन पूरी दुनिया घूम चुके हैं। लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन ने पोस्ट में लिखा- लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07.57 तक तत्पश्चात पष्ठी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 30 अप्रैल 04.42 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग तो मिलेगा लेकिन यह पर्याप्त नहीं होगा। काम को लेकर शंका रहेगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे। किसी रिश्तेदार के द्वारा भी आपकी सहायता की जाएगी।

**वृष** – आज मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा और आप पहले से ज्यादा तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने का विचार मन में आएगा। किसी अपने के द्वारा आपको खुशी मिलेगी।

**मिथुन** – आज परीक्षा को लेकर चिंता रह सकती है और ज्यादातर समय पढ़ाई में ही व्यतीत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ लोगों का साथ मिलेगा और उनके द्वारा मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

**कर्क** – आज यदि आप सिंगल हैं तो किसी के साथ सकारात्मक बातचीत शुरू होगी। ऐसे में शुरू में ही उत्तेजित होने से बचें अन्यथा बात बिगड़ सकती है। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। अपनी कार्य क्षमता का कुशल उपयोग करेंगे। आपकी प्रतिभा को विस्तार मिलेगा।

**सिंह** – आज शारीरिक रूप से एकदम स्वस्थ रहेंगे और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। पुरानी बीमारी से आराम मिलेगा लेकिन घरवालों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। मन में नये काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या** – आज यदि किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो उनके साथ कुछ बातों को लेकर अनबन होगी लेकिन यदि आपने धैर्य से काम लिया और उन्हें समझने का प्रयास किया तो स्थिति संभल जाएगी। प्रेम संबंधों का आनन्द उठायेंगे। धार्मिक स्थलों पर जाने का अवसर बनेगा।

**तुला** – आज दिन शुभ तो रहेगा लेकिन किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा लेकिन उनकी भी आपसे किसी बात को लेकर अपेक्षा रहेगी। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज मानसिक रूप से कोई समस्या रह सकती है। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे। उल्टी होने की समस्या हो सकती है। नव-दम्पति को सन्तान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – आज विवाह को कुछ समय हो गया है तो आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है। आप दोनों के बीच कुछ ऐसा होगा जो मीठी याद बनकर रह जाएगा। साझेदारी में किये जा रहे व्यापार से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

**मकर** – आज राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं तो आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहें क्योंकि वे आपकी गलतियों को पकड़ कर उन्हें बड़ा बनाने का प्रयास कर सकते हैं। आपकी महत्वाकांक्षायें बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** – आज निजी नौकरी करते हैं और किसी प्रोजेक्ट पर कुछ महीनों से काम कर रहे थे तो आज के दिन उसमे असफलता हाथ लग सकती है। बॉस भी आपको लेकर आशंकित रहेंगे और काम से खुश नहीं होंगे।

**मीन** – आज विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे हैं तो किसी का रिश्ता तो आएगा लेकिन किसी कारणवश बात आगे नही बढ़ पाएगी। ऐसे में उदास होने की बजाए सकारात्मक रवैया अपनाएंगे तो बेहतर रहेगा। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्रेम – सुबह : 11.16
खेल – रात : 08.45

**Sony Pix**
द मास्क – सुबह : 10.56
2012 – शाम : 06.19

**Sony Max**
स्टाइल – सुबह : 08.00
शेफ – शाम : 06.00

**Zee Cinema**
सिर्फ तुम – सुबह : 10.50
कमांडो – रात : 08.30

**Colors Cineplex**
अचानक – सुबह : 07.49
चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम :06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

# पांच सालों में कराए विकास कार्यों से ज्यादा स्मृति इरानी रट रहीं राहुल का नाम

अमेठी लोकसभा सीट से अभी राहुल गांधी की प्रत्याशिता का कांग्रेस हाईकमान की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन स्मृति इरानी ने पहले उनके लिए रण छोड़ दास का शोर मचाया, अब पिछले कुछ दिनों से राहुल फिर लड़ने आ रहे हैं, का ऐलान करती घूम रही हैं। आखिर ऐसा क्या है कि जिस चुनाव में स्मृति इरानी को पांच साल में कराए गए विकास कार्यों की रट लगानी चाहिए थी, उस चुनाव में वह राहुल गांधी नाम का जाप कर रही हैं। हालांकि वह पांच साल में कराए गए अपने काम भी गिनाती हैं, लेकिन उतनी दमदारी से नहीं, जितनी गंभीरता उनके भाषणों में राहुल के नाम को लेकर नजर आती है। हालांकि सोमवार को नामांकन से पहले रविवार को स्मृति इरानी अयोध्या पहुंचकर रामलला का आशीर्वाद लिया।

2024 के आम चुनाव में भाजपा की तरफ से हाई प्रोफाइल चुनावी योद्धा केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह अमेठी से तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं, और वहां प्रचार में दिन-रात सक्रिय हैं। 2014 में अमेठी से इरानी हार गई थीं, जबकि 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था। अब अमेठी को उन्होंने घर बनाकर 'अपना' बना लिया है। राहुल गांधी को 2019 के पिछले आम चुनाव में परास्त कर ईरानी ने एक तरह से राजनीतिक रूप से भी 'बेघर' कर दिया था। राहुल गांधी का अमेठी में अपना कोई घर नहीं है। वह राजीव गांधी चाइल्ड टेबल ट्रस्ट या राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा संचालित संजय गांधी अस्पताल के गेस्ट हाउस से ही अपनी चुनावी गतिविधियां चलाते थे।

### अमेठी में आशियाना बनाने के बाद भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री ने खुद को मान लिया 'अजेय'

- पिछले चुनाव में 55,000 वोटों से जीत दर्ज कराने वाली स्मृति इरानी अब अमेठी की मतदाता बन चुकी हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही वह लगातार अमेठी संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क करने में जुटी हैं। अमेठी में अपना आशियाना बनाने के बाद उन्होंने खुद को 'अजेय' मान लिया है। इसी कारण गृह प्रवेश के मौके पर भी राहुल गांधी पर तंज करने से वह नहीं चूकी थीं।



### राहुल का नाम लिए बिना पूरा नहीं होता भाषण

अब तो जैसे-जैसे चुनावी अभियान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे स्मृति इरानी राहुल गांधी के नाम की 'रट' भी बढ़ाती चली जा रही हैं। उनका कोई भी भाषण राहुल का नाम लिए बिना पूरा ही नहीं होता जैसे कोई यज्ञ बिना 'स्वाहा' के संपन्न नहीं होता। हालांकि स्मृति इरानी का दावा है कि अमेठी में 5 साल में उन्होंने इतने काम कर दिए हैं जो प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी भी नहीं करा पाए थे। राहुल गांधी द्वारा कराए गए कामों को वह कोई काम मानती ही नहीं हैं, जबकि कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह इरानी के कराए तमाम कामों को राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किया हुआ बताते हैं। भाजपा कार्यकर्ता और आम मतदाता भी हैरान है कि आखिर सांसद स्मृति इरानी राहुल गांधी पर इतना हमलावर क्यों है? जिन्होंने अभी तक अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा तक नहीं की है। हालांकि अब माना जा रहा है कि वायनाड के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे।

- रायबरेली के राजनीतिक विश्लेषक डॉ राम बहादुर वर्मा मानते हैं कि स्मृति इरानी इस समय 'राहुल फोबिया' से ग्रसित नजर आ रही हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार रायबरेली और अमेठी के बारे में फैसला करने में देरी लगा रहा है। लेकिन स्मृति ईरानी पहले ही अपनी सभा में इस बात का ऐलान कर चुकी हैं कि 26 के बाद राहुल गांधी अमेठी आ जाएंगे। राहुल नाम रटने के पीछे एक यही कारण माना जा सकता है कि कोई उनसे 5 साल का हिसाब न मांगे और जवाबदेही तय न की जा सके, लेकिन सुल्तानपुर के वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना इसे सुनियोजित रणनीति मानते हैं। वह कहते हैं कि स्मृति इरानी उस रणनीति पर अमल कर रही हैं जिसमें कहा जाता है कि इतना शोर करो कि दुश्मन आने की हिम्मत ही न जुटा पाए। वह यह भी कहते हैं कि इसकी वजह देने वाले भी खुद राहुल गांधी हैं, हारने के बाद अगर वह पांच साल वह अमेठी से अपना संपर्क न तोड़ते तो आज इरानी के इन हमलों का जवाब जनता खुद दे रही होती। उनका मानना है कि राहुल पर हमले इसलिए ज्यादा प्रसारित हो रहे हैं कि मीडिया भाषण के उन्हीं अंशों को हाईलाइट करता है, जो चटपटे हों। अब अमेठी के मतदाता तय करेंगे कि राहुल नाम की रट स्मृति इरानी को चुनावी वैतरणी पार कराएगी या उनका वोट बैंक चट कर जाएगी। अमेठी में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन गांधी परिवार अभी उम्मीदवार तय नहीं कर पाया है। – गौरव अवस्थी

---

**मैनपुरी लोकसभा सीट**

मनोज त्रिपाठी

# विरासत की रियासत में बदलाव की चाहत

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बड़ी बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पांचवी बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए परिवार की परंपरागत मैनपुरी सीट के मैदान में दोबारा उतरी हैं । डिंपल यादव ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2009 में फिरोजाबाद लोकसभा सीट से सिने स्टार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर के खिलाफ लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद डिंपल 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट से उपचुनाव में उतरीं, जहां उन्हें सफलता मिली और सांसद बनी। 2014 के आम चुनावों में भी कन्नौज सीट से जीत हासिल की, लेकिन 2019 में कन्नौज की जनता ने उन्हें नकार दिया और भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताकर संसद भेजा। इससे पहले मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल यादव जीत का परचम फहरा चुकी है, यहां से लगातार दूसरी जीत का रिकॉर्ड कायम रखने के लिए सपा ने उन पर दूसरी बार दांव लगाया है। भाजपा ने सपा के इस मजबूत गढ़ को तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तो बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने की रणनीति के तहत शिवप्रसाद यादव को मैदान में उतारकर इस बार मैनपुरी का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

### जयवीर सिंह कद्दावर नेता पूरा परिवार राजनीति में

मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव भाजपा ने वोट प्रतिशत के लिहाज से बड़ी उछाल लगाकर सपा के सामने जोरदार चुनौती पेश की थी। इसके चलते इस बार सपा प्रत्याशी डिपल यादव के सामने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को चुनावी मैदान उतारे जाने से भाजपाई उत्साह में हैं। जयवीर सिंह का मैनपुरी से पुराना नाता रहा है। वह जिले की घिरोर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2002 में बसपा के टिकट पर विधायक बने लेकिन सपा में शामिल होकर मुलायम सरकार में राज्यमंत्री बने। लेकिन वर्ष 2007 में उन्होंने फिर बसपा से ही चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। इस बार भी वह प्रदेश सरकार में मंत्री बने। वर्ष 2022 में उन्होंने मैनपुरी विधानसभा सीट पर सपा के वर्चस्व को तोड़कर जीत हासिल की थी। जयवीर सिंह 2012 और 2018 में विधान परिषद के सदस्य भी चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी राजकुमारी चौहान 2009 में अलीगढ़ से बसपा के टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। पुत्र अरविंद सिंह 2014 में बसपा से अलीगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अरविंद सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर गौतमबुद्ध नगर से चुनाव लड़ा था।

### डिंपल यादव के सामने भाजपा के मैनपुरी से विधायक, मंत्री जयवीर सिंह तथा बसपा के शिव प्रताप यादव की दोहरी चुनौती

#### क्या एमपी के सीएम मोहन यादव साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का

- भाजपा अपने प्रत्याशी जयवीर सिंह को जिताने के लिए हर दांव चल रही है। यादव वोट तोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लगाया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए साफ कहा कि मैनपुरी कभी सपा का गढ़ थी, लेकिन अब सब मोदी मय हैं। उधर, अखिलेश यादव आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने डिवाइड एंड रूल के तहत मोहन यादव को यहां प्रचार का जिम्मा सौंपा है।

#### पिछले चुनाव में जीत का अंतर कम होना सपा के लिए चिंता का कारण

- मैनपुरी लोकसभा सीट जिसे 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी भाजपा जीत नहीं पाई। सपा यहां लाखों वोटों से चुनाव जीतती रही। लेकिन 2019 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने यहां से जीत तो दर्ज की पर पहली बार ऐसा हुआ कि उनकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे सरक गया। सपा-बसपा गठबंधन के बाद भी मुलायम सिंह भाजपा के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य को 94 हजार वोटों से ही हरा सके। कांग्रेस ने भी इस चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा था। हालांकि 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए पूरे सैफई कुनबे ने ताकत लगाई और पार्टी ने जीत का अंतर 2.88 लाख पहुंचा दिया। लेकिन 2019 की स्थितियां सपा के लिए चिंता का सबब मानी जा रही हैं।

#### सपा भी कर रही क्षत्रिय मतदाताओं को साधने का प्रयास

- मैनपुरी सीट पर लगभग दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, इन्हें साधने के लिए सपा भी पत्ते चल रही है। भाजपा से नाराजगी की बात उठाई जा रही है। डिंपल यादव खुद इस काम में जुटी हैं। दरअसल, डिंपल का मायका पक्ष ठाकुर है तो ससुराल यादव परिवार में है। इस बात से यादव-ठाकुर के बीच संबंध जोड़ा जा रहा है। डिंपल यादव के पिता सेना में कर्नल थे। उनकी बहन उनके प्रचार में साथ निभा रही हैं, तो इस बार बेटी अदिति भी सक्रिय है।



### 2022 उपचुनाव मुकाबला

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | डिंपल यादव | 6,18,120 | 64.08 |
| भाजपा | रघुराज सिंह शाक्य | 3,29,659 | 34.18 |

### 2019 लोकसभा चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | मुलायम सिंह यादव | 5,24,926 | 53.75 |
| भाजपा | प्रेम सिंह शाक्य | 4,30,537 | 44.09 |

### उपचुनाव 2014 उप चुनाव का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | तेज प्रताप सिंह यादव | 6,53,786 | 64.46 |
| भाजपा | प्रेम सिंह शाक्य | 3,32,537 | 32.79 |

### 2014 लोकसभा चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | मुलायम सिंह यादव | 595,918 | 59.63 |
| भाजपा | शत्रुघ्न सिंह चौहान | 2,31,252 | 23.14 |
| बसपा | डॉ. संघमित्रा मौर्य | 1,42,833 | 14.29 |

### मतदाताओं का अनुमानित जातीय गणित

- यादव 4.20 लाख
- शाक्य 3.25 लाख
- क्षत्रिय 1.90 लाख
- जाटव 1.20 लाख
- अन्य दलित 90 हजार
- ब्राह्मण 1.10 लाख
- लोधी 1.05 लाख
- वैश्य 70 हजार
- मुस्लिम 85 हजार

**1996** से अजेय सपा का किला फतह करने के लिए भाजपा इस बार कर रही धुंधाधार प्रचार, झोंकी जोरदार ताकत

**2002** में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे जयवीर सिंह, बाद में सपा में शामिल हो गए थे और मंत्री बने थे

### कमजोर नहीं बसपा की चुनौती, घोसी यादव वोटों में सेंधमारी

बसपा ने मैनपुरी में नामांकन से पहले अपना प्रत्याशी बदल दिया था। अब पार्टी की ओर से भरथना के पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी सीट पर जातीय समीकरण देखते हुए पहले डा. गुलशन शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन नामांकन से पहले उनकी टिकट काट दी। इस पर डा. गुलशन शाक्य अब सपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव मूल रूप से औरैया के बिधूना क्षेत्र के गांव हरदू के रहने वाले हैं। उनकी पहचान शिक्षाविद् के रूप में है। उन्होंने वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर भरथना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सपा के प्रदीप यादव को हराकर विधायक बने थे। वह घोसी यादव समाज से आते हैं। शिव प्रसाद यादव भाजपा में भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सर्वजन सुखाय पार्टी भी बनाई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले दोबारा बसपा में शामिल हो गए थे। जानकारों का मानना है कि उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा ने यादव मतदाताओं में सेंधमारी की तैयारी कर रही है। सपा प्रत्याशी डिपंल यादव कमरिया यादव समाज से आती हैं, जबकि मैनपुरी में करीब 33 प्रतिशत यादव मतदाता घोसी बिरादरी के हैं।



### 28 साल पहले मुलायम ने फहराया परचम, फिर मैनपुरी बन गई पारिवारिक सीट

- 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना करने वाले मुलायम सिंह यादव 1996 का लोकसभा चुनाव मैनपुरी से जीते थे। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में सपा के टिकट से बलराम सिंह यादव यहां से चुनाव जीतकर सांसद बने। 2004 में फिर से मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से सांसद चुने गए। लेकिन उन्होने प्रदेश की सियासत में रहने का फैसला लेते हुए इस सीट से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद साल 2004 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव मैनपुरी से चुनाव जीते। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद बने। साल 2014 में मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों लोकसभा सीटों पर चुनाव जीते। इसके बाद उन्होने मैनपुरी सीट छोड़ दी। एक बार फिर सीट रिक्त हुई और उपचुनाव हुए तो परिवार के तेजप्रताप सिंह यादव सांसद बने। वह मुलायम सिंह के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पौत्र हैं।

### नेताजी के कारण हुए तीन बार उपचुनाव

- 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर का असर मैनपुरी सीट पर देखने के नहीं मिला था। नेताजी मुलायम सिंह जीते और उनके सीट छोड़ने के बाद हुए उपचुनाव में उनके पौत्र तेजप्रताप को 65 प्रतिशत वोट मिले। मुलायम सिंह यादव ने 2004 में भी मैनपुरी से जीतने के बाद सीट छोड़ी थी। इसके बाद धर्मेंद्र यादव यहां से उपचुनाव जीते थे। मैनपुरी सीट पर तीसरी बार उपचुनाव मुलायम सिंह के निधन के कारण 2022 में हुए।

---

# सपा से सीधे मुकाबले में फंसे नजर आ रहे केंद्रीय मंत्री डॉ.महेंद्र नाथ

**चंदौली संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि वाराणसी से सटी चंदौली संसदीय सीट भी प्रदेश की हॉट सीट की श्रेणी में गिनी जाती है। इस सीट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय जहां हैट्रिक लगाने को आतुर हैं तो उनकी राह में रोकने को सपा उम्मीदवार पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। वैसे तो इस सीट पर मुख्य मुकाबले में सपा ही नजर आ रही है लेकिन बसपा के सत्येंद्र कुमार भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए जीजान से जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार जहां खुद के द्वारा कराए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो सपा और बसपा मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी।

चंदौली के मतदाताओं ने हर दल को जीत का मौका दिया। किसी को भी निराश नहीं किया। बसपा, सपा, कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल सभी के उम्मीदवार यहां से जीत चुके हैं। 1991 की राम लहर में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को पहली बार अपनाया था। इसके बाद 1996 और 1998 में भी भाजपा के उम्मीदवार यहां से जीते।

तीनों ही चुनावों में भाजपा ने आनंद रत्न मौर्य पर ही दांव लगाया और वे हर बार नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे। जब 1999 का चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से से जवाहर जयसवाल को मैदान में उतार दिया। जवाहर जयसवाल ने इस सीट को सपा की झोली में डाल दिया था पर जब 2004 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने सपा के बजाय बसपा को तरजीह दी। पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कैलाश नाथ यादव पुनः सांसद बनने में कामयाब हो गए थे। पहली बार वे जनता दल के टिकट पर 1989 में चुने गए थे।

2009 के चुनाव में सपा के रामकिशुन यादव यहां से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भगवा यहां से लहराया और फिर दोबारा वे 2019 में भी जीते। इस बार वे हैट्रिक लगाकर अपनी ही पार्टी के सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य के रिकार्ड की बराबरी कराना चाहते हैं। वे इसमें कितना सफल होते हैं ये तो वक्त ही बताएगा।



### सिर्फ 13,959 वोट से जीते थे महेंद्रनाथ पांडेय

- 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को सपा उम्मीदवार संजय सिंह चौहान से कड़ी टक्कर मिली थी। बसपा से गठबंधन कर चुनावी समर में उतरी सपा से डॉ. पांडेय मात्र 13,959 वोटों के अंतर से ही जीत पाए थे। जबकि 2014 के चुनाव में जब सपा और बसपा अकेले मैदान में उतरीं थीं तो उन्होंने बसपा के अनिल कुमार मौर्य को 1,56,756 मतों के अंतर से हराया था

### चार विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार मुगलसराय, सैयदराजा, अजगरा और शिवपुर सीट पर भाजपा के विधायक हैं जबकि सकलडीहा सीट पर सपा काबिज है। विधानसभा चुनावों और दो बार के लोकसभा चुनाव परिणाम को देखते हुए तो भाजपा का पलड़ा भारी लगता है लेकिन सपा और उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस की कोशिश है कि इस बार हर हाल में भाजपा से आगे निकला जाए। बसपा को लगता है कि सपा- भाजपा की लड़ाई में जीत उसकी होगी।

### दो बार विधायक रहे हैं वीरेंद्र सिंह

- सपा उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। इसके बाद उन्होंने 2003 में इसी सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। बसपा छोड़ने के बाद वे कांग्रेस में गए। कांग्रेस से पुनः बसपा में गए और वहां से सपा में आ गए। इस पर पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया।



**जीत की हुंकार** एटा में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पदाधिकारियों ने घंटा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला।

### यादव कुनबे की तीन सीटों पर परीक्षा, दो हारी थीं पिछली बार

**तीसरे चरण का मतदान**

**चुनाव डेस्क।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इस चरण में यूपी की दस सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में वोट पड़ेंगे। इनमें से समाजवादी पार्टी के लिए तीन लोकसभा सीटें मैनपुरी, बदायूं और फिरोजाबाद बेहद खास हैं। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव के परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले दो चुनावों से हार का सामना करना पड़ रहा है। इस बार यहां से पार्टी ने शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। वह पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरे हैं।

बदायूं लोकसभा, फिरोजाबाद लोकसभा और मैनपुरी लोकसभा सीट की। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार यहां से सपा ने शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। यह आदित्य यादव का पहला लोकसभा चुनाव है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भी सपा को पिछली बार हार का सामना करना पड़ा था।

### बसपा के बाहरी मुद्दे से जौनपुर में रोचक लड़ाई

**चुनाव डेस्क।** जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। पिछले चुनाव में बसपा ने सपा से गठजोड़ के बाद इस सीट को जीता था। इस बार पार्टी ने अपने सांसद का टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। पहले धनंजय को ही टिकट मिलना था लेकिन अदालत से सजा मिलने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर रोक लग गई। धनंजय जेल में थे तो श्रीकला को चुनाव प्रबंधन में दिक्कत आ रही थी लेकिन जमानत पर उनकी रिहाई के बाद अब यहां के समीकरण बदले हैं। माना जा रहा है कि अब बसपा मुकाबले को आसानी से त्रिकोणीय बना ले जाएगी। पार्टी यहां स्थानीय बनाम बाहरी पर आकर टिकट गई है। भाजपा ने जौनपुर निवासी कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वर्षों से वे मुंबई में ही राजनीति कर रहे थे। इसी तरह सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। वे भी जौनपुर के निवासी नहीं हैं। ऐसे में बसपा इसे भुनाने में लगी हुई है। धनंजय के आने से बसपा का प्रचार भी तेज हो गया है।





शासन-प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास किया जा रहा है, जिसमें कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं। इसी क्रम में राजधानी के सूर्य नगर स्थित बंसल लॉन में सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में चित्र बनाकर दिखाते बाल चित्रकार। -अमृत विचार

## रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया रामलला के दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनावी प्रचार के दौर में पार्टियां धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का मौका नहीं छोड़ रहीं हैं। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रविवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किये और लखनऊ के भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाने समेत एनडीए के मिशन 80 को सफल बनाने की कामना की। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए अयोध्या में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई है। पदाधिकारियों को एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से संवाद करने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक के बाद मंदिर में दर्शन किये और रामलला से सभी के कल्याण की कामना की है।

# 16 बार हारे, 17वीं बार फिर मैदान में

### लोकसभा चुनाव के लिए किया नामांकन

खालिद अय्यूबी, हरदोई

### कब और कहां ठोका दावा

- 2000-ग्राम पंचायत टण्डौर
- 2002-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2004-अहिरोरी विधानसभा उप चुनाव
- 2004-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2005-ग्राम पंचायत हरदोई देहात
- 2007-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2009- हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2010- ज़िला पंचायत सदस्य हरियावां
- 2012-गोपामऊ विधानसभा चुनाव
- 2014- हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2015- ज़िला पंचायत सदस्य टड़ियावां (द्वितीय) व अहिरोरी (प्रथम)
- 2017-गोपामऊ विधानसभा चुनाव
- 2019-हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2021- ग्राम पंचायत हरदोई देहात
- 2022-साण्डी विधानसभा चुनाव

**अमृत विचार:** उम्र के 73 वें पड़ाव में पहुंच चुके शिव कुमार के हौसलों से साबित होता है कि जुनून से उम्र का कोई रिश्ता नहीं होता। गांव की पंचायत से ले कर देश की संसद में पहुंचने का दावा कई बार कर चुके शिवकुमार 16 बार शिकस्त खा चुके है। इससे उनके ऊपर कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि उनके हौसले और मजबूत हो गए। उन्होंने 17 वीं बार 18 वीं लोकसभा चुनाव में अपना दावा ठोक कर साबित कर दिया कि उनका उत्साह कमजोर नहीं हुआ है।

हरदोई मन्नापुरवा निवासी शिवकुमार ने पहली बार 2000 में हुए पंचायत चुनाव मैदान में ग्राम पंचायत टण्डौर से दावा ठोका, उस चुनाव में शिकस्त खानी पड़ी। उसके बाद शिवकुमार ने न सिर्फ पंचायत चुनाव में बल्कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दावेदारी पेश करते हुए ऐसे लोगों की बोलती बंद कर दी, जो कहते है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ हौसले कमजोर हो जाते हैं।



इससे पहले 16 बार चुनाव मैदान में कूदने वाले शिवकुमार ने 17वीं बार फिर 18वीं लोकसभा के लिए दावा ठोकते हुए गत 25 अप्रैल को हरदोई लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन किया है। इस दौरान छुर्रियों वाले चेहरे पर अजीब सी चमक दिखाई दे रही थी, उसी चमक के साथ पर्चा दाखिल कर कलेक्ट्रेट से बाहर निकले शिव कुमार ने पूछने पर बताया कि उन्होंने गरीबों को हक दिलाने के लिए जो लड़ाई शुरू की है, जब तक सांस है, जारी रहेगी।



## चुनावी चक्कर

**● अभय 30 को ले सकते हैं बड़ा निर्णय :**

राज्यसभा चुनाव में सपा के खिलाफ वोटिंग करने वाले गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक अभय सिंह ने 30 अप्रैल को एक बैठक बुलाई है। सपा विधायक द्वारा बैठक बुलाए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में किसी बड़े धमाके की चर्चा की जा रही है। बताया जाता है कि सपा विधायक ने गोसाईगंज और तारुन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं समेत अपने निकटवर्ती लोगों को इस बैठक में बुलाया गया है। अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह के भाजपा में शामिल होने के बाद जिले की राजनीति में भूचाल आ गया था। इससे पहले विधायक अभय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोटिंग करते हुए खिलाफत में आ गए थे। इसके बाद उन्होंने रामलला का दर्शन कर कहीं न कहीं पार्टी लाइन से भी अलग हटकर चलने का काम किया।

**● भविष्य की सता रही चिंता :**

राजधानी की लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में कई स्थानीय नेता जो कि यहां के विधायक गोपाल टंडन के निधन के बाद उनके ही परिवार के किसी सदस्य को प्रत्याशी बनाने को संगठन पर जोर डाल रहे थे, अब वे नई समस्या में आ गए है, क्योंकि भाजपा ने दिवंगत विधायक के परिवार के सदस्य को टिकट न देकर ओपी श्रीवास्तव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। अब ये नेता वर्तमान प्रत्याशी से अपने संबंध सुदृढ़ करने के लिए उनके आसपास मंडरा रहे हैं, क्योंकि उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है।

# बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है मुकाबला

### प्रधानमंत्री नेहरू ने लगातार तीन बार जीता था चुनाव

### फूलपुर को हाई प्रोफाइल सीटों में किया जाता है शुमार

### माफिया अतीक अहमद भी इसी सीट से बना था सांसद

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** प्रयागराज जिले के तहत फूलपुर लोकसभा सीट आती है, जहां पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फूलपुर लोकसभा सीट को उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार किया जाता है।

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी इस सीट से कई बार सांसद चुने गए थे। एक अन्य पूर्व पीएम विश्वनाथ प्रताप सिंह भी यहां से चुने गए थे, गैंगस्टर अतीक अहमद भी इसी फूलपुर सीट से सांसद बने थे। फूलपुर सीट पर भाजपा और बसपा के दांव से चुनाव बेहद रोचक हो गया है। भाजपा ने मौजूद सांसद का टिकट काट दिया है। पहले माना जा रहा था कि सांसद केशरी देवी का टिकट कटा तो उनके बेटे दीपक पटेल को मिल सकता है लेकिन भाजपा ने प्रवीण पटेल को उतारकर सभी को चौंका दिया है। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीति की शुरुआत की थी। 2017 में बसपा से भाजपा में शामिल हुए थे। सपा ने अमरनाथ मौर्य को उतारा है। अमरनाथ भी लंबे समय तक बसपा में रहे हैं। बसपा ने अपने वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाल को उतारा है। ऐसे में यहां पर मुकाबला बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है।



### नेहरू की बहन भी लड़ चुकी हैं चुनाव

1952 के आम चुनाव से पहले फूलपुर सीट इलाहाबाद ईस्ट कम जौनपुर वेस्ट कहलाती थी। यहां से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू 1952 में निर्वाचित हुए। 1957 व 1962 में भी जीते। उनके निधन के बाद 1964 के उपचुनाव में उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित जीतीं।

### ये विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

प्रयागराज में आने वाली फूलपुर संसदीय सीट पर विधानभा सीटें आती हैं, जिसमें प्रयागराज पश्चिम, प्रयागराज उत्तर, फाफामऊ, सोरांव और फूलपुर सीट है। 2 साल पहले 2022 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में फूलपुर की 5 विधानसभा सीटों में से 4 पर बीजेपी को जीत मिली थी जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी को मिली थी।



प्रवीण पटेल



अमर नाथ मौर्य



जगन्नाथ पाल

2019 के चुनाव में फूलपुर संसदीय सीट पर बीजेपी और सपा के बीच मुख्य मुकाबला था बीजेपी की ओर से केशरी देवी पटेल मैदान में उतरी थीं, केशरी देवी को चुनाव में 544,701 वोट मिले जबकि सपा-बसपा के साझा उम्मीदवार पंधारी यादव के खाते में 372,733 वोट गए थे।

एकतरफा मुकाबले में केशरी देवी को 171,968 मतों के अंतर से जीत मिली थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से बीजेपी के प्रत्याशी केशव प्रसाद मौर्य ने सपा के प्रत्याशी धर्मराज सिंह को 3,08,308 मतों के अंतर से हराया था।

कांग्रेस ने फूलपुर सीट से क्रिकेटर से नेता बने मोहम्मद कैफ को उतारा था और वह चुनाव में चौथे स्थान पर रहे थे, फिर 2017 के विधानसभा चुनाव में राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम बनाया गया और इस कारण उन्हें यह सीट छोड़ दी। उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर उपचुनाव में बीजेपी को हार मिली थी।

### प्रवीण बसपा से रहे हैं विधायक

भाजपा प्रत्याशी प्रवीण के पिता महेंद्र प्रताप पटेल झूसी विधानसभा क्षेत्र से 1984, 1989 व 1991 में विधायक चुने गए थे। ये जनता पार्टी व कांग्रेस से जुड़े रहे। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीतिक शुरू की थी। वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। बसपा से ही 2012 का विधानसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। फिर वर्ष 2017 में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें फूलपुर से प्रत्याशी बनाया और दोनों में उन्हें जीत मिली।

### अमरनाथ ने बसपा के टिकट पर लड़ा था चुनाव

इंडी गठबंधन के तहत प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या सपा के प्रदेश सचिव भी हैं। अमरनाथ मौर्या भी प्रवीण पटेल की तरह बसपा में रह चुके हैं। 2002 में इलाहाबाद शहर पश्चिम से बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। इसके अलावा वह बसपा में कई पदों पर भी रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अमरनाथ मौर्य ने सपा की सदस्यता ली थी। 2022 में विधानसभा चुनाव में शहर पश्चिम से सपा ने उन्हें टिकट भी दिया था, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन रिचा सिंह को टिकट दे दिया गया था।

### शुरू से बसपा के साथ हैं जगन्नाथ पाल

बसपा के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल 1996 में तत्कालीन बसपा सुप्रीमो कांशीराम के चुनाव में मतगणना एजेंट रह चुके हैं। राजनीति में वह लंबे समय से सक्रिय हैं। ग्राम पंचायत अमरसापुर, बहादुरपुर के दस वर्ष तक प्रधान भी रहे। शुरू से बसपा का झंडा लेकर चल रहे हैं। यही वजह है कि पार्टी उन्हें विधानसभा सीट झुंसी के महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी फूलपुर की जिम्मेदारी पूर्व में दे चुकी है। मुख्य मंडल जोन प्रभारी के साथ प्रयागराज व मीरजापुर मंडल के कोऑर्डिनेटर भी रह चुके हैं। वर्तमान में प्रयागराज के मंडल प्रभारी भी हैं।

### फूलपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| केशरी देवी पटेल | 5,44,701 |
| पंधारी यादव | 3,72,733 |
| पंकज पटेल | 32,761 |

### उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल | 3,42,922 |
| भाजपा | कौशलेंद्र सिंह पटेल | 2,83,462 |
| निर्दल | अतीक अहमद | 48,094 |
| कांग्रेस | मनीष मिश्रा | 19,353 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 व 57 | जवाहर लाल नेहरू/मसुरिया दिन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | जवाहर लाल नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1964व 67 | विजया लक्ष्मी पंडित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1969 | जनेश्वर मिश्र | संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी |
| 1971 | विश्वनाथ प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | कमला बहुगुणा | जनता पार्टी |
| 1980 | बीडी सिंह | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | राम पूजन पटेल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | राम पूजन पटेल | जनता दल |
| 1996 व 98 | जंगबहादुर पटेल | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | धर्मराज पटेल | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | अतीक अहमद | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | कपिल मुनि करवरिया | बहुजन समाज पार्टी |

| 2014 नोटा | 2018 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|---|
| 8,424 | 2,724 | 7,882 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | केशव प्रसाद मौर्य | 5,03,564 |
| सपा | धर्मराज सिंह पटेल | 1,95,256 |
| बसपा | कपिल मुनि करवरिया | 1,63,710 |
| कांग्रेस | मोहम्मद कैफ | 58,127 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 20,47,108 |
| पुरुष | 11,11,707 |
| महिला | 9,35,293 |
| अन्य | 198 |




### अपनी ढपली अपना राग



सरकार के लिए जनता ही परिवार है, गरीब को घर मिलना ही रामराज्य है। अयोध्या भी सजाया है.. मथुरा भी सजाएंगे है। -योगी आदित्यनाथ



कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। -राहुल गांधी



भाजपा से सावधान रहिए। जो मन की बात करते हैं वे संविधान की बात नहीं करते हैं। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। -अखिलेश यादव



कांग्रेस का हमेशा एजेंडा सामाजिक टकराव और देश को विवादित मुद्दों की तरफ ले जाने का आ रहा है। गरीबों को और गरीब बनाने की मंशा रही है। -भूपेंद्र चौधरी

# दोहरी चुनौती का सामना कर रहे आकाश

### अनुसूचित मतदाताओं के साथ सर्व समाज के युवा दिलों में भी खुद को कर रहे स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीते चुनावों में बसपा की गिरती साख को 2024 के लोकसभा चुनाव में बचाने को जुटे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पार्टी को जिताने के साथ ही खुद को भी पार्टी का सही उत्तराधिकारी साबित करने की जिम्मेदारी भी उनके कंधे पर है।

एकला चलो की रणनीति पर लोकसभा चुनाव लड़ रही बसपा के लिए मुख्य दल बने रहने की चुनौती है, 2019 के लोकसभा चुनाव में 10 सीटे जितने वाली बसपा को सपा का समर्थन था, जो इस बार प्रतिद्वंदी की भूमिका में हैं। ऐसी परिस्थितियों में बसपा को दोबारा पुराने तेवर में लाने को पार्टी की बदली रणनीति के तहत उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी जिम्मेदारी उठा रहे है। मायावती के विश्वास को अंजाम तक पहुंचाने बीते छह अप्रैल से आनंद ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इस चुनावी सफर में विभिन्न जिलों में प्रत्याशियों के समर्थन में उनकी दो दर्जन से ज्यादा चुनावी सभा प्रस्तावित हैं।

नेशनल कोऑर्डिनेटर की रैलियों में जुटने वाले युवाओं की संख्या को देखकर संगठन के पदाधिकारी भी खुश हैं। रैलियों में पीएम मोदी से लेकर परीक्षा पेपर लीक आदि स्थानीय मुद्दों को लेकर योगी सरकार पर भी हमलावर हो रहें हैं। आकाश आनंद रेलवे में रिक्त 30 लाख पद की बाते कर रहे है, नौकरी संबन्धी पेपर लीक होने और राज्य सरकार द्वारा नौजवानों को नौकरी न दे पाने का मुद्दा उठा रहे हैं।

### बैठकों में 75 फीसदी युवा जुट रहे हैं

प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि आकाश आनंद, युवाओं के आईकॉन बन चुके है। आकाश आनंद युवाओं की समस्याओं पर बात करते हैं। पार्टी बैठकों में युवाओं की उपस्थिति 75 फीसदी हो चुकी है। नौजवानों के मुद्दों से रैलियों में युवा मतदाताओं की जबरदस्त भीड़ जुट रही है। ब्राम्हण, वैश्य, मुस्लिम, अनुसूचित सभी वर्ग का युवा आकाश आनंद के नेतृत्व में एकजुट है। यूथ के जुड़ने से पार्टी सभी 80 सीटों पर टक्कर दे रही है।



### नाराजगी की ले रहे जानकारी

लोकसभा चुनाव की शुरुआत होते ही आकाश बसपा का लौटा हुआ जनाधार वापस लाने के लिए पुराने और कर्मठ बसपा नेताओं को भी साध रहे हैं, इसके लिए वह खुद उनसे मिलकर जनता की नाराजगी के बारे में जानकारी ले रहे, जिससे वह जब जनता के बीच जाते हैं तो बड़ी ही आसानी से उनसे घुलमिल जाते हैं।

## 1,25,88,952 प्रचार प्रसार सामग्री हटाई गई

**अमृत विचार, लखनऊ:** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 1,25,88,952 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 76,91,583 व निजी स्थानों से 48,97,369 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,45,509, पोस्टर के 35,50,888, बैनर के 21,63,970 व अन्य 11,31,216 मामलों में कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,67,093, पोस्टर के 22,55,441 बैनर के 12,13,389 व अन्य 7,61,446 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 102 एफआईआर दर्ज कराई गई।

# गड़बड़ी की तो सबक सिखाएंगे चाचा चौधरी

### मतदाता जागरूकता के लिए छात्र कर रहे अभिनय

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** मैं चाचा चौधरी हूं, जो चुनाव में गड़बड़ी करेगा मैं सबको सबक सिखाऊंगा। जागरुक नागरिक बनिये और वोट कीजिये! विद्यालयों, के छात्र प्रतिष्ठित हास्य पात्रों का अभिनय कर रहे हैं। बेहटा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बख्शी का तालाब हैं। स्टूडेंट्स यहां नाटक के माध्यम से लोगों को शिक्षित कर रहे हैं कि कैसे... नए वोटरों को एप के बारे में बताकर आईडी बनवा सकते हैं, विकलांग लोग, और क्या करें और क्या न करें। ये भी बताया जा रहा है

"चाचा चौधरी और साबू की यादों में बस गए है। पाठकों को उनके प्रतिष्ठित संवादों के लिए याद किया जाता है और बातचीत। वे गर्मजोशी और पुरानी यादों को जगाते हैं। हमारे देश में युवा मतदाताओं की बड़ी संख्या है। इसलिए चाचा चौधरी न केवल यादें ताजा करते हैं बल्कि... वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां और उम्मीदवार वोटरों को अपने-अपने तरीके से लुभाने में लगे हैं। प्रशासन भी चुनाव की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। इसी क्रम में अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए तरह-तरह के तरीकों को अपनाकर मतदाताओं को वोट देने के अधिकार के लिए लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कॉमिक्स के चाचा चौधरी और साबू भी मैदान में उतर गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार चाचा चौधरी चुनावी दंगल कॉमिक्स का तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों, हाई स्कूल, इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेजों में इस 60 पन्नों के कॉमिक्स की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी वितरित की जा रही है। ऐसे में चाचा चौधरी और साबू अब मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से स्वीप योजना के तहत चाचा चौधरी और चुनावी दंगल नाम से कॉमिक्स जारी की गई है, जिसमें हर वर्ग के वोटरों को ध्यान में रखकर 10 अलग-अलग कहानियां शामिल की गईं हैं। 10 अलग-अलग कहानियां चाचा चौधरी और न्यू वोटर, बनें स्मार्ट वोटर, महिला मतदाता की भागीदारी, चुनावी हेराफेरी, थर्ड जेंडर वोटर अवेयरनेस आईकॉन, अपने उम्मीदवार को जानो एप, पोस्टल वोटर, हर वोट है जरूरी, चाचा चौधरी ओर अपना वोट शामिल की गईं हैं।

### रोचक अंदाज

कॉमिक्स में बेहद रोचक अंदाज में चाचा चौधरी और साबू लोगों को मतदाता बनने, प्रलोभन में न आने, मतदान करने आदि के लिए प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में यह कॉमिक्स जन सामान्य के लोगों में वितरित करने की तैयारी है।





# छत्तीसगढ़ के रण में जीत का प्रण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटें हैं। इनमें चार सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 11 में से नौ सीटें जीतकर शानदार सफलता पाई थी। कांग्रेस केवल दो सीटों पर सिमट कर रह गई थी। भाजपा को 50.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 40.9 प्रतिशत था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में राज्य में चार माह पहले विधानसभा चुनाव जीतने वाली भाजपा के सामने पार्टी की सांसद टैली को डबल डिजिट में पहुंचाने की चुनौती है, जबकि कांग्रेस विधान सभा चुनाव की हार के गम से उबरकर खुद को मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित करने की हर संभव कोशिश में लगी है। राज्य में दो चरणों में मतदान हो चुका है अब तीसरे चरण में सात मई को सात सीटों रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, दुर्ग और जांजगीर-चांपा सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण को भाजपा-कांग्रेस के बीच असली लड़ाई माना जा रहा है। इसमें कांग्रेस के प्रण और भाजपा के रण की परीक्षा होगी।

- भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाले इस राज्य में दोनों दलों ने जीत के लिए बिछाई है बिसात
- तीसरे चरण में सात सीटों पर जबर्दस्त घमासान, भाजपा और कांग्रेस के सितारे उतरेंगे जमीन पर
- विधानसभा चुनाव में जीत से उत्साहित भाजपा क्लीन स्वीप की तैयारी में, तो कांग्रेस लेना चाहती हार का बदला

## बीते तीन चुनावों में भाजपा का वोट छह तो कांग्रेस का चार फीसदी बढ़ा

- छत्तीसगढ़ में नौ लोकसभा सीटों पर काबिज भाजपा पार्टी के मिशन-400 पार को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान की तरह इस बार राज्य में भी क्लीन स्वीप करके सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना चाहती है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद पार्टी का यह उत्साह बेवजह भी नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में हर बार कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा का वोट शेयर 2009 से 2019 तक जहां छह फीसदी बढ़ा है, वहीं वोट तो कांग्रेस का भी चार प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन उसे सीटों का खास फायदा नहीं हुआ।
- 2009 में भाजपा ने 10 सीटें और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। 2014 में फिर भाजपा के खाते में 10 सीटें आईं और कांग्रेस के हाथ एक ही सीट लगी। 2019 में जरूर भाजपा नौ सीटें ही जीत पायी थीं और कांग्रेस ने 2 सीटों पर कब्जा जमा लिया था। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले साल दिसंबर में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा का वोट शेयर पिछले चुनाव के 33 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी से ज्यादा हो गया था। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट शेयर थोड़ा घटा था। 2018 में पार्टी का वोट प्रतिशत 43 फीसदी था, लेकिन 2023 में कांग्रेस को 42 .23 फीसदी वोट ही मिले थे।
- राजनीतिक जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दलित, आदिवासी और ओबीसी वोट कांग्रेस के साथ जा रहा था। लेकिन भाजपा की दो घोषणा धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और महतारी बंधन योजना ने उसके नाराज समर्थकों के साथ फ्लोटिंग वोटरों को भाजपा के पक्ष में खड़ा कर दिया। अब लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार के साथ मोदी की गारंटी और चेहरा है, जो भाजपा को आगे खड़ा दिखा रहा है।



**2019 में मत प्रतिशत**

50.7% भाजपा — 40.9% कांग्रेस

**2014 में मत प्रतिशत**

48.7% भाजपा — 38.4% कांग्रेस

**2019 का दलीय परिणाम**

| दल | सीट | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 09 | 69,02,477 |
| कांग्रेस | 02 | 55,69,183 |

**2014 का दलीय परिणाम**

| दल | सीट | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 10 | 59,73,904 |
| कांग्रेस | 01 | 47,02,813 |

### विस चुनाव में आठ लोस सीटों पर आगे रही थी भाजपा

विधान सभा परिणामों के मुताबिक राज्य में आठ लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस तीन सीटों पर आगे रही है। कांग्रेस जिन सीटों पर आगे रही थी, वह तीसरे चरण में आती हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट चुनावी अभियान का जायजा ले गए हैं। सोमवार को राहुल गांधी और 30 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बाद दो मई को प्रियंका गांधी आने का कार्यक्रम है। भाजपा के भी स्टार प्रचारकों इस चरण में चुनाव प्रचार में ताकत लगाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले दो दिनों में कोरबा में सभा का कार्यक्रम बन रहा है। मोदी इससे पहले भी राज्य में चार सभाएं कर चुके हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों के दौरे के कार्यक्रम बनाए हैं।

### रायपुर में दिग्गज नेता और युवा चेहरे के बीच रोचक हुई लड़ाई

रायपुर लोकसभा सीट पर बीते 28 साल से भाजपा काबिज है। यहां से 1991 में अंतिम बार कांग्रेस नेता विद्या चरण शुक्ल जीते थे। भाजपा से मैदान में उतरे कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से रायपुर दक्षिण विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं। इनके मुकाबले कांग्रेस ने रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को उतारा है। वह युवा चेहरा हैं। वह स्थानीय समस्याएं उठाकर भाजपा को घेरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।



### बिलासपुर में हो सकता कांटे का मुकाबला

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा सात बार से जीत रही है। 2019 में यहां से अरुण साव बड़े अंतर से जीते थे। यहां भाजपा के तोखन साहू के सामने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं। यहां यादव और साहू वोटरों का बाहुल्य है, इस कारण मुकाबला करीबी माना जा रहा है। 2019 में भाजपा को 52 और कांग्रेस को 41 प्रतिशत मत मिले थे।

जाजगीर-चांपा लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह कमलेश जांगड़ को उतारा है। उनके सामने कांग्रेस के डा.शिवकुमार डहरिया चुनौती पेश कर रहे हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के गुआरम अजगले ने करीब 82 हजार मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था। इस बार यहां कांग्रेस जोर लगा रही है।

### रायगढ़ में ढाई दशक से भाजपा का कब्जा

- रायगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के राधेश्याम राठिया के सामने कांग्रेस से सारंगढ़ राज परिवार की डॉ. मेनका देवी सिंह मुकाबले में हैं। इस सीट पर 1999 से भाजपा का कब्जा है। यहां की भाजपा सांसद गोमती साय ने इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव जीती थीं। भाजपा उनके आदिवासी होने पर सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस में भी उनकी प्रत्याशिता पर नाराजगी के स्वर हैं।

### कोरबा में कांग्रेस को फिर जीत की आस

- कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस का प्रभाव रहा है। यहां से भाजपा की पूर्व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के सामने कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत हैं। यहां बागेश्वर बाबा की कथा में आए श्रद्धालुओं को भाजपा का पटका पहनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। पिछली बार कांग्रेस यह सीट करीब 27 हजार मतों से जीती थी।

### राजनांदगांव में भूपेश बघेल की जीत ओबीसी वोटरों पर निर्भर

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट पर इस बार के सबसे मुकाबला दिलचस्प में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय से हुआ। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कांग्रेस के पास 5 और भाजपा के पास 3 सीटें हैं। पिछली बार संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। कांग्रेस ने लोकसभा क्षेत्र में पिछड़े वर्ग की बहुलता को देखते हुए भूपेश बघेल को उतारा था।

### महाराज के आगे भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाएंगी शशि सिंह

सरगुजा आरक्षित लोकसभा सीट आदिवासी बेल्ट मानी जाती है। 2019 में यहां से भाजपा की रेणुका सिंह बड़े अंतर से जीती थीं। यहां कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज जो राज्य के संत गहिरा गुरु के परिवार से हैं, को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। उनका मुकाबले में कांग्रेस की शशि सिंह चुनाव लड़ रही हैं। यहां जानकार भाजपा को मजबूत मान रहे हैं।

### दुर्ग में भाजपा-कांग्रेस के बीच मानी जा रही कड़ी टक्कर

दुर्ग लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा जीती थी। भाजपा के विजय बघेल ने कांग्रेस की प्रतिमा चंद्राकर को बड़े अंतर से हराया था। हालांकि 2014 में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने भाजपा की सरोज पांडेय को यहां शिकस्त दी थी। भाजपा ने एक बार फिर विजय बघेल पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने अपने जमीनी कार्यकर्ता राजेंद्र साहू को उतारा है। यहां इस बार करीबी मुकाबला माना जा रहा है।

### बस्तर दे चुका बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की विजय का संदेश

संवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर सीट पर 68 .29 प्रतिशत मतदान करके लोग बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की जीत का संदेश दे चुके हैं। कांकेर में 78, राजनांदगांव में 77 और महासमुंद में 77 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े थे, जो पिछली बार से ज्यादा थे। दूसरे राज्यों में कम मतदान की जगह छत्तीसगढ़ में ज्यादा वोट पड़ना सकरात्मक संदेश है।

### बिरनपुर हिंसा व पीएससी घोटाला फिर बना कांग्रेस के गले की फांस

- भूपेश बघेल सरकार में हुई बिरनपुर हिंसा और पीएससी घोटाला का मुद्दा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर भारी पड़ा था, अब लोकसभा चुनाव में भी ये दोनों मुद्दे कांग्रेस के लिए गले की फांस बनते दिख रहे हैं। केंद्र सरकार की अनुमति के बाद दोनों मामलों में सीबीआई जांच शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी अभियान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। वह कह रहे हैं कि पीएससी के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि बिरनपुर हिंसा में शामिल आरोपितों को जेल भेजा जाएगा। बिरनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में भुवनेश्वर साहू की हत्या हुई थी। इसके बाद भाजपा ने भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को विधानसभा में टिकट दिया था। वह चुनाव जीतकर विधायक बने थे।

# नासिक में दौड़ी अघाड़ी की गाड़ी, महायुति में गतिरोध का पेच

चुनाव डेस्क



छगन भुजबल



एकनाथ शिंदे



अजित पवार अमृत विचार

**नासिक।** महाविकास अघाड़ी से शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी राजाभाऊ वाजे नासिक लोकसभा सीट पर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। लेकिन महायुति में प्रत्याशी चयन को लेकर दरार अभी भी बनी हुई है। बीते 45 दिनों से नासिक लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवारी को लेकर फंसा पेंच नहीं सुलझ सका है। उधर, महाविकास अघाड़ी ने अपना उम्मीदवार तय करके प्रचार में बढ़त बना ली है।

छगन भुजबल द्वारा नासिक सीट पर चुनाव लड़ने से इंकार करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सत्तारूढ़ शिवसेना गुट का सीट पर दावा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इस सीट से दो बार के सांसद हेमंत गोडसे शिंदे गुट के साथहैं। वह तीसरी बार चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। 2019 में शिवसेना के टिकट पर हेमंत गोडसे ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,63,599 वोट मिले थे, जबकि एनसीपी के समीर भुजबल ने 2,71,395 वोट पाए थे।

भाजपा से इस सीट पर पूर्व विधायक राहुल ढिकले का नाम सबसे आगे है। लेकिन नासिक सीट पर राकांपा (अजित पवार गुट) और शिवसेना (शिंदे गुट) दोनों प्रत्याशिता के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। शिंदे गुट आसानी से नासिक सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उधर, छगन भुजबल के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद भी राकांपा ने नासिक सीट पर अपनी जिद नहीं छोड़ी है। इसलिए नासिक सीट पर महायुति में गतिरोध नहीं दूर हो पा रहा है। इससे महायुति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता असमंजस में हैं।

- शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी सोमवार को करेंगे नामांकन दाखिल
- शिवसेना शिंदे के साथ राकांपा अजित अड़े हैं चुनाव लड़ने को लेकर

**तीसरे चरण में तय होगा शिवसेना राकांपा टूट में कौन ताकतवर :** महाराष्ट्र में तीसरे चरण में सात मई को रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सातारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले सीट पर मतदान होना है। सबसे रोचक मुकाबला बारामती में सुप्रिया सुले (एनसीपी शरद पवार गुट) का सुनेत्रा पवार (एनसीपी अजित गुट) से है।

माधा सीट पर रणजीत सिंह नाइक (भाजपा) का मुकाबला धैर्यशील मोहिते पाटिल (एनसीपी पवार) से है। उस्मानाबाद सीट पर अर्चना पाटिल (भाजपा) के सामने ओमप्रकाश राजे निंबालकर (शिवसेना उद्धव) हैं। लातूर में सुधाकर श्रृंगारे (भाजपा) का मुकाबला शिवाजीराव कालगे (कांग्रेस) से है। हातकणंगले में राजू शेट्टी (स्वाभिमानी पक्ष), सत्यजीत पाटिल (शिवसेना शिंदे) और धैर्यशील माने (शिवसेना उद्धव) में त्रिकोणीय मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से छत्रपति शाहू महाराज (कांग्रेस) का सीधा मुकाबला संजय मांडलिक (शिवसेना शिंदे) से है। शोलापुर में मुकाबला प्रणीति शिंदे (कांग्रेस) और राम सातपुते (भाजपा) के बीच हो रहा है।



**मतदाताओं को रिझाया**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। इस दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए उन्होंने वाद्य यंत्र भी बजाया।



**मांगे वोट**

नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

# 35 सालों से कांग्रेस का चक्रव्यूह भेदती आ रही भाजपा

**भिंड संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की भिंड लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ा हुआ है। 35 सालों में नौ चुनाव हुए और सभी में भाजपा को यहां जीत मिली। अब पार्टी 10 वीं बार जीत दर्ज करने के लिए वर्तमान सांसद संध्या राय के साथ मैदान में है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए कांग्रेस भी आतुर दिख रही है और इस बार उसने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

अब के चुनावों में मुख्य मुकाबले में रही कांग्रेस के लिए उसके बागी देवाशीष जरारिया मुसीबत बन गए हैं। देवाशीष को बसपा ने हाथी का महावत बना लिया है। देवाशीष इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं पिछले चुनाव में उन्हें भाजपा की संध्या राय ने हराया था।

2019 में चुनाव में देवाशीष जरारिया कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे तब उनके मुकाबले भाजपा ने नया चेहरा संध्या राय के रूप में उतारा था। संध्या ने उन्हें पटखनी दी तो इस बार कांग्रेस ने जरारिया से किनारा कर लिया। पार्टी को उम्मीद थी कि फूल सिंह बरैया को जीत दिलाने में जरारिया शिद्दत के साथ लगेंगे लेकिन उन्होंने तो हाथ का साथ छोड़कर हाथी की सवारी कर ली। इसे कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं माना जा रहा है। यहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इससे पहले 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड में सभा करेंगे।

इस सीट से 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी सांसद रह चुकी हैं। यहां से ज्यादातर दूसरे जिलों के उम्मीदवार ही सांसद बनते रहे हैं। यहां तक कि वर्तमान सांसद संध्या राय भी मुरैना जिले की निवासी हैं। वह दिमनी से विधायक रह चुकी हैं।



| | |
|---|---|
| 10,19,722 पुरुष मतदाता | 37 ट्रांसजेण्डर मतदाता हैं |
| 8,73,872 महिला मतदाता | 18,93,631 कुल मतदाता |

- 10 वीं बार जीत के लिए पार्टी ने वर्तमान सांसद संध्या पर जताया विश्वास
- कांगेस ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है
- कांग्रेस के बागी देवाशीष बने हाथी के महावत, लड़ाई में आने को आतुर

### इस बार कांटे का मुकाबला

इस चुनाव में मुकाबला कांटे का हो सकता है। क्योंकि प्रदेश की सत्ता पर भाजपा भले ही काबिज है लगातार 35 सालों से इस संसदीय सीट को जीतती आ रही है लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उसे जबरदस्त टक्कर दी थी। यहां की आठ विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस और चार पर भाजपा काबिज है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है।

### भाजपा के रामलखन सिंह लगातार चार बार जीते

- भाजपा ने पहली बार 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब नरसिंह राव दीक्षित सांसद बने थे। इसके बाद भाजपा के 1991 में योगानंद सरस्वती को सांसद बनने का मौका मिला। 1996 के चुनाव में राम लखन सिंह सांसद बने और वे 2004 तक जीते। इस तरह चार बार सांसद बनने का मौका उन्हें मिला। पार्टी ने इसके बाद अशोक अर्गल पर दांव लगाया और वे भी 2009 में सांसद बनने में कामयाब हुए। 2014 में भागीरथ प्रसाद को जीत मिली तो 2019 में संध्या राय सांसद बनीं।

### नरोत्तम मिश्रा भी यहां से हारे

- शिवराज सिंह सरकार में गृह मंत्री रहते हुए नरोत्तम मिश्रा को यहां की दतिया विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार ने ही पटखनी दी। नरोत्तम मिश्रा की हार भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं थी। इससे भी कांग्रेस का मनोबल भिंड लोकसभा के चुनाव में बढ़ा हुआ है।

## एक नजर

### खूंखार गौंडर ग्रुप का सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित अपराध पर कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को गौंडर ग्रुप के खूंखार गैंगस्टर को हथियारों और हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गैंगस्टर के खिलाफ पहले से ही 14 मामले लंबित थे और वह हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अन्य जैसे संगठित अपराध में शामिल था। उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विक्की गौंडर गिरोह से जुड़ा एक गैंगस्टर शहर में सक्रिय है और जालंधर और अन्य शहरों में अवैध हथियारों की आपूर्ति सहित कई अपराधों में शामिल है। उन्होने कहा कि मुखबिर द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, स्पेशल सेल टीम ने सुरिंदर कुमार पुत्र सोम नाथ निवासी जालंधर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

### मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुनर्मतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें भी सामने आयी थीं।

### नाकाबंदी में वाहन की जांच कराने से मना करने पर भाजपा का निलंबित नेता गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर जिले की पुलिस ने भाजपा से निलंबित नेता उस्मान गनी को पुलिस नाकाबंदी के दौरान अपने वाहन की जांच कराने से इनकार करने पर एतियातन गिरफ्तार किया है। राजस्थान में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई टिप्पणी पर गनी ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद पिछले सप्ताह भाजपा ने उन्हें बीकानेर के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया था। बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजवानी गौतम ने बताया कि गनी को शनिवार को हिरासत में लिया गया और रिहाई के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीएम) के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि गनी को मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थाने के बाहर नाकाबंदी के दौरान वाहन की जांच के लिए रोका गया था।

### नवी मुंबई में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी और पीड़िता उलवे इलाके में एक ही इमारत के रहते हैं। एनआरआई सागरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शनिवार की शाम जब पीड़िता आरोपी के घर खेलने के लिए गई थी तब उसने कथित तौर पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले भी बच्ची का यौन उत्पीड़न कर चुका है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को बच्ची ने इस संबंध में परिजनों को बताया। उन्होंने बताया कि माता-पिता की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में रविवार को एक ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी करने के लिए सुपौल जा रही थी। पुलिस ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी, तभी एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार पुलिस के दो कांस्टेबल अशोक कुमार उरांव (पूर्णिया निवासी) और पवन महतो (बेतिया निवासी) के रूप में की गई है।

# शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया पर नवाबों के अत्याचारों पर चुप हैं : मोदी

## कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कानून और व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर भी किए प्रहार

**बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों के किए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर के मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा।

मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा और उनकी बहन दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इसे होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस



● पीएम ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे

को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा...। जनसभा में मोदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। उन्होंने राजाओं और महाराजाओं पर गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया... शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी शख्सियतों का अपमान किया है जिनकी देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया। शहजादे मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते। औरंगजेब ने कई मंदिरों को अपवित्र किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस उन दलों के साथ खुशी-खुशी गठबंधन कर रही है, जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थानों को नष्ट किया, हत्याओं, गौ हत्या में शामिल रहे।

### जिन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें मतदाता खारिज कर देंगे

**सिरसी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया, उन्हें मौजूदा लोकसभा चुनाव में जनता खारिज कर देगी। मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर फैसला देश की आजादी के अगले दिन ही ले लिया जाना चाहिए था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हीं ताकतों ने अंतिम क्षण तक यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राम मंदिर न बने और आखिरी दिन भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उत्तर कन्नड जिले के इस तालुका मुख्यालय शहर की जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके दरबारियों ने 70 वर्षों तक कोशिश की है कि राम मंदिर नहीं बनाया जाना चाहिए।

# अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल गांधी

**कटक, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।

गांधी ने कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में दावा किया कि भले ही बीजद और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को



● कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में बीजद और भाजपा पर साझेदारी का लगाया आरोप

पीएएएनएन दिया है, अर्थात् पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ का था। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि तेलंगाना में बीआरएस भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

# धनशोधन मामला: केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका पर आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार यानी 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस मामले पर सुनवाई कर सकती है।

केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि इस मामले में उनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक अभूतपूर्व हमला है। गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर दायर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का तरीका और समय एजेंसी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय हुई जब आदर्श आचार संहिता लागू थी। केजरीवाल ने दावा किया कि यह एक प्रमुख मामला है कि कैसे केंद्र ने आप और उसके नेताओं को कुचलने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी और इसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इसमें दावा किया गया है कि चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के पांच दिन



● केंद्र सरकार ने आप नेताओं को कुचलने के लिए ईडी और उसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया

बाद ईडी ने मौजूदा मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय विपक्षी दलों में से एक के राष्ट्रीय संयोजक को अवैध रूप से पकड़ लिया। केजरीवाल ने कहा कि समान अवसर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की पूर्ववर्ती जरूरत है, लेकिन उनकी अवैध गिरफ्तारी से इसका उल्लंघन हुआ है। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

### आप के चुनाव प्रचार गीत पर निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगाया: आतिशी

**नई दिल्ली।** आप ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पार्टी के चुनाव प्रचार गीत 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि यह सत्तारूढ़ भाजपा और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। आप के इस दावे पर निर्वाचन आयोग ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। आप नेता आतिशी ने कहा कि यह संभवत: पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है। इस गीत में भाजपा का जिक्र नहीं है और यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करता। इसमें तथ्यात्मक वीडियो और घटनाएं शामिल हैं।

## भाजपा के कार्यक्रमों के बहिष्कार का सर्वखाप ने लिया निर्णय

**भिवानी।** हरियाणा के चरखी दादरी में सर्वखाप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंगलवार को होने वाली रैली समेत भाजपा व जजपा के नेताओं के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। सर्वखाप के मुताबिक रविवार को हुई बैठक में कहा गया कि चुनाव के दौरान नेताओं के चक्कर में आपसी भाईचारा खराब नहीं होने देंगे। दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में सर्वखाप की बैठक हुई, जिसमें सांगवान, श्योराण, फोगाट सहित आधा दर्जन खापों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सांसद प्रज्वल की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एसआईटी गठित

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए रविवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया। कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया।

रेवन्ना हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद(एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की एसपी सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में प्रसार किया गया है।

# प्रियंका को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नकली गांधी बताया

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर प्रहार करते हुए दावा किया कि वह नकली गांधी हैं और वोट पाने के लिए इस उपनाम का इस्तेमाल कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुना क्षेत्र के म्याना कस्बे में शनिवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को राजस्थान की रैली में कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमाई और मूल्यवान चीजों को घुसपैठियों और उन लोगों को देने की है, जिनकी अधिक संतान हैं। यह पार्टी सत्ता में आने पर माताओं और बहनों का सोना चुरा लेगी। बाद में, प्रियंका ने सोना और मंगलसूत्र संबंधी मोदी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र कुर्बान किया। कांग्रेस महासचिव पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि अपनी प्रपौत्री के मंगलसूत्र नहीं पहनने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आत्मा आंसू बहा रही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां, बेटी के विदा होते ही ससुराल का सरनेम लगा देते हैं लेकिन ये वोट के भूखे लोग अपना सरनेम भूल कर गांधी उपनाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## धार्मिक पोस्टर पर तस्वीर को लेकर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस

**कोरबा/रायगढ़।** निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टर और बैनर पर उनकी तस्वीर को लेकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की शिकायत के बाद कोरबा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे को नोटिस जारी कर उनसे 29 अप्रैल तक जवाब मांगा। शिकायत अनुसार भाजपा ने शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के चिरमिरी में धीरेंद्र गिरि शास्त्री के कार्यक्रम के लिए पांडे और राज्य के मंत्रियों की तस्वीरों वाले बैनर और पोस्टर लगाए थे।

## कारोबार/कृषि

### हिंदुजा की शाखा से समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहें : आरकैप

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के ऋणदाताओं ने समाधान योजना की धीमी प्रगति पर चिंता जताई है। उन्होंने हिंदुजा समूह की शाखा इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड से जरूरी नियामक मंजूरियां लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने और 27 मई की समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहने को कहा है। इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में आरकैप के ऋणदाताओं ने कहा कि कंपनी को उक्त तिथि तक उन्हें 9,650 करोड़ का भुगतान करना है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मुंबई ने 27 फरवरी को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए आईआईएचएल को 90 दिनों में यानी 27 मई तक समाधान योजना को लागू करने का निर्देश दिया था।

### हिमाद्री स्पेशलिटी पश्चिम बंगाल में 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष रसायन कंपनी हिमाद्री स्पेशियलिटी 220 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ पश्चिम बंगाल में एक विस्तार परियोजना में अपनी विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता का विस्तार करेगी। कंपनी के अधिकारी ने रविवार को कहा कि यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के बीच यूरोप से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विस्तार की परिकल्पना की गई है। हुगली जिले के सिंगूर में स्थित इस विस्तार का परिचालन अगले 18 महीनों में करने का लक्ष्य है। इसका वित्त पोषण आंतरिक स्रोतों से किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि 70,000 टन प्रति वर्ष की यह अतिरिक्त क्षमता कंपनी की विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता को 1.3 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाएगी, जिससे संचयी क्षमता मौजूदा 1.8 लाख टन से बढ़कर 2.5 लाख टन हो जाएगी। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुराग चौधरी ने कहा कि हम विशिष्ट कार्बन ब्लैक की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद करते हैं, खासकर यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के साथ।

# मौद्रिक नीति से ज्यादा प्रभावित हो सकता है शेयर बाजार

## इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव, लक्ष्य और पथ दोनों कारकों से होता है प्रभावित

**मुंबई, एजेंसी**

भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक की नीति घोषणा के दिन नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में शेयर बाजार मौद्रिक नीति की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे। आरबीआई के अधिकारियों के शोध पत्र के अनुसार मौद्रिक नीति के साथ ही घोषित किए जाने वाले विनियामक और विकास उपाय भी शेयर बाजारों को प्रभावित करते हैं। शोध पत्र में कहा गया कि भविष्य में इक्विटी बाजार नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में मौद्रिक नीति को लेकर बाजार की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे।

इसमें कहा गया कि नीतिगत घोषणा के दिन इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव ''लक्ष्य



और पथ' दोनों कारकों से प्रभावित होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार नीतिगत घोषणाओं को पचा लेते हैं और व्यापारी पूरे दिन अपने पोर्टफोलियो को समायोजित करते हैं। 'इक्विटी बाजार और मौद्रिक नीति के आश्चर्य' शीर्षक वाले इस शोध पत्र को भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के मयंक गुप्ता, अमित पवार, सत्यम कुमार, अभिनंदन बोरड और सुब्रत कुमार सीट ने तैयार किया गया है।

### अमेरिका में ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे।

## एफआईयू ने जारी की पूंजी बाजारों के लिए धन शोधन और आतंकी वित्तपोषण पर चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने पूंजी बाजारों, बीमा कंपनियों, ऑनलाइन भुगतान गेटवे मध्यवर्तियों और क्रिप्टो मुद्रा सेवा प्रदाताओं के लिए ताजा चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी धन शोधन रोधी और आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण व्यवस्था के तहत इनके चैनलों में संदिग्ध लेनदेन की प्रभावी जांच के लिए जारी की गई है। ये नए दिशानिर्देश 2022-23 वित्त वर्ष के दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत जारी किए गए हैं। इन्हें हाल ही में जारी रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया है। ये दिशानिर्देश धन शोधन विरोधी और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने व्यवस्था का हिस्सा है।

वित्तीय संस्थानों और बिचौलियों को संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट को एफआईयू के साथ साझा करना अनिवार्य है। एफआईयू बाद में इनका विश्लेषण करती है और उन्हें विभिन्न जांच तथा खुफिया एजेंसियों के साथ कार्रवाई के लिए साझा किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन पूरक दिशानिर्देशों ने प्रतिभूति बाजार लेनदेन के संबंध में एफआईयू को जानकारी हासिल करने के तरीके में एक रणनीतिक बदलाव किया है। ये चेतावनी संकेतक बाजार अवसंरचना संस्थानों - शेयर बाजार और डिपॉजिटरी - में उभरते जोखिमों का समाधान करेंगे।

# अधिकांश खाद्य तेलों में आई तेजी, दालें महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपये, सोया रिफाइंड 659 रुपये और वनस्पति तेल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293



रुपये और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

वहीं, पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि, नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया।

● पहले के आदेश को किया संशोधित ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा

शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा कि सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो। सेबी ने जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

## एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि, 3 फर्मों ने सेबी को मसौदा पत्र भेजा

**नई दिल्ली।** परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों एएमसी व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको ने मार्च-अप्रैल के दौरान इस थीम पर मसौदा पत्र सेबी को भेजा हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं।

# इस्पात आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत : नरेन्द्रन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टीवी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है।

नरेन्द्रन ने कहा कि यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है। मांग पर एक

● भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंचा

अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस्पात उत्पादक चीन सहित कुछ देशों से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां भी आयात पर अंकुश लगाने और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग कर रही हैं। नरेन्द्रन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एफटीए की समीक्षा करना आसान होगा।

## अडाणी कॉनेक्स आठ वैश्विक बैंकों से जुटा रही 1.44 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** अडाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम के लिए अडाणी कॉनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने बताया कि उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड तीन साल में नए डेटा सेंटर कारोबार पर 1.5 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। एजकॉनेक्स के साथ इसका संयुक्त उद्यम बढ़ती डिजिटल सेवाओं की मांग के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 2030 तक एक गीगावाट की कुल क्षमता वाले नौ डेटा सेंटर बनाने की तैयारी कर रहा है।

